CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 224 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 7 सितम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 2 रुपए+st पृष्ठ : 8+st

# गरीब और बेसहारा लोगों की मदद करें, सनातन धर्म की रक्षा करें : सीएम शर्मा

***हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास की अवधारणा पर कर रही काम, पानी और बिजली के क्षेत्र में कई बड़े फैसले लिए, राइजिंग राजस्थान के 3 लाख करोड़ के एम ओ यू धरातल पर आ गए***

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को जयपुर में श्री परशुराम ज्ञानपीठ सेंटर का लोकार्पण किया। मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश सरकार अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के समग्र विकास को प्राथमिकता दे रही है सबका साथ सबका विकास और सब का प्रयास की अवधारणा पर हमारी सरकार काम कर रही है उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान में हुए 35 लाख करोड़ के समझौते में 3 लाख करोड़ से ज्यादा के समझौते धरातल पर आ गए हैं और इसी माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान आ रहे हैं जिस दिन राजस्थान में मोदी का कार्यक्रम होगा उस दिन तक राइजिंग राजस्थान के और भी समझौते धरातल पर आ जाएंगे उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अपने शासनकाल के पहले ही साल में राइजिंग राजस्थान जैसे कार्यक्रम का आयोजन इसलिए करवाया कि सरकार इस क्षेत्र में काम करना चाहती है पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार की तरह हमारे समझौते कागजी कार्रवाई बनकर नहीं रह जाएंगे बल्कि सभी समझौते धरातल पर आएंगे इसीलिए हमने पहले साल में राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम का आयोजन किया ताकि इन सभी समझौते को धरातल पर लाने के लिए हमें पूरा समय मिले उन्होंने कहा कि पिछली गहलोत सरकार ने अपने शासनकाल के अंतिम शासनकाल में इस तरह का आयोजन करवाया था जिसकी वजह से उनके समझौते धरातल पर आए ही नहीं लेकिन हमारी सरकार ने राइजिंग राजस्थान के आयोजन के कुछ महीनो में ही तीन लाख करोड़ के समझौते धरातल पर ला दिए हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मौके पर मौजूद विशिष्ट जनों से कहा कि पूरी दुनिया के लोग सनातन धर्म को मानने लगे हैं इसलिए हमारी संस्कृति और हमारी विचारधारा को बनाए रखने के लिए सनातन धर्म का संरक्षण और प्रचार प्रसार दोनों कार्यों को गति देना है उन्होंने कहा कि भारत की पहचान ही सनातन धर्म से हैं हमारे ऋषियों मुनियों ने त्याग तपस्या और वैदिक ज्ञान से सनातन धर्म को सींचा है सनातन धर्म आपस में भाईचारा और प्यार बढ़ता है सनातन धर्म बेसहारा और गरीब लोगों की सेवा के लिए प्रेरित करता है इसलिए विप्र फाउंडेशन की ओर से स्थापित किया गया श्री परशुराम ज्ञानपीठ सेंटर उन गरीब बच्चों के लिए काफी मददगार साबित होगा जो टैलेंटेड हैं लेकिन आर्थिक तंगी और कई अन्य पारिवारिक परेशानियों की वजह से अपने हुनर को आगे प्रदर्शित नहीं कर पाते उन टैलेंटेड गरीब और बेसहारा लोगों के लिए इस तरह के सेंटर काफी मददगार साबित होते हैं उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भी गरीब और बेसहारा लोगों के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकास और जनकल्याणकारी योजनाएं बना रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उपस्थित लोगों से कहा कि पंडित दीनदयाल शर्मा कहा करते थे कि हमारा समाज एक इंसान के शरीर की तरह है जिस तरह से हमारी आंख सामने कोई सर्प देखता है तो हमारी आंख नहीं बल्कि हमारे पांव दौड़ लगाते हैं इसी तरह से जब पांव में कोई कांटा चुभ जाता है तो हमारे हाथ तुरंत उस कांटे तक पहुंच जाते हैं ठीक इसी तरह से अगर हमारे समाज में कोई बेसहारा और गरीब है तो उसकी पीड़ा हमें समझनी होगी और उसकी पीड़ा को हमें दूर करना होगा यही सच्ची मानवता है यही सच्ची सेवा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने पानी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी क्योंकि राजस्थान में पानी की कमी की वजह से यहां औद्योगिक माहौल नहीं बन पा रहा था और बहुत से लोग राजस्थान छोड़कर जा भी चुके थे इसलिए हमने पिछले 20 महीना में पानी को लेकर कई बड़े-बड़े फैसले लिए चाहे वह हरियाणा से यमुना जल समझौता हो चाहे वह इंदिरा गांधी गंग नहर से जुड़ा समझौता हो चाहे ईस्टर्न कैनल योजना को धरातल पर लाने का काम हो चाहे उदयपुर में कई बड़े जल प्रोजेक्ट के काम शुरू करने का मामला हो चाहे प्रदेश के नहरी क्षेत्र में नहर की मरम्मत और संरक्षण का कार्य हो, इस तरह के अनेक मामलों में सरकार ने बड़े-बड़े फैसले और बड़े-बड़े काम शुरू किए हैं। जिसकी वजह से आने वाले सालों में पानी की कोई कमी नहीं रहेगी अभी सरकार के अच्छे कामों को देखकर इंद्रदेव ही काफी खुश हैं और पिछली बार भी हमारी सरकार के पहले साल में ही अच्छी बरसात हुई और इस बार भी अच्छी बरसात हुई है उन्होंने कहा कि इसी तरह से बिजली उत्पादन में राजस्थान अब बहुत जल्दी ही पूरे हिंदुस्तान को बिजली की सप्लाई करने की स्थिति में खड़ा हो जाएगा। इसके लिए राजस्थान के किसान अब सौर ऊर्जा के क्षेत्र में काम करने लगे हैं। किसान अब बिजली उत्पादक बन रहा है। आने वाले कुछ ही सालों में हम बिजली में इतने आत्मनिर्भर हो जाएंगे कि हमारी जरूर को पूरा करने के बाद जो बिजली बचेगी उस बिजली को दूसरे राज्यों को बेचकर पैसा वसूल करेंगे। जिसकी वजह से राजस्थान सरकार की इनकम भी बढ़ेगी और किसान की इनकम भी बढ़ेगी इसी तरह से प्रदेश के युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार दिया गया है। 1 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है और हर साल 100000 युवाओं को सरकारी नौकरी देने के वादे पर सरकार प्राथमिकता से काम कर रही है इसके अलावा निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी प्रदेश की युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से भी युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है सरकार की ओर से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें कुटीर और लघु उद्योग खोलने के लिए सरकार की ओर से लोन और सब्सिडी जैसी सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है इस समझ में वन मंत्री संजय शर्मा राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी विधायक गोपाल शर्मा विधायक बालमुकुंद आचार्य पूर्व सांसद रामचरण बोहरा सहित विप्र फाउंडेशन के सुशील ओझा राधेश्याम शर्मा सहित फाउंडेशन के संगठन से जुड़े कई लोग मौजूद थे।

## नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से फोन पर बातचीत की





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जब से टैरिफ को लेकर अमेरिका से भारत के संबंध बिगड़े हैं तब से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के कई मुल्कों के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से किसी न किसी तरीके से बातचीत करके उनके साथ व्यापारिक सामाजिक और आर्थिक समझौता करने की गतिविधियों को युद्ध स्तर पर अंजाम दे रहे हैं इसी क्रम में पिछले कुछ दिनों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के कई मुल्कों के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत तौर पर मुलाकात की कुछ देशों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दौरा भी किया और वहां पर कई तरह के समझौते किए अभी हाल ही में नरेंद्र मोदी जापान गए और फिर चीन में उन्होंने कई देशों के सुप्रीमो के साथ अलग से मुलाकात की चीन में शिखर सम्मेलन में शामिल हुए और सम्मेलन में आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान को कटघरे में खड़ा किया कुल मिलाकर विदेश में भारत के प्रभाव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार बढ़ा रहे हैं शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल माइक्रो से बातचीत की बातचीत के दौरान नरेंद्र मोदी ने रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध विराम को लेकर भी चर्चा की और विश्व में शांति बनी रहे इसके लिए ठोस पहल की आवश्यकता पर भी बल दिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति के बीच काफी देर तक बातचीत हुई दोनों नेताओं ने भारत और फ्रांस के आपस के संबंधों को और मजबूत बनाए रखने की दिशा में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया, दोनों नेताओं ने वैश्विक स्तर पर संबंध मजबूत करने की इच्छा जताई इसलिए शनिवार को दोनों नेताओं के बीच आपस में हुई इस बातचीत को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति की पूरी दुनिया में आलोचना हो रही है ऐसे में फ्रांस के राष्ट्रपति का नरेंद्र मोदी से बात करना कहीं ना कहीं यह दिखा रहा है कि विश्व स्तर पर अमेरिका की चारों तरफ से घेराबंदी हो रही है

## पीएनबी से हुए समझौते से प्रदेश के विकास का एक नया अध्याय शुरूः भजनलाल शर्मा

**जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रदेश के आधारभूत ढांचे के विकास के लिए पंजाब नेशनल बैंक सरकार को देगा वित्तीय सहयोग**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कांस.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार ने शनिवार को एक और बड़ी उपलब्धि उस समय हासिल कर ली जब प्रदेश के वित्त विभाग और पंजाब नेशनल बैंक के बीच एक बड़ा समझौता हुआ है, जिसमें पंजाब नेशनल बैंक राजस्थान में जनकल्याणकारी विकास परियोजनाओं और प्रदेश के आधारभूत ढांचे के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगा, इस महत्वपूर्ण समझौते के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पंजाब नेशनल बैंक एक बड़ा राष्ट्रीयकृत बैंक है ।इसलिए पंजाब नेशनल बैंक से सरकार का समझौता होना एक बड़ा काम है, इस समझौते से प्रदेश के विकास के एक अध्याय की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत पंजाब नेशनल बैंक राजस्थान में जनकल्याणकारी परियोजनाओं और प्रदेश के आधारभूत ढांचे के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। जिसकी वजह से प्रदेश के विकास को गति मिलेगी द्य इस मौके पर पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों ने कहा कि बैंक की ओर से राजस्थान में शिक्षा मेडिकल बिजली सौर ऊर्जा सड़क इत्यादि क्षेत्र में विकास परियोजनाओं के लिए बैंक की ओर से वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी ।उन्होंने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक हर तरह से राजस्थान के विकास में अपनी भागीदारी निभाएगा और जरूरत पड़ने पर पंजाब नेशनल बैंक सरकार को वित्तीय सहायता भी उपलब्ध करवाएगा उल्लेखनीय है कि प्रदेश के भजन लाल सरकार की ओर से इन दिनों कई तरह की विकास परियोजनाओं का निर्माण करवाया जा रहा है जिसमें वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सरकार की ओर से हर तरह से प्रयत्न भी किया जा रहे हैं ।अलग-अलग स्रोत से पैसे जुटाना का प्रयास किया जा रहा है इसी क्रम में पंजाब नेशनल बैंक से भी राजस्थान सरकार ने शनिवार को यह महत्वपूर्ण समझौता किया है, इस समझौते से निश्चित रूप से राजस्थान के विकास को गति मिली ।

## रोडवेज के बेड़े में 162 नई बसें शामिल, भजनलाल शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शनिवार को जयपुर में अमर जवान ज्योति पर राजस्थान रोडवेज की 162 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बसों की पूजा अर्चना की और फिर एक-एक बस को हरी झंडी दिखाकर मौके से रवानाकिया। इन 162 बसों में 160 बस एक्सप्रेस और दो बस सुपर लग्जरी हैं । दोनों सुपर लग्जरी बस जयपुर से कैंची धाम के लिए निर्धारित की गई है इन सुपर लग्जरी बस में पैनिक बटन जीपीएस सिस्टम वाई-फाई आरामदायक सीट और एयर कंडीशनर इत्यादि सभी सुविधाएं मौजूद हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इन बसों के शामिल होने से रोडवेज की परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और यात्रियों का सफर आसान होगा जानकारी के अनुसार राजस्थान रोडवेज ने अभी हाल ही में 288 नई बसें खरीदी हैं, जिनमें दर्जन भर सुपर लक्जरी बसें हैं, इनमें 162 बसों को शनिवार को समारोह पूर्वक मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से हरी झंडी दिखाकर रोडवेज के बेड़े में शामिल कर लिया गया है। इनमें सबसे ज्यादा बसें वैशाली नगर डिपो को मिली है, वैशाली नगर डिपो को इन बसों में 40 बस मिली है तथा जयपुर और दोसा डिपो को 20-20 तथा शाहपुरा और विद्याधर नगर डिपो में प्रत्येक डिपो को 22 बस उपलब्ध करवाई गई है, इसके अलावा अजमेर डिपो को 7 बस उपलब्ध करवाई गई है इसके अलावा एक दो अन्य डिपो को भी नई बसों को उपलब्ध करवाया गया है । शनिवार को अमर जवान ज्योति पर समारोह पूर्वक आयोजित किया इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा, रोडवेज के अध्यक्ष शुभ्रा सिंह, रोडवेज सचिव सूचि त्यागी, रोडवेज के एमडी पुरुषोत्तम शर्मा, जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी सहित पुलिस और प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे ।इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने समारोह स्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का शाल उड़ाकर सम्मान किया ।

## उपराष्ट्रपति चुनावः भाजपा में हलचल तेज, सांसदों का डिनर कार्यक्रम रद्द



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** आगामी 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए होने जा रहे मतदान की प्रक्रिया को लेकर भारतीय जनता पार्टी में हलचल तेज हो गई है, पहले खबर आई थी कि 6 सितंबर की रात भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भाजपा के सभी सांसदों को अपने आवास पर डिनर देंगे डिनर के बहाने पार्टी के सांसदों के साथ बैठक करके उपराष्ट्रपति पद की चुनाव की रणनीति को लेकर भी चर्चा करेंगे तथा 8 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से भी भाजपा सांसदों को डिनर पर बुलाए जाने की जानकारी मिली थी लेकिन पंजाब और अन्य राज्यों में बाढ़ के कारण भाजपा सांसदों के डिनर के कार्यक्रम को फिलहाल रद्द कर दिया गया है शनिवार की रात जेपी नड्डा के दिल्ली आवास पर सांसदों के डिनर कार्यक्रम को भी रद्द किया गया तथा 8 सितंबर को मोदी की ओर से आयोजित किया जा रहे डिनर के कार्यक्रम को भी रद्द किए जाने की जानकारी मिली है ।लेकिन भारतीय जनता पार्टी के सभी सांसदों को दिल्ली में रहने को कहा गया है 7 और 8 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी के सांसदों की कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा इन दो दिनों तक भाजपा सांसदों के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता चुनाव को लेकर चर्चा करेंगे । 2 दिन तक भाजपा सांसदों की आयोजित होने वाली इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गृहमंत्री अमित शाह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी के कई अन्य बड़े नेता सांसदों से विस्तार से चर्चा करेंगे और उपराष्ट्रपति के चुनाव के बाबत आवश्यक दिशा निर्देश भी देंगे उल्लेखनीय है कि एनडीए की ओर से सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया गया है तो इंडिया गठबंधन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज को उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में खड़ा किया गया है हालांकि एनडीए के पास पूर्ण बहुमत है और राधाकृष्णन की जीत करीब करीब पक्की मानी जा रही है लेकिन इंडिया गठबंधन के नेताओं को लग रहा है कि उन्होंने जो कैंडिडेट खड़ा किया है उनके कैंडिडेट को देखकर कहीं ना कहीं एनडीए गठबंधन के सांसद क्रॉस वोटिंग करेंगे जिसका फायदा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को मिलेगा ।

## बिहार के बाद अब पूरे देश में लागू होगा एसआईआर, चुनाव आयोग ने 10 सितंबर को बुलाई अहम बैठक

जयपुर टाइम्स




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने आगामी चुनावी तैयारियों को ध्यान में रखते हुए 10 सितंबर को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। आयोग ने संकेत दिए हैं कि इस बैठक में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) यानी विशेष मतदाता सूची संशोधन से लेकर आचार संहिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने जैसे कई अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार, अब तक यह प्रक्रिया केवल बिहार में लागू की गई थी, लेकिन अब आयोग ने फैसला लिया है कि इसे पूरे देश में लागू किया जाएगा। इस संशोधन प्रक्रिया की पात्रता तिथि 1 जनवरी 2026 तय की गई है। इसका अर्थ है कि जो भी नागरिक इस तारीख को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका होगा, उसका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सकेगा। एसआईआर चुनावी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा की जाती है, जिसमें नए पात्र मतदाताओं को जोड़ा जाता है और मृतक अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए जाते हैं। इससे फर्जी मतदान की संभावना कम होती है और चुनावी प्रक्रिया पर जनता का भरोसा बढ़ता है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने 24 जून 2025 को एसआईआर की घोषणा की थी। शुरुआत में इसे केवल बिहार में लागू किया गया, जहां आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी को देखते हुए मतदाता सूची संशोधन की प्रक्रिया तेज की गई थी। बिहार में इस पहल से सकारात्मक नतीजे सामने आए हैं, जिसके बाद आयोग ने इसे पूरे देश में लागू करने का फैसला किया है।

### *आगामी चुनावों की तैयारी*

*राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि एसआईआर देशव्यापी स्तर पर लागू होने से आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया अधिक सुगम और भरोसेमंद होगी। पात्र मतदाताओं को समय पर सूची में शामिल करने से चुनावी भागीदारी बढ़ेगी और लोकतंत्र मजबूत होगा। चुनाव आयोग का कहना है कि मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकता है। यही कारण है कि सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को बुलाकर न केवल तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं पर विचार किया जाएगा, बल्कि जमीन स्तर पर आने वाली चुनौतियों को भी समझा जाएगा। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का दायरा बिहार से बढ़ाकर पूरे देश में लागू करना चुनाव आयोग की एक बड़ी पहल मानी जा रही है। इससे न केवल चुनावी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित होगी बल्कि आम जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। अब 10 सितंबर की बैठक से यह तय होगा कि आगामी महीनों में मतदाता सूची संशोधन को किस गति और किस तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा।*

### बैठक का एजेंडा

चुनाव आयोग की 10 सितंबर की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा होगी जिसमे मतदाता सूची की समीक्षा और अद्यतन सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई पात्र मतदाता छूटे नहीं और डुप्लीकेट नामों को हटाया जाए। आचार संहिता का पालन चुनावों के दौरान निष्पक्ष माहौल बनाने के लिए राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों पर नजर रखने की रणनीति पर चर्चा होगी। तकनीकी सुधार वोटर लिस्ट मैनेजमेंट और चुनावी प्रक्रिया में डिजिटल उपकरणों और तकनीक के इस्तेमाल को बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। पारदर्शिता और जवाबदेही चुनावी प्रक्रिया को जनता के सामने अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नए उपायों पर विचार होगा।

CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
7 सितम्बर, 2025

## राज्य स्तरीय अंडर 16 (बालक व बालिका) प्रतियोगिता के लिए अलवर टीम चयन हेतु रजिस्ट्रेशन शुरू आज से

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आर.सी.ए. एडहॉक कमेटी के सदस्य व जिला क्रिकेट संघ, अलवर के अध्यक्ष मोहित यादव के निर्देशानुसार राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अलवर टीम चयन हेतु रजिस्ट्रेशन 07 व 08 सितम्बर को समय प्रातः 11.00 बजे से 4.00 बजे तक किया जायेगा। अतः जो खिलाड़ी रजिस्ट्रेशन कराना चाहते हैं वो अपने सभी दस्तावेज़ों के साथ सारिका यादव फार्म हाऊस, जसवन्त नगर टेल्को सर्किल, तिजारा बाईपास अलवर पहुँच कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। सभी खिलाड़ियों को अपने सभी ओरिजिनल दस्तावेजों (आधार कार्ड स्वयं का, आधार कार्ड माता-पिता, डिजिटल जन्म प्रमाण-पत्र, डिजिटल मूल निवास प्रमाण-पत्र, मार्कशीट अंतिम 3 वर्ष) के साथ-साथ एक प्रतिलिपि भी साथ लाना अनिवार्य है। नोटः- इस प्रतियोगिता हेतु केवल वही खिलाडी पंजीकरण करा सकते है जिनका जन्म 01 सितंबर 2009 से 31 अगस्त 2011 के बीच में हुआ हों। अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें। अकबर खां (9460375786) मैनेजर, जिला क्रिकेट संघ, अलवर।

## अनंत चतुर्दशी पर्व पर जैन मंदिर मे हुए कलश अभिषेक



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)** श्री दिगंबर जैन मंदिर नेमिनाथ स्वामी में अनंत चतुर्दशी पर्व धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ रही नेमिनाथ मंदिर के अध्यक्ष ऋषभ जैन ने बताया की इस अवसर पर भगवान नेमिनाथ स्वामी का कलशाभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना की गई अभिषेक के दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया भक्तों ने भगवान नेमिनाथ के दर्शन कर मंगलकामनाएँ कीं इस अवसर पर भक्तों द्वारा शांति धारा, अभिषेक और आरती कर धार्मिक अनुष्ठान पूरे किए गए मंदिर परिसर में भक्ति गीतों और जयकारों की गूंज ने माहौल को और अधिक पावन बना दिया अनंत चतुर्दशी पर भगवान नेमिनाथ स्वामी के दर्शन के लिए दूर-दराज से भी श्रद्धालु पहुंचे और धर्मलाभ अर्जित किया इस अवसर पर जैन समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## चौमूं में कार तोड़फोड़ के आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निसं.)।** जैतपुरा इलाके में एनएच-52 पर एक घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ करने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी, जिसके आधार पर चौमूं थाना पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम जोनु (22) और सागरमल (23) हैं, जो दोनों ही जैतपुरा, चौमूं के रहने वाले हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि यह वारदात पुरानी रंजिश के चलते की गई। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के नशेड़ी प्रवृत्ति के लोगों से संबंध होने की भी आशंका है। फिलहाल दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है ताकि घटना के पीछे की पूरी सच्चाई और अन्य संभावित कारणों का पता लगाया जा सके। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान की। अधिकारियों का कहना है कि आगे की पूछताछ के बाद ही पूरे मामले से पर्दा उठ सकेगा।

## प्रभारी सचिव श्री कृष्ण कुणाल ने देश के पहले राजकीय बालिका सैनिक विद्यालय का किया निरीक्षण

### निर्माण कार्य अविलंब तथा पूर्ण गुणवत्ता से पूरा करने के दिए निर्देश

**बीकानेर** शिक्षा सचिव तथा जिला प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने शनिवार को जयमलसर में देश के पहले राजकीय बालिका सैनिक कन्या विद्यालय पूज्या रामी देवी रामनारायण राठी बालिका सैनिक विद्यालय का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश की बच्चियों के लिए भी यह बेहद लाभदायक साबित होगा। प्रभारी सचिव ने समूचे विद्यालय परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने यहां सौ बच्चियों की क्षमता के छात्रावास का निर्माण शीघ्र करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि पूरे भवन में आवश्यक मरम्मत कार्य अति शीघ्र पूर्ण किए जाएं। उन्होंने यहां प्रिंसिपल और वार्डन के आवास बनाने के निर्देश दिए तथा कहा कि अलग-अलग खेलों के लिए पांच मैदान निर्माण तथा एथलेटिक्स कोर्ट का कार्य भी प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए, जिससे जल्दी इस विद्यालय की शुरुआत की जा सके। प्रभारी सचिव ने कहा कि बालिका सैनिक स्कूल बनने से प्रदेश की बालिकाओं में भी देश की सेवा करने का जज्बा पैदा होगा। उन्होंने यहां होने वाली गतिविधियों की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रगतिरत कार्यों का अवलोकन किया तथा कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।प्रभारी सचिव ने कहा कि बालिका सैनिक विद्यालय में सभी सुविधाएं राष्ट्रीय मानकों के आधार पर उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे बच्चियों को बेहतर वातावरण मिले। इसके लिए उच्च स्तर पर नियमित समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की प्राथमिकताओं में है तथा इनमें किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी कृष्ण दान चारण शिक्षा निदेशालय के संयुक्त निदेशक रमेश हर्ष एडीपीसी कृष्ण कुमार सहित अन्य अधिकारी तथा भामाशाह परिवार के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जिला प्रभारी सचिव ने किया राजकीय सेटेलाईट अस्पताल खैरथल का निरीक्षण, दिए सुधार के निर्देश

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला प्रभारी सचिव एवं आयुक्त चिकित्सा शिक्षा राजस्थान इकबाल खान ने शनिवार को राजकीय सेटेलाईट अस्पताल खैरथल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रभारी सचिव ने अस्पताल बेड कैपेसिटी, अस्पताल में की गई जांचो की संख्या, उपलब्ध दवाइयां, स्टोरेज हाउस आदि की जानकारी प्राप्त कि। पीएमओ नितिन शर्मा ने बताया कि अस्पताल में वर्तमान में 50 बेड की सुविधा उपलब्ध है। शनिवार को अस्पताल में 550 ओपीडी मरीजों को देखा गया, वहीं मरीजों को आईपीडी में भर्ती कर आवश्यकता अनुसार उपचार दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना के तहत सभी 52 प्रकार की जांचें निःशुल्क की जा रही हैं, जबकि मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा वितरण योजना के अंतर्गत 952 प्रकार की दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अस्पताल में दवाइयों का तीन महीने का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। जानकारी में बताया गया कि अस्पताल में प्रतिमाह 40 मरीजों का डायलिसिस किया जाता है, किंतु विगत 10 दिनों से मशीन खराब होने के कारण डायलिसिस सेवा बाधित है, जिस पर जिला प्रभारी सचिव ने पीएमओ को आवश्यक कार्रवाई करते हुए मशीन को सुचारू रूप से चालू करने के निर्देश दिए। उन्होंने लैब में की जा रही जांचों की जानकारी प्राप्त कि जिस पर पीएमओ ने बताया कि प्रयोगशाला में प्रतिदिन 1500 जांचें की जा रही हैं, वहीं प्रतिमाह औसतन 25 एक्स-रे किए जा रहे हैं। उन्होंने अस्पताल में उपस्थित मरीजों से वार्ता कर हॉस्पिटल की व्यवस्थाओं एवं डॉक्टर के बारे में फीडबैक लिया। इसके साथ-साथ उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनको दी जाने वाली सुविधा का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में काम कर रहे कार्मिकों से उनके कार्य की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा साफ-सफाई का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीज एवं उनके परिजनों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें। उन्होंने भर्ती मरीजों को भी प्रावधान के अनुरूप सभी सुविधा उपलब्ध करवाने को कहा। उन्होंने सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं से मरीजों को लाभ पहुंचाने का निर्देश भी दिया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव खान ने अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही, कमरों की खराब स्थिति को देखते हुए उनकी मरम्मत एवं पेंटिंग करवाने तथा खराब मशीनों को शीघ्र दुरुस्त कर सेवाएं पुनः आरंभ करने के निर्देश दिए।

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक ने किया सामान्य चिकित्सालय का निरीक्षण

### चिकित्सालय में सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. यदुराज सिंह ने सामान्य चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संयुक्त निदेशक डॉ. सिंह ने चिकित्सालय में एचआईसीयू, महिला सर्जिकल वार्ड, पुरूष सर्जिकल वार्ड, मेडिकल आईसीयू, ब्लड बैंक, ऑक्सीजन प्लांट आदि का निरीक्षण कर चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सालय में दवा, उपकरण आदि की पर्याप्त उपलब्धता के साथ सुनिश्चित करें कि सभी व्यवस्थाए पुख्ता रहे। उन्होंने जांच सुविधा, एम्बुलेंस व्यवस्था, वेंटिलेटर की क्रियाशीलता का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्षा जनित मौसमी बीमारियों के अंतर्गत चिकित्सालय में व्यवस्थाओं को सुदृढ करने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके उपरान्त उन्होंने इंटीगेटेड हैल्थ इंफॉर्मेशन प्लेटफार्म (आईएचआईपी) की मॉकड्रील को भी देखा। इस दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान सहित संबंधित चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ उपशाखा राजगढ़-रैणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

जयपुर टाइम्स







**राजगढ़(निसं.)।** शनिवार को कस्बे के गोठ की चौकी स्थित जी.एस. पब्लिक स्कूल में श्रमजीवी पत्रकार संघ उपशाखा राजगढ़-रैणी की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगेलाल मीना रहे, जिन्होंने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। अध्यक्षता रैणी प्रधान मीरा मांगेलाल मीना ने की। समारोह में अतिथियों के रूप में आदिवासी मीना समाज के प्रदेशाध्यक्ष अमरचंद मीना फौजी, श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष चंदशेखर शर्मा, लायंस क्लब के प्रांतीय सलाहकार डॉ. खेमसिंह आर्य, एन.एल. वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। विधायक मीना ने पत्रकारों से निष्पक्ष होकर कर्तव्यपथ पर कार्य करने का आह्वान किया तथा संगठन को जमीन आवंटन में सहयोग का आश्वासन दिया। अतिथियों ने पत्रकार सुरक्षा कानून व पत्रकारों पर हो रहे अत्याचार जैसे मुद्दों पर विचार रखे। जिलाध्यक्ष शर्मा ने एकजुटता और सहयोग का संदेश दिया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित कार्यकारिणी पदाधिकारियों - अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष नागपाल शर्मा, राजेंद्र मीना, महासचिव रतन तिवाड़ी सहित अन्य पदाधिकारियों ने शपथ ली। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया और सभी नवनियुक्त सदस्यों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## जिले के जनप्रतिनिधिगण व प्रशासनिक अधिकारियों ने किया अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



### अतिवृष्टि से हुए फसल खराबे की गिरदावरी कराकर राज्य सरकार को भिजवाने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिले के जनप्रतिनिधिगणों ने प्रशासनिक एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ दौरा कर अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में किसानों से फसल खराबे का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कठूमर विधायक रमेश खींची ने ग्राम पंचायत समोची, दांतिया, रामपुरा पाटन, खेडा कल्याणपुर, खेडामैदा, खौखर, रोनीजाथान, जहाडू, भनोखर, नागलरूपा, सहाडी, बहतुकलां व बसेठ क्षेत्र दौरा किया। इसी प्रकार रामगढ विधायक सुखवन्त सिंह ने तालडा मुंडपुरी सेदमपुर रोड के आस पास, मिलकपुर, अलावडा रोड, ललावंडी नौगांवा के ग्राम मुबारिकपुर के आस पास के गांवो का दौरा किया। उन्होंने किसानों की अतिवृष्टि के कारण खराब हुई फसल का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि अतिवृष्टि के कारण हुए फसल खराबे की गिरदावरी कराकर नियमानुसार मुआवजे हेतु राज्य सरकार को भिजवाएं। साथ ही निर्देश दिये कि अतिवृष्टि के दौरान मकान व पशु हानि के प्रस्ताव तैयार करें। कठूमर उपखंड अधिकारी श्याम सुंदर चेतीवाल, रामगढ़ उपखण्ड अधिकारी अमित मीणा, तहसीलदार अंकित गुप्ता, नौगांवा तहसीलदार मांगी लाल मीणा, गोविन्दगढ़ तहसीलदार आर.के यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने नारायणी माता के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

### श्री सेन जी महाराज के वार्षिक पद-यात्रा महोत्सव में शिरकत कर समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने शनिवार को टहला तहसील के ग्राम बलदेवगढ स्थित अखिल भारतीय नारायणी धाम में अखिल भारतीय श्री नारायणी धाम प्रबंध एवं विकास महासभा समिति ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्री सेन जी महाराज के वार्षिक पद-यात्रा महोत्सव 2025 में शिरकत कर समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने नारायणी माता धाम में जगत जननी नारायणी माता के सपरिवार दर्शन कर पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की मंगलकामना की। उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर समाज के हर वर्ग के उत्थान और संतजन की प्रेरणाओं पर चलकर 'निरामय और समृद्ध राजस्थान' के निर्माण हेतु संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को मूर्त रूप प्रदान करने में हमारी युवा पीढी की महती भूमिका है। उन्होंने कहा कि नारायणी माता धाम में देश के विभिन्न स्थानों से बडी संख्या में श्रृद्धालु आते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक स्थल मनुष्य में सकारात्मकता की भावना पैदा करते हैं। उन्होंने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि सामाजिक बदलाव लाने में शिक्षित बेटियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है तथा कोई भी समाज बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित कर ही सही मायने में उन्नति कर सकता है। वर्तमान समय में बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ रही है तथा बेटियों को बेटों के समान अवसर प्रदान कर उनके सपनों को साकार करने में सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर अखिल भारतीय नारायणी धाम के अध्यक्ष विनोद खरेल, दुर्गादास करेड़ा, हरिराम, कन्हैयालाल सैन सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं आमजन मौजूद रहे।

## खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज एलुमनी एसोसिएशन का क्रेक्स 2025, 13 सितंबर को आरआईसी में होगा भव्य आयोजन




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज जयपुर एलुमनी एसोसिएशन द्वारा शनिवार, 13 सितंबर 2025 को क्रेक्स (कपकजा रीयूनियन एवं एक्सपो) 2025 का आयोजन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी), झालाना डूंगरी में किया जाएगा। एसोसिएशन अध्यक्ष जी.पी. शर्मा ने प्रेस वार्ता में बताया कि पहली बार रीयूनियन के साथ बिज़नेस एक्सपो भी आयोजित होगा, जिसमें उद्यमी एलुमनी अपनी कंपनियों के उत्पाद व सेवाएं प्रदर्शित करेंगे। इस एक दिवसीय एक्सपो में देश की कई नामी कंपनियां भी भाग लेंगी। आयोजन के मुख्य स्पॉन्सर्स में जेनेसिस डिज़ाइन स्टूडियो, डैकिन एयर कंडीशनर, फेनेस्टा डोर्स एंड विंडोज, अपार इंडस्ट्रीज लिमिटेड, विजन फॉर कम्फर्ट और नोविटेट मॉड्यूलर फर्नीचर शामिल हैं। कार्यक्रम संयोजक एन.राम ने बताया कि रीयूनियन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ तीन प्रकार की स्टॉल कैटेगरी रखी गई हैं। रीयूनियन के दौरान कपकजा स्मारिका व डायरेक्टरी का विमोचन तथा यूट्यूब कार्यक्रम खास मुलाकात - खेतान पॉलिटेक्निक एलुमनी के साथ का पहला एपिसोड लॉन्च किया जाएगा। कार्यक्रम के पोस्टर का अनावरण भी किया गया। मीडिया प्रभारी अजय शर्मा ने सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया, जबकि उपाध्यक्ष प्रयागराज विजयवर्गीय ने सभी से इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

## अलवर जिला प्रभारी सचिव ने आपदा प्रबंधन व योजनाओं की समीक्षा बैठक ली

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** जिला प्रभारी सचिव एवं ऊर्जा विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने शनिवार को मिनी सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आपदा प्रबंधन, अतिवृष्टि से हुए नुकसान, विभागीय कार्यों और आगामी अभियानों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अलर्ट मोड पर रहें और अतिवृष्टि से हुए नुकसान का आकलन कर शीघ्र मुआवजे हेतु प्रस्ताव भिजवाएं। सिलीसेढ़ झील से जयसमंद बांध तक जलभराव से प्रभावित किसानों की फसल हानि का आकलन कर त्वरित राहत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खरीफ फसलों की गिरदावरी समयबद्ध पूरी कर बीमा दावों और मुआवजे की प्रक्रिया को तेज करने को कहा। शर्मा ने चिकित्सा विभाग को वर्षा जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु दवाओं व सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था रखने, वहीं पशुपालन विभाग को पशु-टीकाकरण व रोग नियंत्रण में सतर्क रहने के निर्देश दिए। बिजली विभाग को शहरी क्षेत्रों के ट्रांसफॉर्मरों की फेंसिंग और त्वरित रिस्पॉन्स सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने शहर चलो अभियान (15 सितंबर-2 अक्टूबर), गांव चलो अभियान (18 सितंबर से) और सहकारिता सदस्यता अभियान (2-15 अक्टूबर) की तैयारियों पर विशेष जोर दिया। साथ ही पीएम कुसुम, पीएम सूर्य घर, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और पंच गौरव जैसी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुधांशु पंत के करिश्माई नेतृत्व से ब्यूरोक्रेसी में क्रांतिकारी बदलाव

## राइजिंग राजस्थान के प्रत्येक एम. ओ. यू. का सफल क्रियान्वयन

## विकसित राजस्थान के लक्ष्य को हासिल करना तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सर्वोच्च प्राथमिकता

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(रामेश्वर लाल जाट)।** प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ ही प्रदेश के ब्यूरोक्रेसी के चेहरे पर भी गजब की चमक आ गई है जो अधिकारी और कर्मचारी पहले थे वे ही अधिकारी और कर्मचारी अब हैं, लेकिन लोगों का कहना है कि पहले की तुलना में सरकारी डिपार्मेंटों के छोटे-बड़े अधिकारी और कर्मचारी अब अपनी ड्यूटी और दायित्व को निभाने में ज्यादा गंभीर और सजग दिख रहे हैं, चाहे ऑफिस में निर्धारित समय पर आने जाने की बात हो या फिर अनुशासित तरीके से ड्यूटी समय में नौकरी करने का विषय हो इन मामलों में सरकारी विभागों में कार्यरत सभी छोटे-बड़े अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली और व्यवहार में पहले की तुलना में ज्यादा पारदर्शिता, ईमानदारी और पंक्चुअलिटी की झलक ज्यादा देखने को मिल रही है, दूसरे शब्दों में यह कह सकते हैं कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ ही प्रदेश के ब्यूरोक्रेसी में जो क्रांतिकारी बदलाव का सिलसिला शुरू हुआ जिसका पूरा श्रेय प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी के कप्तान सुधांशु पंत को दिया जा सकता है क्योंकि मुख्य सचिव की कुर्सी पर बैठने के पहले दिन से ही सुधांशु पंत ने मन में यह संकल्प ले लिया था कि जिस उम्मीद और भरोसे से उन्हें ब्यूरोक्रेसी के सबसे बड़े पद पर जिन्होंने बिठाया है उनके भरोसे और विश्वास पर खर्रा उतर कर दिखाना और प्रदेश सरकार और प्रदेश की जनता का दिल जीतना इस कार्य में अब तक पंत ने खुद को साबित करके दिखाया भी है, चाहे केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का विषय हो या फिर राइजिंग राजस्थान के प्रत्येक समझौते को फाइलों से निकाल कर जमीन पर उतरने की बात हो या फिर बजट घोषणाओं और भाजपा के संकल्प पत्र के वादों को पूरा करने की बात हो या फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने की बात हो या फिर राजस्थान सरकार की ओर से शुरू किए गए, बड़े-बड़े प्रोजेक्ट के समय पर पूर्ण होने की बात हो इन सबको ब्यूरोक्रेसी का कप्तान होने के नाते सुधांशु पंत ने चुनौती के तौर पर लिया हुआ है, इन चुनौतियों को लेकर सुधांशु खुद तो अलर्ट है ही उन्होंने प्रदेश की पूरी ब्यूरोक्रेसी को अलर्ट मोड पर लाकर खड़ा कर दिया है, इसके लिए उन्होंने खुद अधिकारियों कर्मचारियों में काम के प्रति जुनून पैदा करने के लिए मोर्चा संभाला, अचानक उन्होंने कई विभागों का निरीक्षण किया, लापरवाह और समय पर कार्यालय में नहीं आने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की, सभी विभागों के दैनिक कार्यों की नियमित रूप से अपडेट लेते रहे तथा अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी देते रहे ,इन सब की वजह से प्रदेश के प्रशासनिक ढांचे में मजबूत सुधार हुआ है, प्रशासनिक विभागों में एक अच्छा माहौल देखने को मिला है जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों की बॉडी लैंग्वेज से लेकर उनकी वर्किंग स्टाइल में भी गतिशीलता आई है, हर विभाग में छोटे-बड़े अधिकारियों कर्मचारियों की जवाब देही सुनिश्चित किए जाने से लोगों के काम भी समय पर होने लगे हैं, लोगों को अब पहले की तरह ज्यादा शिकायत भी नहीं है इसलिए यह तो मानना ही पड़ेगा कि अगर किसी टीम का कैप्टन सर्वगुण संपन्न हो तो वह अपनी कमजोर टीम से भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवा लेता है, लेकिन अगर किसी कैप्टन में ही कई तरह की खामियां हो तो फिर चाहे उसकी टीम कितनी ही अच्छी क्यों ना हो उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहता इसलिए राजस्थान की ब्यूरोक्रेसी में आज जो क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहा है, उसमें कहीं ना कहीं मुख्य सचिव सुधांशु पंत की कठिन मेहनत और उनके प्रयासों का ही परिणाम है ।



### राजस्थान और केंद्र सरकार दोनों जगह कई बड़े बिल का ड्राफ्ट तैयार करने में बड़ी भूमिका निभाई

प्रदेश के मुख्य सचिव सुधांशु 1991 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं, अपनी इस लंबी सरकारी सर्विस के दौरान इन्होंने राजस्थान में नौकरी में लंबा समय बिताया है कई जिलों के कलेक्टर रहने के अलावा प्रदेश के सभी बड़े विभागों में पड़े पदों पर रहे ,इसलिए चाहे प्रदेश में किसी सरकार की ओर से बजट की रूपरेखा तैयार करने का मामला हो या फिर राजस्थान विधानसभा में कोई बिल प्रस्तुत करने का मामला हो, इस तरह के मामलों में चाहे प्रदेश में किसी भी पार्टी की सरकार रही हो सभी सरकारों ने सुधांशु पंत से सलाह लेती रही, प्रदेश में बजट चाहे किसी भी अधिकारी के सानिध्य में तैयार किया जाता रहा हो लेकिन हर बजट में सुधांशु पंत की सलाह को प्रमुखता से लिया जाता रहा, कई बड़े बिलों का ड्राफ्ट तैयार करने में सुधांशु पंत की बड़ी भूमिका रही केंद्र सरकार में भी स्वास्थ्य विभाग में सचिव पद पर रहने के दौरान कई महत्वपूर्ण बिलों का ड्राफ्ट सुधांशु पंत ने ही तैयार किया, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का बिल का ड्राफ्ट इन्होंने ही तैयार किया था बाद में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद के रूप में स्थापित हो गया, वर्तमान में भी राजस्थान सरकार की ओर से राजस्थान विधानसभा में जो बिल प्रस्तुत किए जा रहे हैं उनकी भूमिका तैयार करने में सुधांशु पंत की ही प्रमुख भूमिका है, क्योंकि सुधांशु पंत के बारे में कहा जाता है कि इन्हें जनता से जुड़े विषयों और जनता से जुड़ी समस्याओं की बहुत ही बारीकी से जानकारी है, शहरों और गांव दोनों जगह की समस्या को भी बहुत अच्छी तरह से समझते हैं इसके अलावा राजस्थान के आर्थिक, सामाजिक, भौगोलिक, क्षेत्रवाद, जातिवाद हर विषय की बारीकी से जानकारी है इसलिए चाहे बजट तैयार करने की बात हो या फिर जनता को राहत देने के लिए किसी बिल का ड्राफ्ट तैयार करने की बात हो हर सरकारों ने सुधांशु पंत की सलाह को हमेशा तवज्जो दी ।

### भाजपा के संकल्प पत्र और बजट के वादों को पूरा करवाने में सुधांशु पंत की अहम भूमिका

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सरकार के सभी मंत्री खुलकर दावा करते हैं कि सरकार ने अपनी बजट की घोषणाओं और भाजपा के संकल्प पत्र के अधिकांश पदों को पूरा कर लिया है, मुख्यमंत्री और मंत्रियों कि इस बात को गलत भी नहीं बताया जा सकता निश्चित रूप से भाजपा के संकल्प पत्र के अधिकांश वादे भजनलाल सरकार ने पूरे कर दिए हैं और बजट की घोषणाओं का क्रियान्वयन भी बहुत तेजी से हो रहा है, लेकिन इतनी तेज रफ्तार से यह जो काम हो रहा है इसके पीछे मुख्य सचिव सुधांशु की तीसरी आंख है, अपनी इस तीसरी आंख से मुख्य सचिव सभी सरकारी विभाग के कामकाज का नियमित रूप से अपडेट लेते रहते हैं, सभी सरकारी विभाग के उच्च अधिकारी से बजट की घोषणाओं और संकल्प पत्र के वादों के क्रियान्वयन का भी फीडबैक लेते रहते हैं और अगर फीडबैक में उन्हें कोई कमी या लापरवाही किसी भी विभाग में नजर आती है तो फटकार लगाने में भी पीछे नहीं रहते, यही वजह रही की एक तरफ संकल्प पत्र और बजट घोषणा के वादों को पूरा करने में संबंधित विभाग शुरू से ही अलर्ट मोड पर रहा तो दूसरी तरफ मुख्य सचिव सुधांशु पंत ने सभी सरकारी विभागों के साथ नियमित रूप से अपना संपर्क बनाकर रखा है। कभी विभाग बार अधिकारियों से बैठक करते हैं, तो कभी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी अधिकारियों से बातचीत करके उनसे विभाग के कामकाज को लेकर सवाल जवाब तो करते ही हैं ,इसके अलावा विभाग के कामकाज का आकलन भी करते हैं और उन्हें अपनी ओर से टिप्स और दिशा निर्देश भी देते रहते हैं, उसी का नतीजा है कि अभी भजनलाल सरकार के कार्यकाल के 2 साल भी पूरे नहीं हुई लेकिन संकल्प पत्र के अधिकांश वादों को सरकार ने पूरा कर दिया यह अपने आप में बड़ी बात है इसके लिए मुख्य सचिव को पूरा श्रेय दिया जा सकता है ।

### सरकारी फाइलों के निस्तारण को लेकर शुरू से ही काफी गंभीर रहे हैं मुख्य सचिव

*प्रदेश के मुख्य सचिव सुधांशु वर्किंग स्टाइल काफी गजब की है ,अपनी लंबी सरकारी सर्विस के दौरान जिस भी विभाग में रहे उस विभाग में अपनी टेबल पर आने वाली प्रत्येक फाइल के निस्तारण को लेकर हमेशा गंभीर रहे और जितनी जल्दी हो उतनी जल्दी फाइल को निपटा कर आगे फॉरवर्ड करने में विश्वास रखते थे, अगर किसी फाइल में कोई कानूनी अड़चन आ रही हो तो उसका रास्ता निकालने के लिए भी गंभीरता से प्रयास करते, चाहे कोई फाइल छोटे विषय से संबंधित हो या फिर कोई फाइल महत्वपूर्ण विषय से संबंधित हो हर फाइल को हमेशा गंभीरता से लेते और निश्चित समय में ही फाइल का निस्तारण करके ही मानते इसके लिए उन्होंने अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को भी साफ निर्देशित किया हुआ था कि उनके दफ्तर में कोई भी फाइल पेंडिंग नहीं रहनी चाहिए और अब मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी हाथ में लेने के बाद भी उनका वर्किंग स्टाइल वैसा ही है, अब भी रोजाना बड़ी संख्या में फाइलों का निस्तारण करके आगे फॉरवर्ड करते रहते हैं, किसी भी फाइल को अपनी टेबल पर अधूरी छोड़ने में विश्वास नहीं रखते जब तक फाइल का निस्तारण नहीं हो जाता तब तक वे उस फाइल के पन्नों को टटोलत ही रहते हैं, सुधांशु पंत ने सभी सरकारी विभागों के बड़े अधिकारियों को भी यह साफ निर्देशित किया हुआ है कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारी को इस बात के लिए प्रेरित करें कि किसी भी फाइल को बेवजह अलमारी में ना रखें अगर फाइल की निस्तारण में कोई समस्या आ रही है तो उसके बारे में अपने बड़े अधिकारी से चर्चा करें लेकिन फाइल का निस्तारण करके उसे हर हाल में आगे फॉरवर्ड करें।*



### जयपुर में सबसे अधिक समय तक महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहे मुख्य सचिव सुधांशु

मुख्य सचिव सुधांशु जयपुर में सबसे लंबे समय तक अलग-अलग पदों पर कार्यरत रहे, भारतीय प्रशासनिक सेवा के शुरू के काल में सुधांशु जयपुर में एसडीएम पद पर रहे, बाद में जयपुर के कलेक्टर पद पर भी रहे इसके अलावा जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त पद पर रहे, जयपुर कलेक्टर और जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त पद पर सुधांशु पंत लंबे समय तक कार्यरत रहे, फिर शासन सचिवालय में कई विभागों में बड़े पदों पर रहे, खान और पेट्रोलियम विभाग, जलदाय विभाग, वन विभाग, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष, एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के कमिश्नर पद पर नियुक्त रहे कुल मिलाकर जयपुर में इन्होंने सबसे अधिक समय तक नौकरी की हालांकि जयपुर के अलावा जैसलमेर, भीलवाड़ा, झुंझुनू जिलों के कलेक्टर पद पर भी रहे, केंद्र में बंदरगाह और जहाजरानी जलमार्ग विभाग के सेक्रेटरी रहे तथा स्वास्थ्य विभाग के सेक्रेटरी रहे इस तरह से अब तक की सरकारी नौकरी में बड़े-बड़े महत्वपूर्ण विभागों में बड़े पदों पर नियुक्त रहने के दौरान इन्होंने हर जगह श्रेष्ठ प्रदर्शन करके केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार का दिल जीत, कांग्रेस और भाजपा के अलावा अन्य राजनीतिक दल के बड़े नेता भी उनकी कार्यशैली, वर्किंग स्टाइल और ईमानदारी से काफी प्रभावित हैं।

### अपनी लंबी सरकारी नौकरी में कभी भी राजनैतिक दबाव में नहीं आए मुख्य सचिव सुधांशु

*जानकार लोगों का कहना है की मुख्य सचिव सुधांशु कभी भी किसी भी राजनैतिक दबाव में नहीं आते, अपनी लंबी सरकारी नौकरी के दौरान एक भी अवसर ऐसा नहीं आया जब उन्होंने कभी किसी राजनेता या किसी बड़े व्यक्ति के दबाव में आकर नियम और कानून के खिलाफ काम किया हो, जानकार लोगों का कहना है कि अव्वल तो कोई राजनेता उन्हें अपने किसी काम के लिए फोन करता ही नहीं है क्योंकि वह यह जानता है कि यह अधिकारी अपने दबाव में नहीं आएगा और अगर भूले भटके इन्हें अपने काम के लिए कोई दबाव डालें तो किसी के दबाव में भी नहीं आते हमेशा ईमानदारी से और बिना किसी राजैतिक दबाव में आए इन्होंने अब तक नौकरी की है और अब मुख्य सचिव की भूमिका में भी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम कर रहे हैं यही वजह रही कि प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भी काफी पसंद के अधिकारी रहे तो पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की भी काफी पसंद के अधिकारी रहे और अब भजन लाल शर्मा की काफी पसंद की अधिकारी माने जा रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निगाहों में तो बहुत पहले से ही कर्मठ और ईमानदार शरीर के रूप में छाए हुए थे ही तभी तो इन्हें राजस्थान में मुख्य सचिव की कुर्सी पर बिठाया गया ।*



### प्रदेश के सभी छोटे-बड़े अधिकारियों की वर्किंग पॉवर और उनके व्यवहार से अच्छी तरह से वाकिफ है सुधांशु

मुख्य सचिव सुधांशु की गिनती ईमानदार और कर्मठ अधिकारियों में होती है,सरकारी नौकरी में लंबा समय राजस्थान में बिताया है इसलिए इन्हें राजस्थान कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों और राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की वर्किंग पॉवर, कार्यशैली और उनके व्यवहार की बारीकी से जानकारी है, सुधांशु यह जानते हैं कि कौन सा अधिकारी किस विभाग के लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त साबित होगा, उन्हें एक-एक अधिकारी की योग्यता और अनुभव का अच्छी तरह से आभास है इसलिए जब प्रदेश में बड़े अधिकारियों के तबादला करने की बात आती है तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तबादलों के बारे में भी कहीं ना कहीं मुख्य सचिव से बात जरूर करते हैं ,इस तरह की चर्चाएं हैं जानकार लोगों का कहना है कि मुख्य सचिव सुधांशु यह जानते हैं कि उनसे जयपुर को ही नहीं बल्कि दिल्ली को भी काफी उम्मीद है वह यह भी जानते हैं कि उनसे वरिष्ठ आधा दर्जन सीनियर अधिकारियों को लांघकर उन्हें इस पद पर बिठाया गया इसलिए उनके दिल में हमेशा यही रहता है कि उनका कार्यकाल मुख्य सचिव के रूप में राजस्थान में अब तक सर्वश्रेष्ठ रहे इसलिए वे अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे शासन सचिवालय स्थित अपने दफ्तर में तो बैठकर सरकारी कामकाज निपटाते हैं ही इसके अलावा अपने सरकारी आवास पर भी देर रात तक फाइलों का निस्तारण करते रहते हैं जिस तरह से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सुबह से लेकर देर रात तक सरकारी कार्यक्रमों और सरकारी कामकाज में खुद को व्यस्त रखते हैं ठीक उसी तरह से मुख्य सचिव सुधांशु दिन रात कड़ी मेहनत करके प्रदेश भजनलाल सरकार के कामकाज को गति देने में की जान से जुटे हुए हैं ।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मुख्य सचिव सुधांशु में है कई समानताएं

जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मुख्य सचिव सुधांशु में कई समानताएं हैं और इन समानताओं की वजह से ही दोनों के बीच बहुत अच्छा वर्किंग तालमेल बना हुआ है, जिसका फायदा राजस्थान की जनता को तो मिल ही रहा है इसके अलावा राजस्थान का विकास भी तेज गति से संपादित हो रहा है। जानकारी लोगों का कहना है कि भजन लाल शर्मा और सुधांशु दोनों ही साफ सुथरी और ईमानदार छवि के शख्सियत है ,दोनों ही 24 घंटे में 18 से 20 घंटे सरकारी कामकाज में खुद को व्यस्त रखते हैं, दोनों ही ईमानदार हैं और दोनों ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफी भरोसेमंद और विश्वास पात्र बने हुए हैं, दोनों ही यह अच्छी तरह से जानते हैं कि दिल्ली में बैठे केंद्र सरकार से जुड़े बड़े नेता उनसे काफी उम्मीद करते हैं, दोनों ही ग्रामीण और शहरी इलाकों की समस्याओं को ही नहीं जानते बल्कि ग्रामीण और शहरी लोगों की जीवन शैली और समस्याओं को भी अच्छी तरह से समझते हैं और दोनों ही यह भली भांति जानते हैं कि राजस्थान में विकास की अपार संभावनाएं हैं, इसलिए पानी, बिजली,सड़क, शिक्षा चिकित्सा जैसे बुनियादी विषयों पर ज्यादा काम करना होगा ,यही वजह है कि भजनलाल सरकार के अब तक के कार्यकाल में पानी और बिजली के क्षेत्र में शानदार काम हुआ है पानी के क्षेत्र में कई बड़े समझौते हुए जिसकी वजह से पानी के क्षेत्र में कई बड़े प्रोजेक्ट के काम जारी हैं और इन प्रोजेक्ट के पूरे होने के बाद प्रदेश में पानी की कोई कमी नहीं रहेगी इसी तरह से ऊर्जा के क्षेत्र में भी राजस्थान सरकार ने काफी अच्छा काम किया है, राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के जो समझौते हुए थे उन में प्रत्येक समझौते को धरातल पर लाने के लिए मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव दोनों गंभीरता से कार्य कर रही है जिसके अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं

### छापामार मुख्य सचिव माने जाने लगे हैं सुधांशु

जब से सुधांशु पंत ने मुख्य सचिव की जिम्मेवारी संभाली है तब से लेकर अब तक इन्होंने कई बार अलग-अलग सरकारी विभागों के दफ्तरों में अधिकारियों और कर्मचारियों के आने-जाने के समय की जांच पड़ताल की दफ्तरों में फाइलों के निस्तारण की प्रक्रिया को बारीकी से देखा हाजरी रजिस्टर का अवलोकन किया और दफ्तर में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से सवाल जवाब किया इसलिए अब प्रदेश के सभी छोटे-बड़े सरकारी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के दिल और दिमाग में यही डर बना रहता है कि न जाने कब मुख्य सचिव यहां पर जांच पड़ताल के लिए आ जाएं इसलिए सरकारी दफ्तर में कहीं ना कहीं अधिकारियों और कर्मचारी के समय पर आने जाने की प्रक्रिया काफी हद तक सुधरी है, ऐसा पहली बार देखने को मिला है जब कोई मुख्य सचिव निरंतर सरकारी विभागों में अचानक जांच पड़ताल के लिए पहुंच जाता हो पहले इस तरह के बहुत कम मामले होते थे, मुश्किल से कोई मुख्य सचिव अपनी नियुक्ति के कार्यकाल में एक या दो दफ्तर में जाकर मोटे रूप से अधिकारी और कर्मचारियों से पूछताछ कर लिया करता था लेकिन सुधांशु ने अब तक कई विभागों में खुद जाकर जांच पड़ताल की है, जयपुर नगर निगम ग्रेटर और जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर नगर निगम हेरिटेज जैसे अनेक विभागों में इन्होंने मौके पर जाकर कामकाज की प्रक्रिया को बारीकी से देखा, जयपुर नगर निगम ग्रेटर के कार्यालय में तो अब तक दो बार मौके पर जाकर कामकाज का निरीक्षण कर चुके हैं इसके अलावा शासन सचिवालय के विभिन्न सरकारी विभागों में भी नियमित रूप से अचानक निरीक्षण करने के लिए पहुंच जाते हैं इसलिए मुख्य कि इस छापामार कार्रवाई की वजह से वे अधिकारी और कर्मचारी जो समय पर नहीं आया करते थे और अपनी मनमानी किया करते थे वह अब समय पर दफ्तर आने लगे हैं और समय पर ही तब तक छोड़ने लगे हैं जिसकी वजह से कहीं ना कहीं सरकारी विभागों के कामकाज में नयापन जरूर नजर आने लगा है ।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सच्चे सारथी बने हैं मुख्य सचिव सुधांशु

मुख्य सचिव सुधांशु मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सच्चे सारथी बने हुए हैं और काफी हद तक मुख्यमंत्री के काम के बोझ को भी हल्का किए हुए हैं, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के बीच आपस में जोरदार समन्वय तालमेल बना हुआ है मुख्य सचिव सभी सरकारी विभागों के कामकाज और गतिविधियों की रिपोर्ट का संकलन करके उन्हें मुख्यमंत्री तक भिजवाते रहते हैं और यह बताते रहते हैं कि कौन सा विभाग अच्छा काम कर रहा है कौन से विभाग की काम की रफ्तार ठीक नहीं है कौन सा विभाग काम में पिछड़ा हुआ है इन सब के बारे में नियमित रूप से वास्तविक जानकारी मुख्य सचिव मुख्यमंत्री तक भिजवाते रहते हैं, चाहे बजट तैयार करने की बात हो या फिर कोई जनकल्याणकारी योजना बनाने की बात हो या फिर कोई नया बिल बनाने की बात हो या फिर बड़े प्रशासनिक अधिकारियों के ट्रांसफर करने की बात को या फिर राजस्थान सरकार के किसी दूसरे स्टेट से विवाद के विषय हो या फिर केंद्र सरकार से फंडिंग का मामला हो इन तमाम महत्वपूर्ण विषय और मुद्दों पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य सचिव से गंभीरता से बातचीत करके ही फाइनल डिसीजन करते रहे हैं, भले ही भजनलाल शर्मा पहली बार के विधायक हो पहली बार मुख्यमंत्री बने हो लेकिन लंबे समय से प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी में संगठन में बड़े पद पर रहने के दौरान इन्होंने सुधांशु पंथ की वर्किंग स्टाइल और उनकी ईमानदारी को नजदीकी से देखा है इसीलिए हर छोटे बड़े विषय पर मुख्य सचिव की सलाह को भजन लाल शर्मा ने हमेशा प्राथमिकता दी है इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काम को मुख्य सचिव ने काफी हद तक आसान और सरल बना दिया है ।

# आरएसएस का शताब्दी वर्ष

*संघ का मानना है कि व्यक्ति को यह पता होना चाहिए कि वह अपने राष्ट्र को किस दिशा में ले जाना चाहता है और उसमें उस व्यक्ति का क्या योगदान हो सकता है। संघ अपने स्वयंसेवकों को भारत-बोध से अनुप्राणित करते हुए निष्काम कर्म और निस्वार्थ सेवा करने की प्रेरणा देता है। यह जीवन में अध्यात्म के समावेश से ही संभव है। आरएसएस के अनुसार, हिंदुत्व एक मत/पंथ नहीं, बल्कि एक सभ्यता, संस्कृति और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना है। डा. हेडगेवार ने हिंदू को उस व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया, जो भारत को अपनी मातृभूमि और संस्कृति के रूप में स्वीकार करता है। संघ विविधताओं का सम्मान करते हुए उनमें एकता के सूत्र ढूंढ़ने के लिए समर्पित और संकल्पित है। इस सबसे बड़े सामाजिक संगठन ने हिंदुत्व को एक समावेशी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में देखा है, जिसमें सारे भेदभाव से ऊपर उठकर भारत की सांस्कृतिक एकता और...*



वर्ष 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में आद्य सरसंघचालक डा. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। संघ की स्थापना का मुख्य ध्येय हिंदू समाज को जागृत और संगठित करते हुए राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक गौरव का विकास करना था। दैनंदिन शाखाओं के माध्यम से अनुशासन और चरित्र-निर्माण पर बल देते हुए व्यक्तिव विकास और सामाजिक संगठन को समर्पित संघ आज विश्व का सबसे बड़ा और प्रभावशाली सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन बन गया है। संघ की शताब्दी यात्रा संघर्ष, सेवा, समर्पण, संगठन और संस्कारों से परिपूर्ण रही है, जिसका व्यापक प्रभाव भारतीय समाज में देखा जा सकता है। इस सगंठन ने समाज सेवा, स्वदेशी, शिक्षा, ग्राम-विकास, आपदा-राहत, वनवासी कल्याण और सामाजिक समरसता आदि अनेक क्षेत्रों में निरंतर काम करते हुए सकारात्मक बदलाव लाने का सराहनीय प्रयास किया है। संघ की विचारधारा सभी को साथ लेकर चलने एवं समरसता पर केंद्रित रही है। इसका उद्देश्य व्यक्तियों में नैतिकता, कर्तव्यबोध और नेतृत्वक्षमता विकसित करना है। संघ अपने स्वयंसेवकों को एक राष्ट्रीय दृष्टि देता है। संघ का मानना है कि व्यक्ति को यह पता होना चाहिए कि वह अपने राष्ट्र को किस दिशा में ले जाना चाहता है और उसमें उस व्यक्ति का क्या योगदान हो सकता है। संघ अपने स्वयंसेवकों को भारत-बोध से अनुप्राणित करते हुए निष्काम कर्म और निस्वार्थ सेवा करने की प्रेरणा देता है। यह जीवन में अध्यात्म के समावेश से ही संभव है। आरएसएस के अनुसार, हिंदुत्व एक मत/पंथ नहीं, बल्कि एक सभ्यता, संस्कृति और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना है। डा. हेडगेवार ने हिंदू को उस व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया, जो भारत को अपनी मातृभूमि और संस्कृति के रूप में स्वीकार करता है। संघ विविधताओं का सम्मान करते हुए उनमें एकता के सूत्र ढूंढ़ने के लिए समर्पित और संकल्पित है। इस सबसे बड़े सामाजिक संगठन ने हिंदुत्व को एक समावेशी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में देखा है, जिसमें सारे भेदभाव से ऊपर उठकर भारत की सांस्कृतिक एकता और अखंडता को महत्व दिया गया है। इसका यह भी मानना है कि हिंदू राष्ट्रवाद भारत की बहुसंख्यक हिंदू संस्कृति और मूल्यों पर आधारित है, लेकिन इसका उद्देश्य किसी भी समुदाय की उपेक्षा या अवहेलना करना नहीं, बल्कि सभी को भारतवासियों के रूप में संगठित करना है। पिछले दिनों दिल्ली में सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने हिंदुत्व के समावेशी स्वरूप पर जोर देते हुए कहा कि संघ के हिंदुत्व का मतलब स्वीकार और समावेशिता है, न कि बहिष्कार और विरोध। समरसता, सद्भाव और सहअस्तित्व हिंदू जीवन पद्धति की मूल पहचान है। इसमें मुस्लिम तथा अन्य मतावलंबियों के प्रति भी सहज स्वीकार्यता का भाव है। शताब्दी वर्ष में संघ का समाज में "पंच परिवर्तन" लाने पर विशेष ध्यान है। इसमें सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी जीवनशैली और नागरिक कर्तव्य शामिल हैं। सामाजिक समरसता का आधार संघ की समावेशी राष्ट्र और समाज की अवधारणा है। यह अवधारणा जातीय भेदभाव से मुक्त समानता पर आधारित समरस समाज के निर्माण की है। स्वदेशी के अंतर्गत अपनी चेतना को भारतीय मनीषा के अनुरूप ढालने पर बल है। आर्थिक रूप से अपने राष्ट्र को सुदृढ़ करने के लिए स्वदेशी सामानों का ही उपभोग करना चाहिए। स्व का बोध और स्व के प्रति गौरव का भाव ही हमें औपनिवेशिक दासता से सच्ची और पूरी मुक्ति दिला सकता है। अपने भाषाई स्वबोध को जागृत करके ही एक आत्मनिर्भर और स्वतंत्रचेता राष्ट्र बना जा सकता है। आज पर्यावरण संबंधी समस्याओं और आपदाओं से दुनिया के देश भी पीड़ित हैं। भारत भी इस संकट से अछूता नहीं है। आज हमें विकास के ऐसे माडल को विकसित करना है, जो प्रकृति का सहगामी और सहकारी हो। इसीलिए संघ पर्यावरण संरक्षण पर जोर दे रहा है। कुटुंब प्रबोधन का उद्देश्य संकटग्रस्त पारिवारिक-सामाजिक जीवन को बचाना है। परिवार भारत की सबसे बड़ी विशेषता और उपलब्धि रही है। व्यक्तिवाद और उपभोक्तावाद की पश्चिमी आंधी ने इसकी नींव की हिला दिया है। इस विकराल होती चुनौती को पहचानकर संघ प्राथमिकता के आधार पर इससे निपटने के लिए कृतसंकल्प है। हम कर्तव्य-सचेत समाज की जगह अधिकार सचेत और आत्मकेंद्रित समाज बनते जा रहे हैं। हमारे समाज में हम सारे काम सरकार के ऊपर छोड़ देते हैं। जबकि बिना नागरिक सहभागिता के सरकार भी कोई बड़ा परिवर्तन नहीं कर सकती। बिजली-पानी आदि संसाधनों की बचत करना, राष्ट्रीय संपत्ति को क्षति न पहुंचाना, राष्ट्रीय पर्वों, प्रतीकों और संस्थाओं का सम्मान करना आदि कार्य दैनिक जीवन की देशभक्ति है। इन पंच-परिवर्तन से सामाजिक जीवन में अनुशासन, देशभक्ति और नागरिक सहभागिता बढ़ेगी।

सम्पादकीय

# सिगरेट-गुटखा महंगे, दाल-घी सस्ते



पिछले कई वर्षों से माल एवं सेवा कर यानी जीएसटी प्रणाली और इसकी दरों को लेकर सवाल उठ रहे थे, लेकिन इस मसले पर सरकार के भीतर कोई खास उत्साह नहीं दिख रहा था। नतीजतन, ऐसी बहुत सारी वस्तुओं पर भी कर के रूप में लोगों को नाहक ही ज्यादा रकम चुकानी पड़ रही थी, जिन्हें अनिवार्य आवश्यकताओं के रूप में जाना जाता है। अब आखिरकार सरकार ने जीएसटी की दरों में बड़े बदलाव की घोषणा की है और इसे आम जनता के लिए भारी राहत के तौर पर पेश किया जा रहा है। हालांकि कई वस्तुओं और सेवाओं पर अब तक लागू कर की दरों में जिस तरह कमी की गई है, उससे अर्थव्यवस्था को भी गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके तर्कसंगत होने को लेकर जिस तरह के सवाल उठते रहे हैं, उसमें यह निश्चित रूप से एक बड़ा बदलाव है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसे बहुत देर से उठाया गया कदम बताया है। गौरतलब है कि बुधवार को जीएसटी परिषद की बैठक में जिन नई दरों को मंजूरी दी गई, उसके तहत बारह फीसद और अट्ठाईस फीसद के स्तर को खत्म कर दिया गया है और अब सिर्फ पांच और अठारह फीसद की दर लागू रहेगी। मगर कुछ खास वस्तुओं पर जीएसटी को चालीस फीसद तक बढ़ा दिया गया है। इसी महीने की बाईस तारीख से लागू होने वाले करों के नए ढांचे में जो बदलाव किए गए हैं, उसके तहत लोगों के लिए आम उपयोग में आने वाली वस्तुओं और सामान्य सेवाओं के मामले में काफी राहत दी गई है। मसलन, खाद्य और डेयरी उत्पाद, दवाएं, तेल, घी, सूखे मेवे, चपाती आदि रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाली कई उपयोगी चीजों को पांच फीसद के कर-ढांचे में डाला गया है। जबकि जीवन-बीमा सहित कुछ जीवनरक्षक दवाओं पर जीएसटी शून्य कर दी गई है। वहीं, वातानुकूलन यंत्र, टीवी, प्रोजेक्टर सहित कई इलेक्ट्रोनिक चीजों को अठारह फीसद के स्तर में लाया गया है। इससे इतर, बड़े आकार वाली महंगी कारों के साथ-साथ पान मसाला, सिगरेट, गुटखा और कैफीनयुक्त पेय जैसी कुछ चीजों पर अब चालीस फीसद जीएसटी तय की गई है। जाहिर है, नए ढांचे का मकसद आबादी के एक बड़े हिस्से के खर्च और उपभोग को राहत के दायरे में लाकर अर्थव्यवस्था को रफ्तार देना है। यह एक आम हकीकत है कि अगर कोई वस्तु लोगों की आय के मुताबिक क्रयशक्ति की सीमा में होती है, तभी वे उसे खरीदने या उसके उपयोग को लेकर सहज होते हैं। कर की दरों में कमी के बाद वस्तुओं या सेवाओं की कीमतों में जो अंतर आएगा, आम इस्तेमाल में आने वाली चीजों की महंगाई में गिरावट आएगी, उससे बड़ी संख्या में लोग उसके उपभोग के दायरे में आ जाएंगे। बाजार में मांग बढ़ने से उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और इस तरह आर्थिक मोर्चे पर अमेरिकी शुल्कों से जो चुनौती पैदा हुई है, उसका सामना करने की दिशा में विकल्प भी तैयार होंगे। यों करीब आठ वर्ष पहले जब जीएसटी को लागू किया गया था, तभी से समय-समय पर अनेक उत्पादों पर कर की दरों में कुछ बदलाव किए गए, लेकिन कई अन्य उत्पादों पर कटौती की मांग होती रही।


## कौशल वाली शिक्षा ही बनाएगी देश को अग्रणी



भारत विश्व की सबसे युवा जनसंख्या वाला देश है, जहां 65 प्रतिशत से अधिक नागरिक 35 वर्ष से कम आयु के हैं। यह जनसांख्यिकीय लाभांश भारत की आर्थिक प्रगति को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखता है। हमारे युवा तेज तर्रार हैं, लेकिन उनका आत्मविश्वास अक्सर नौकरी के मैदान में ठहर जाता है, क्योंकि उन्हें व्यावहारिक कौशल की कमी महसूस होती है। असल सवाल यही है कि क्या केवल डिग्री लेकर हम इस अवसर को भुना पाएंगे या फिर हमें दक्षता और व्यावसायिक योग्यता की ओर गंभीरता से बढ़ना होगा। दुर्भाग्य से 2025 तक की तस्वीर बताती है कि देश के केवल सात प्रतिशत युवा ही औपचारिक कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर पाते हैं। जबकि जर्मनी, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों में यह अनुपात 70 से 90 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। यही वजह है कि वहां के युवाओं की रोजगार क्षमता और उत्पादकता भारत की तुलना में कहीं अधिक है। यह अंतर भारत के लिए गंभीर संकट का संकेत है। डिग्रियों से लैस युवाओं की बेरोजगारी इस खाई को साफ दिखाती है। हमारे विश्वविद्यालयों से हर साल लाखों छात्र निकलते हैं, लेकिन उनमें से बड़ी संख्या ऐसी होती है जिनके पास न तो उद्योगों की अपेक्षाओं के अनुरूप तकनीकी दक्षता होती है और न ही आधुनिक कार्यस्थल के अनुकूल साफ स्किल्स। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम और श्रम मंत्रालय के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत स्नातक युवाओं के पास रोजगार पाने के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल ही नहीं है। इसका अर्थ यह हुआ कि डिग्री और नौकरी के बीच जो सेतु होना चाहिए था, उसे हमारी शिक्षा और प्रशिक्षण व्यवस्था ने खड़ा ही नहीं किया। 2024 में एक औद्योगिक शहर में किए गए सर्वेक्षण ने इस तस्वीर को और स्पष्ट कर दिया। 10 हजार युवाओं में से केवल 12 प्रतिशत ने औपचारिक प्रशिक्षण लिया था और उनमें से भी अधिकांश को उम्मीद के अनुसार रोजगार नहीं मिला। यह केवल बेरोजगारी की कहानी नहीं है, बल्कि प्रशिक्षण तंत्र की कमजोरी का आईना है। हमारे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रशिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहे हैं। मशीनें पुरानी हैं, पाठ्यक्रम दशकों पुराने हैं और प्रशिक्षण पद्धति में न तो आधुनिक तकनीकी संसाधनों का इस्तेमाल है और न ही उद्योगों की मांग का ध्यान रखा जाता है। ऊपर से समाज में व्यावसायिक शिक्षा को अब भी च्दूसरे दर्जे' की पढ़ाई माना जाता है। परिणाम यह होता है कि डिग्रीधारी छात्र भी नौकरी की कसौटी पर खरे नहीं उतर पाते। सरकार ने इस संकट को देखते हुए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना और राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन जैसी पहल की हैं। कागज पर ये योजनाएं बहुत आकर्षक दिखती हैं। इनका मकसद युवाओं को उद्योग-अनुकूल प्रशिक्षण देना और स्वरोजगार के लिए तैयार करना है। हालांकि जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी कहती है। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार लगभग 30 प्रतिशत प्रशिक्षित युवाओं को प्रशिक्षण के बाद भी रोजगार नहीं मिला और जिन्हें मिला वे अधिकतर अस्थायी और कम वेतन वाली नौकरियों में सिमट गए। यह इस बात का सुबूत है कि केवल प्रमाणपत्र थमा देना समाधान नहीं है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता और उसका उद्योगों से जुड़ाव ही असली सफलता तय करेगा। ग्रामीण भारत में यह समस्या और गहरी है। अधिकांश योजनाएं शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित हैं। गांवों में प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या बहुत कम है। डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी और तकनीकी साक्षरता की खाई के कारण पूरी तरह कारगर नहीं हो पाते। गांव का युवा चाहकर भी शहर जाकर प्रशिक्षण नहीं ले पाता, क्योंकि वहां पहुंचने के लिए न साधन होते हैं न संसाधन। इस असमानता को मिटाए बिना भारत का कौशल संकट दूर नहीं होगा। दुनिया के सफल अनुभव बताते हैं कि यह स्थिति बदली जा सकती है। जर्मनी का डुअल एजुकेशन सिस्टम इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। वहां छात्र पढ़ाई के साथ-साथ उद्योगों में व्यावहारिक प्रशिक्षण लेते हैं। जापान की अप्रेंटिसशिप प्रणाली और चीन के ग्रामीण प्रशिक्षण केंद्रों ने भी यह साबित किया है कि यदि उद्योग और शिक्षा मिलकर चलें तो कौशल विकास स्वत: सशक्त हो सकता है। इन देशों की सफलता का आधार यही रहा है कि उन्होंने युवाओं को केवल किताबों तक सीमित नहीं किया, बल्कि उन्हें वास्तविक काम का अनुभव दिलाया। भारत को भी इसी राह पर चलना होगा।

## हंसना मना है

**प्राचीनकाल में पुरुषों से स्त्री के शास्त्रार्थ की कथाएं प्रचलित हैं। आदि गुरु शंकराचार्य से तर्क करते वक्त मंडन मिश्र हारने लगते हैं। हार के गुस्से की ताप से उनके गले की माला के फूल मुरझा जाते हैं। मंडन मिश्र की विदुषी पत्नी भारती मोर्चा संभालती हैं और अद्वैतवाद को मानने वाले गुरु से गृहस्थ जीवन से जुड़े सवाल पूछती हैं जिसका जवाब शंकराचार्य नहीं दे पाते हैं। शास्त्रार्थ में भारती विजयी होती हैं। इस संदर्भ में अहम है मंडन मिश्र की हार और उनका गुस्सा। पुरुष अपनी हार नहीं बर्दाश्त कर पाता। मंडन मिश्र का गुस्सा पौरुष का गुस्सा है।**



शेर के साथ पिछले दिनों आई फिल्म च्लंचबॉक्स' की नायिका याद आती है। नायिका इला भूटान जाना चाहती है। वह दुखी है क्योंकि उसका पति हंसता नहीं है। वह उसके हाथ के बनाए खाने का स्वाद भी नहीं पहचानता। और, एक ऐसा मर्द जो उसे जानता भी नहीं उसके बनाए खाने के स्वाद पर फिदा है। च्लंचबॉक्स' में बंद उस स्त्री की अस्मिता खिलखिलाना चाहती है। अपनी बेटी के साथ भूटान जाने के लिए गहने भी बेच देती है। उसे भूटान जाना है और हंसना है।

मध्यप्रदेश की सरकार ने च्आनंद मंत्रालय' खोला है। सरकार का तर्क है कि नाना-नानी, दादा-दादी की दौड़ जैसी छोटी चीजों का आयोजन करवा कर वह जनता के खुश रहने के दरवाजे खोल रही है। अब दिल्ली सरकार ने भी च्हैपीनेस विभाग' खोलने की योजना बना डाली है।

भूटान से नजीर बने खुशी के सूचकांक की बात हो रही थी तभी स्त्री की खिलखिलाहट से पौरुष का सूचकांक वैसे ही धड़ाम से गिर गया जैसे दुनिया भर के बाजार गिर रहे हैं। अमेरिका का बाजार गिरता है तो चीन का बाजार गिरता है और भारत का बाजार गिरता है। भारत के बाजार को संभालना है तो अमेरिका के बाजार को संभालो। जब संसद में ही स्त्री ऐसे हंसेगी तो फिर स्कूल से लेकर गली और घरों के अंदर उसे कैसे रोका जाएगा। आनंद मनाते समाज की कल्पना में स्त्री की हंसी बेदखल है। उसकी खिलखिलाहट पर वही सनातनी पाबंदी लगाई जाती है मिथकीय रूपकों के साथ।

प्राचीनकाल में पुरुषों से स्त्री के शास्त्रार्थ की कथाएं प्रचलित हैं। आदि गुरु शंकराचार्य से तर्क करते वक्त मंडन मिश्र हारने लगते हैं। हार के गुस्से की ताप से उनके गले की माला के फूल मुरझा जाते हैं। मंडन मिश्र की विदुषी पत्नी भारती मोर्चा संभालती हैं और अद्वैतवाद को मानने वाले गुरु से गृहस्थ जीवन से जुड़े सवाल पूछती हैं जिसका जवाब शंकराचार्य नहीं दे पाते हैं। शास्त्रार्थ में भारती विजयी होती हैं। इस संदर्भ में अहम है मंडन मिश्र की हार और उनका गुस्सा। पुरुष अपनी हार नहीं बर्दाश्त कर पाता। मंडन मिश्र का गुस्सा पौरुष का गुस्सा है। जहां पौरुष गुस्से में हो वहां स्त्री हंसे तो गुस्से की आग तो भड़कनी ही थी।

सदन के अंदर मोबाइल पर पॉर्न देखते पुरुष, कुर्सियां फेंकते पुरुष, मिर्ची स्प्रे फेंकते पुरुष याद हैं न। जरा उन कांग्रेसकालीन वित्त मंत्री को भी याद कर लीजिए जो साड़ियां या सौंदर्य उत्पाद के सस्ते होने की घोषणा के पहले सदन में महिला सदस्यों की तरफ देखते थे।

उस वक्त वह जनता की चुनी हुई संसद की प्रतिनिधि नहीं सिर्फ एक महिला होती है जिसे सिर्फ साड़ी और सौंदर्य उत्पादों से मतलब होता है। सेनेटरी नैपकिन पर जीएसटी लगने का विरोध सिर्फ मेनका गांधी या अन्य महिला सांसद ही करे। महिला सांसदों को साड़ी और सेनेटरी नैपकिन तक सीमित रखने की कोशिश में हंसती हुई स्त्री चुभ जाती है। सुखद है कि स्त्री पितृसत्ता की इस साजिश को समझ गई है। अभी सोशल मीडिया पर स्त्रियां अपनी खिलखिलाती हुई तस्वीरें साझा कर रही हैं, एक-दूसरे को टैग कर रही हैं कि तुम भी हंसो, खिलखिलाओ। और लीजिए, शूर्पणखा का भी आधुनिक पाठ तैयार है। बाबा वैलेंटाइन के इस हफ्ते में शूर्पणखा नायिका है।

वह वैसी स्त्रियों का प्रतिनिधित्व करती है जो अपनी इच्छा जाहिर करने की पहल करती है। पिता ने जिन राजकुमारों को चुना उसके गले में वरमाला डालने के बरक्स ऐसी स्त्री जो पुरुष से पहल कर कहे कि मैं तुम्हारा प्यार पाना चाहती हूं। च्प्यार मांगा है तुमसे न इनकार करो, हां मुझे प्यार करोज' यह गाना स्त्री गाएगी तो पुरुषवादी समाज उसे कैसे बर्दाश्त करेगा। आधुनिक स्त्रियों के सामने वह प्रेम में पहल करने वाली नायिका है।

इस तरह संसद से लेकर सोशल मीडिया तक महिलाओं ने पौरुष का पाठ ही बदल दिया है। मैं भी शूर्पणखा, मी टू और ये लो खिलखिलाती फोटो। ये महिलाएं पुरुषों के उस जुमले को पुरुषों के मुंह पर मार चुकी हैं कि औरत ही औरत की दुश्मन होती है। ये औरतें एक-दूसरे को सराह रही हैं। पिछले दिनों दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का अनुभव अद्भुत रहा था। एक स्त्री दूसरी स्त्री की किताबों के साथ सेल्फी वायरल कर रही है। स्त्री लिख रही है, स्त्री पढ़ रही है और स्त्री सराह रही है। पुरुष लेखक जल-भुन रहे थे कि ये तो हमारी जगह खत्म हो रही है।



## छोरियाँ चली गाँव में दिल और चुनौतियाँ जीत रही हैं कृष्णा श्रॉफ

फिटनेस आइकन और एंटरप्रेन्योर कृष्णा श्रॉफ छोरियाँ चली गाँव में शक्ति और शालीनता दोनों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के अर्थ को नए सिरे से परिभाषित कर रही हैं। यह शो जहां शारीरिक कौशल, मानसिक रणनीति और भावनात्मक मजबूती की परीक्षा लेता है, वहीं कृष्णा अपनी खासियत से सबका ध्यान खींच रही हैं — गहरी दोस्ती और फोकस प्रतिस्पर्धी भावना के बीच संतुलन बनाने की अपनी दुर्लभ क्षमता के लिए उभर कर सामने आई हैं। एरिका पैकार्ड के साथ उनका दोस्ती का रिश्ता बेहद मजबूत है, जबकि सुमुखी सुरेश (जिन्होंने निजी कारणों से शो छोड़ दिया) के साथ उनकी आपसी समझ और सम्मान, उनके स्वाभाविक जुड़ाव को दर्शाते हैं। फिर भी, कृष्णा ने इन संबंधों को कभी अपने फ़ैसलों या जीत के इरादे पर हावी नहीं होने देतीं। वह स्पष्ट सोच वाली हैं और पूरी तरह समर्पित, यह साबित करते हुए कि मजबूत रिश्ते और शानदार खेल दोनों एक साथ संभव हैं। वह जीत के लिए पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन अपनी ईमानदारी से समझौता किए बिना।

अपनों से आगे बढ़कर कृष्णा ने हर किसी के साथ सार्थक रिश्ते बनाए हैं। अंजुम फ़कीह को वह बड़ी बहन कहती हैं और हाल ही में बाहर हुई रमीत संधू के साथ भी उनके पल बेहद सच्चे और दिल से जुड़े रहे। कृष्णा एक ऐसी गर्मजोशी और समावेशिता लाती हैं जिसे नज़रअंदाज़ करना मुश्किल है। चाहे टीम टास्क हो या व्यक्तिगत चुनौती, कृष्णा दूसरों को आगे बढ़ने का मौका देती हैं, बिना किसी को अलग-थलग महसूस कराए या प्रतियोगिता को निजी बनाएं बिना।

यही समावेशी और संतुलित दृष्टिकोण है, जो उन्हें प्रतिद्वंद्वियों के बीच भी शांत प्रशंसा दिलाई है। तेज़-तर्रार माहौल के बावजूद, कृष्णा अपने व्यवहार में लगातार सम्मानजनक और जमीन से जुड़ी हुई रहती हैं — चाहे वह अनिता हसनंदानी के साथ हो, डबल धमाल सिस्टर्स सुरभि-समृद्धि की जोड़ी के साथ, या फिर डॉली जावेद और वाइल्ड कार्ड एंट्री माएरा मिश्रा के साथ। एक ऐसा शो जिसमें अक्सर ड्रामा देखने को मिलती है, वहां कृष्णा स्पष्ट सोच और चरित्र की मिसाल बनकर उभरती हैं।

दोस्ती और निष्पक्ष प्रतिद्वंद्विता, दोनों के लिए जगह बनाए रखने की उनकी क्षमता दुर्लभ है और कृष्णा इसे बिना किसी का सम्मान घटाए बखूबी निभा रही हैं। भले ही वह अपनी शारीरिक ताकत के लिए पहचानी जाती हों, लेकिन 'छोरियां चली गांव' में उनकी असली चमक उनके दबाव में भी उनका शालीन व्यवहार ही सबका ध्यान खींच रहा है।



# नीरू बाजवा और रुबीना दिलैक का पंजाबी फिल्म और टीवी पर राज

पंजाबी फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री में आज कई ऐसे कलाकार हैं जिन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। नीरू बाजवा और रुबीना दिलैक ऐसे ही दो नाम हैं जो पंजाबी सिनेमा और टीवी की दुनिया में अपनी अलग पहचान रखते हैं। दोनों ने अपने अभिनय के दम पर पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री को मजबूती दी है और साथ ही दर्शकों का मनोरंजन भी किया है। पंजाबी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने में इन दोनों का योगदान काफी महत्वपूर्ण है। जहां नीरू बाजवा को पंजाबी सिनेमा की सबसे सफल अभिनेत्रियों में गिना जाता है, वहीं रुबीना दिलैक ने टीवी और फिल्मों दोनों में अपनी छाप छोड़ी है। दोनों कलाकारों ने न केवल पंजाबी फिल्मों में काम किया, बल्कि टेलीविजन पर भी अपनी अच्छी-खासी मौजूदगी दर्ज कराई है। उनकी फिल्मों और सीरियल्स ने पंजाब की संस्कृति, लोगों के जीवन और पारिवारिक रिश्तों को खूबसूरती से पेश किया है। इसी वजह से वे पंजाबी सिनेमा और टीवी की जानी-मानी हस्तियां बन चुकी हैं।

नीरू बाजवा का जन्म 26 अगस्त 1980 को कनाडा के सरे शहर में हुआ था। वह एक भारतीय परिवार से ताल्लुक रखती हैं। नीरू ने अपने करियर की शुरुआत 1998 में हिंदी फिल्म में सोलह बरस की से की थी, लेकिन बाद में उन्होंने पंजाबी फिल्मों में ज्यादा काम किया और वहां उन्हें काफी सफलता मिली। नीरू की पंजाबी फिल्मों में जट्ट एंड जूलियट, सरदार जी, लौंग लाची, शादा जैसी कई हिट फिल्में शामिल हैं। उन्होंने पंजाबी सिनेमा में अपनी खास जगह बनाई और तीन बार पीटीसी पंजाबी फिल्म पुरस्कार भी जीता। पंजाबी फिल्मों में बेहतरीन अभिनय के लिए उन्हें फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला।

नीरू ने सिर्फ अभिनय ही नहीं किया, बल्कि पंजाबी फिल्मों के निर्देशन और प्रोडक्शन में भी हाथ आजमाया है। 2017 में उन्होंने पंजाबी फिल्म सरगी का निर्देशन किया, जो उनकी बहन रुबीना बाजवा की शानदार फिल्म थी। नीरू का योगदान सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है, उन्होंने हॉलीवुड की अलौकिक थ्रिलर फिल्म इट लिव्स इनसाइड (2023) के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी छवि बनाई। नीरू बाजवा ने टीवी में भी काम किया, जिसमें अस्तित्व...एक प्रेम कहानी, जीत, बंदूकें गुलाब, और हरी मिर्ची लाल मिर्ची जैसे सीरियल शामिल हैं। वह हाल ही में रिलीज हुई अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 में भी नजर आईं।



रुबीना दिलैक की बात करें, तो उनका जन्म 26 नवंबर 1989 को हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में हुआ। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद मॉडलिंग और अभिनय की ओर रुख किया। रुबीना ने टीवी इंडस्ट्री में अपनी शुरुआत की, लेकिन पंजाबी फिल्मों में अपनी पहचान बनाई। टीवी सीरियल छोटी बहू में उनके अभिनय को काफी पसंद किया गया। इसमें उन्होंने राधिका नाम की लड़की का किरदार निभाया, जो घर-घर में मशहूर हुआ। इसके बाद वह सास बिना ससुराल, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की, पुनर्विवाह- एक नई उम्मीद, देवों के देव...महादेव, जीनी और जूजू जैसी सीरियल्स में नजर आईं। उन्होंने बिग बॉस 14, फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 12, और झलक दिखला जा 10 सहित कई रियलिटी शो किए। वह बिग बॉस 14 की विजेता भी रहीं। उन्होंने चल भज्ज चलें जैसी पंजाबी फिल्मों में काम किया। रुबीना ने कई पुरस्कारों के लिए नामांकन हासिल किए और कई बार जीत भी हासिल की है। टीवी और फिल्मों दोनों में उनकी लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

नीरू बाजवा और रुबीना दिलैक की मेहनत और लगन ने पंजाबी फिल्म और टीवी इंडस्ट्री को मजबूती दी है। दोनों पंजाबी सिनेमा और टीवी की चमकती हुई हस्तियां हैं।



## कनिका मान ने दिया लूट मुबारक के लिए निमंत्रण!

पंजाबी और टीवी जगत की मशहूर अभिनेत्री कनिका मान ने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक खास पोस्ट की, जिसने उनके फैंस का जोश हाई है। ये पोस्ट उनकी आने वाली फिल्म लूट मुबारक का आधिकारिक पोस्टर है, जिसमें फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठाया गया है। कनिका मान ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लूट मुबारक फिल्म का पोस्टर साझा किया, जिसमें फिल्म का नाम गुरमुखी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिखा हुआ है। पोस्टर में मुख्य कलाकार हरीश वर्मा और कनिका मान के नाम भी नजर आ रहे हैं। साथ ही फिल्म के निर्माता, निर्देशक और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की गई है। यह फिल्म 20 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में ड्रामा, बदला और प्यार देखने को मिलेगा।

कनिका मान ने अपने कैप्शन में लिखा है, वाहेगुरु जी! जब हमारे दिल उन लोगो के लिए दुखते हैं जो विपदा का सामना कर रहे हैं, तब हम अपनी नई फिल्म एक छोटे से संदेश के रूप में साझा करते हैं, जो बताती है कि कहानियां सिर्फ मनोरंजन का जरिया नही होतीं, बल्कि वे हमें जोड़ती हैं, हमें ताकत देती हैं और दुखों को कम करने में मदद करती हैं। सोशल मीडिया पर उनके फैंस इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और आने वाली फिल्म के लिए शुभकामनाएं भी दे रहे हैं। बता दें कि कनिका हाल ही में पंजाबी फिल्म जॉम्बीलैंड में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ बिन्नू ढिल्लों, अंगीरा धर, जी खान गुरी, धनवीर सिंह और जस्सा ढिल्लों समेत कई कलाकार अहम किरदार में हैं। यह फिल्म भारत की पहली पंजाबी जॉम्बी कॉमेडी है, जिसे लेखक-निर्देशक थापर ने बनाया था। वहीं इसे नेक्स्ट लेवल प्रोडक्शंस के बैनर तले नीरज रुहिल और सुभव शर्मा द्वारा निर्मित किया गया। यह फिल्म पांच भाषाओं पंजाबी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज हुई थी।

## यूएनएफपीए की ब्रांड एंबेसडर बनीं कृति सेनन



बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। वो संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की ब्रांड एंबेसडर बनाई गई हैं। यह संयुक्त राष्ट्र संघ की एक संस्था है जिसका कार्य महिला, पुरुष और बच्चों के अधिकार, स्वास्थ्य और समान अवसर के साथ सुखी जीवन को बढ़ावा देना है। ब्रांड एंबेसडर बनने के बाद उन्होंने अपनी भूमिका के बारे में बात की और बताया कि कैसे अपने करियर की शुरुआत में उन्हें लैंगिक असमानता का सामना करना पड़ा। कृति सेनन ने बॉलीवुड में वेतन असमानता के बारे में भी बात की। सेनन ने कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। ये बहुत बड़ा सम्मान है और उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी भी। मैं इसके लिए बहुत उत्सुक हू, क्योंकि मुझे हमेशा से ये लगता था कि मैं कुछ ऐसा बदलाव ला सकू जो मेरे दिल के करीब हो। मेरा मानना है कि लैंगिक असमानता बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। ये बहुत बड़ा मुद्दा है, फिर चाहे बात जेंडर बेस्ड वायलेंस की हो या गर्ल चाइल्ड एजुकेशन की हो। मुझे खुशी है कि मैं यूएनएफपीए के साथ मिलकर ऐसे लोगों के लिए अब कुछ कर पाऊंगी, उनका साथ दे पाऊंगी। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं अपने देश का वैश्विक स्तर पर प्रतिनिधित्व करना चाहती थी, अपनी आवाज के जरिए ऐसे मुद्दों को उठाना चाहती थी, जिससे लोगों के जीवन खुशहाल बन सकें।



# मेरा उद्देश्य विवाद पैदा करना नहीं, सिर्फ सच दिखाना है

**डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द बंगाल फाइल्स जल्द रिलीज होने वाली है। रिलीज से पहले फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ। इसके अलावा फिल्म काफी समय से कोई ना कोई वजह से सुर्खियों में भी बनी हुई है। विवेक अग्निहोत्री फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' को लेकर बातचीत की।**

**द बंगाल फाइल्स का आइडिया कहां से आया?**

जब हमने द कश्मीर फाइल्स बनाई थी, तब हमने सिर्फ एक फिल्म नहीं बनाई थी। हमने एक मूवमेंट शुरू किया था और उस मूवमेंट का नाम था - राइट टू ट्रुथ। हमारी टीम का मानना है कि हर भारतीय को यह हक है कि उसे सच पता चले और सच हमेशा किताबों में या अखबारों में नहीं लिखा होता। कभी-कभी सच को छिपा दिया जाता है, ताकि लोग उसे न जान सकें। द कश्मीर फाइल्स बनाने के बाद, हमने तय किया कि अगली फिल्म बंगाल पर होनी चाहिए। क्योंकि बंगाल का इतिहास बहुत गहरा और जटिल है।

**द बंगाल फाइल्स में क्या दर्शक आपसे द कश्मीर फाइल्स से बेहतर की उम्मीद कर सकते हैं?**

दर्शक हमेशा उम्मीद करते हैं और मैं उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करती हूं। द बंगाल फाइल्स में मेरा किरदार बिल्कुल अलग है। यह किरदार मुझे एक नई चुनौती देता है और मुझे लगता है कि दर्शक जब इसे देखेंगे तो चौंक जाएंगे क्योंकि यह रोल पहले किए गए मेरे सभी किरदारों से बिलकुल अलग है।

**जब आप द बंगाल फाइल्स बना रहे थे, तो क्या आपको लगा था कि फिर से पिछली फिल्मों जैसा विवाद होगा?**

विवाद होना मेरे लिए कोई नई बात नहीं है। विवाद तब होता है जब आप सच बोलते हैं। अगर मैं सिर्फ मनोरंजन की फिल्में बनाऊं, तो शायद कभी विवाद न हो। लेकिन जब आप सच्चाई पर उंगली रखते हैं, तो कई लोगों को तकलीफ होती है और वही लोग विवाद खड़ा करते हैं। लेकिन मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि मैं जानता हू कि मेरा मकसद सिर्फ सच को सामने लाना है और मुझे लगता है कि जनता भी यही चाहती है- सच जानना। तो चाहे विवाद हो या न हो, मैं अपनी राह से पीछे नहीं हटूंगा।

**आपको कभी लगता है कि विवाद आपकी फिल्मों को नुकसान पहुंचाता है?**

विवाद फिल्मों को नुकसान नहीं पहुंचाते। बल्कि कभी-कभी विवाद ही लोगों को फिल्म देखने थिएटर तक खींच लाते हैं। लेकिन मेरा उद्देश्य विवाद पैदा करना नहीं है। मेरा उद्देश्य सिर्फ सच दिखाना है। अब अगर सच से विवाद होता है, तो यह समाज की जिम्मेदारी है कि वह इसका सामना करे।

**विवेक आपने कहा था कि ट्रोल्स अब आपको परेशान नहीं करते। लेकिन क्या कभी उनकी बातें आपको चोट पहुंचाती हैं?**

पहले पहुंचती थी। लेकिन अब मैंने समझ लिया है कि जो सच बोलता है, उसे गालियां भी मिलती है और अगर मैं सच की वजह से गालियां खा रहा हू, तो यह मेरे लिए सम्मान है।

## पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की भूमिका में नजर आएंगे धनुष



साउथ एक्टर धनुष ही फिल्म कलाम: जल्द द मिसाइल मैन ऑफ इंडिया में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशक ओम राउत का मानना है कि धनुष से बेहतर इस किरदार को कोई और नहीं निभा सकता है। निर्देशक ओम राउत ने कहा... धनुष एक बेहतरीन एक्टर हैं। मुझे खुशी है कि उन्होंने यह भूमिका निभाने के लिए हामी भरी है। मैं व्यक्तिगत रूप से उन्हें बहुत मानता हू और इस फिल्म में उनके साथ काम करने को लेकर उनसे बेहतर इस फिल्म और इस उत्साहित हू। मुझे लगता है कि किरदार को और कोई नहीं निभा सकता।

## पायलट के जन्मदिवस पर गौ सवामणी का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस.)** पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जिला पार्षद मन्जू रावत के नेतृत्व में ग्राम कालूहेड़ा स्थित श्री देवनारायण गौषाला में गौ सवामणी का आयोजन हुआ। जहां कार्यकर्ताओं ने गौ सेवा कर केक काटा एवं पायलट की लम्बी उम्र की कामना की। इस दौरान गौषाला अध्यक्ष सवाई रावत, सरपंच एड. देवेन्द्र रावत, पंसस प्रभू रावत, रामरतन पटेल, डीपी कसाना, हवासिंह आर्य, उदयसिंह, धोलाराम, मुकेष, सुभाष, हंसराज, मालाराम, बुधराम, वीरू प्रधान, रवि, विक्रम, मायाराम, कप्तान, जयसिंह, रामावतार, रामसिंह, सुरेष व शीषराम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहें।

## एड. सूबेसिंह मोरोड़िया ने पोस्टमैन शेरसिंह सैनी का किया स्वागत

### सैनी को डाक घर बीमा योजना पीएलआई/आरपीएलआई में मिला प्रथम स्थान



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस.)** स्थानीय डाक घर के पोस्टमैन शेरसिंह सैनी को राज्य में डाक घर बीमा योजना पीएलआई/आरपीएलआई में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मेघवाल विकास समिति जिलाध्यक्ष एड. सूबेसिंह मोरोड़िया ने शुभकामनायें एवं बधाई देते हुये उनका माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पोस्ट मास्टर एस एन बुनकर का भी स्वागत किया। इस दौरान पासपोर्ट ऑफीसर विष्णु यादव व एड. अजय आर्य समेत अन्य मौजूद रहें।

## निरन्तर विकास कार्य ही प्राथमिकता :- पटेल

### कस्बे के वार्ड नं. 08 में मुख्य सड़क निर्माण कार्य का किया षिलान्यास



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस.)** विधायक हंसराज पटेल ने शनिवार को कस्बे के वार्ड नं. 08 में मामचन्द कुमावत के मकान से मुख्य सड़क की ओर बनाई जा रही सी.सी. सड़क के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। पटेल ने कहा कि कोटपूतली तेजी से विकसित होता शहर हैं। यहां मजबुत इन्फ्रास्ट्रेक्चर तैयार किया जा रहा हैं, क्षेत्र में विकास कार्य निरन्तर जारी रहेगें। विधायक ने बताया कि 20 लाख रूपये की लागत से बनाई जा रही उक्त सड़क के निर्माण हो जाने के बाद वार्डवासियों को लाभ होगा। पार्षद राकेष सैनी ने मुख्य अतिथि विधायक पटेल व सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गाप्रसाद सैनी का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान मामचंद कुमावत, सेवानिवृत कैप्टन ओमप्रकाष, सागरमल शर्मा, विक्रम राजपूत, प्रकाष, राजेष कुमावत, मुकेष समेत बडी संख्या में अन्य मौजूद रहें।

## पायलट के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में की गौ सेवा



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस.)** पूर्व डिप्टी सीएम व एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व कांग्रेस नेता सांवत गुर्जर के नेतृत्व में कस्बा स्थित श्री जयसिंह गौषाला में गौ सेवा की। इस दौरान गौ माता को हरा चारा, दलिया व गुड़ आदि खिलाकर पायलट की लम्बी उम्र की कामना की। इस दौरान पार्षद मनोज गौड़, महेष मुक्कड़, रामसिंह पायला, घड़सी नेता, राजू, मालाराम आदि मौजूद रहें।

## विक्रम सिंह राज्य स्तरीय शिक्षक गौरव पुरूस्कार से सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस.)** राजधानी जयपुर स्थित एक निजी होटल में मानव जन जागृति संस्थान द्वारा शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सुधीर गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षा जगत एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देने वाले 50 चयनित शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक गौरव सम्मान 2025 से अलंकृत किया गया। जिसमें ग्राम खड़ब निवासी एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ाबास में पदस्थापित वरिष्ठ अध्यापक विक्रम सिंह दौचाणिया को भी सम्मान प्रदान किया गया।

## डूंगर महाविद्यालय के व्योम केंद्र में राष्ट्रीय कार्यशालाः श्वास और सचेतनता की शक्ति से जीवन में संतुलन

### ध्यान और मेडिटेशन से जीवन का कायाकल्प संभव

### नियमित अभ्यास से मानसिक शांति, एकाग्रता और ध्यान से आत्मिक ऊर्जा में गहरा परिवर्तन संभव

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर** अंतरराष्ट्रीय योग विशेषज्ञ और माइंड फुलनेस कोच डॉ. शिवादित्य पुरोहित के मार्गदर्शन में 'द पावर ऑफ ब्रेथ एंड माइंड फुलनेस' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यशाला में लगभग 80 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और श्वास तथा सजगता (माइंड फुलनेस) के बारे में जाना। डॉ. पुरोहित ने प्रतिभागियों को प्राचीन माइंडफुल ब्रीदिंग तकनीक सिखाते हुए बताया कि नियमित अभ्यास से मानसिक शांति, एकाग्रता और आत्मिक ऊर्जा में गहरा परिवर्तन संभव है। उन्होंने कहा कि वर्तमान क्षण में पूर्णतः उपस्थित रहना, बिना किसी पूर्वाग्रह अपने विचारों, भावनाओं और अनुभवों को सहज स्वीकार करना ही जीवन जीने की कला है। कार्यशाला की विशिष्ट अतिथि गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. विमला डुकवाल ने कहा कि सजग श्वास अभ्यास और एक्यूप्रेशर से व्यक्ति भावनात्मक नियंत्रण पा सकता है, जिससे चिंता और घबराहट जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद मिलती है। डूंगर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राजेंद्र पुरोहित ने योग की प्राचीन परंपरा तथा जीवन में ध्यान की शक्ति पर प्रकाश डाला। व्योम समन्वयक डॉ. दिव्या जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया। व्योम केन्द्र योग प्रमुख तथा संयोजक डॉ सुखराम ने कहा कि श्वास ही जीवन का आधार है। यदि हम इसे सजग होकर साध लें, तो जीवन की अधिकांश जटिलताओं पर सहजता से विजय पा सकते हैं। कार्यशाला आयोजन सचिव डॉ सुनीता मंडा तथा अर्चना पुरोहित थे। सह संयोजक डॉ निर्मल रांकावत ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यशाला में वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ.अनिला पुरोहित, डॉ .श्यामा अग्रवाल, डॉ.ललिता यादव, डॉ.बिंदु भसीन, डॉ.सुनीता गोयल, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. राजकुमार ठठेरा, डॉ.ललित कुमार वर्मा, डॉ.केसरमल, डॉ विश्वप्रभा, डॉ. सुषमा सोनी शर्मा, डॉ. मैना निर्वाण और डॉ.सरिता स्वामी आदि उपस्थित थे ।

## लूणकरणसर तहसीलदार ने डिजिटल क्रॉप सर्वे का किया निरीक्षण

**बीकानेर(निस.)** लूणकरणसर तहसीलदार विनोद पुनिया ने शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण किया। पुनिया ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) का कार्य चल रहा है। यह शत-प्रतिशत ऑनलाइन है और मौके पर जाकर संपादित किया जाता है। जिला कलक्टर के निर्देशानुसार तहसीलदार ने पटवार हल्का महाजन, चकजोड़, सुरनाणा पहुंचकर डीसीएस का निरीक्षण किया। उन्होंने हल्का पटवारियों को गिरदावरी का यह कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों को स्वयं की गिरदावरी करने का प्रशिक्षण दिया व अधिक से अधिक स्वयं की गिरदावरी करने हेतु प्रेरित किया। वर्तमान में जहाँ अतिवृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ है, उन स्थानों पर तुरन्त प्रभाव से ऑनलाईन खराबा दर्ज करने के निर्देश दिए, जिससे राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता दिलवाई जा सके। इसके साथ ही भू अभिलेख निरीक्षकों को अपने क्षेत्र में हर समय गिरदावरी कार्य को मॉनिटर करने के निर्देश दिए। इस दौरान मौके पर नायब तहसीलदार महाजन सुन्दरपाल, पटवारी आशाराम गोयल, महावीर प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## झुंझुनूं को मिला 150 बैड का आधुनिक आयुष आयुर्वेद अस्पताल

### डॉ. एस.डी. चोपदार की पांचवीं बरसी पर मिला बड़ी सौगात, तीन दिवसीय निशुल्क मेडिकल कैंप भी शुरू



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं।** प्रसिद्ध चिकित्सक एवं आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने वाले डॉ. सलाउद्दीन चोपदार की पांचवीं बरसी पर झुंझुनूं को बड़ा उपहार मिला है। वारिसपुरा रोड पर 150 बैड का आधुनिक सुविधाओं से युक्त डॉ. एस.डी. चोपदार आयुष हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का शुभारंभ शनिवार को किया गया। उद्घाटन चंचलनाथ टीले के महंत ओमनाथ महाराज और कमरूद्दीन शाह दरगाह के गद्दीनसीन एजाज नबी के सानिध्य में हुआ। इस मौके पर डॉ. चोपदार के पुत्र एवं कांग्रेस नेता एम.डी. चोपदार और बॉलीवुड स्टार सलीम दीवान विशेष तौर पर मौजूद रहे। आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ. जितेंद्र स्वामी ने कहा कि अस्पताल में आयुर्वेद के साथ आधुनिक सुविधाओं से उपचार मिलेगा, जिससे न केवल आमजन को राहत मिलेगी बल्कि आयुर्वेद को लेकर जन-जागरूकता भी बढ़ेगी। एम.डी. चोपदार और सलीम दीवान ने बताया कि यह अस्पताल उनके पिता का सपना था, जिसे साकार किया गया है। 2028 तक चूरू रोड पर 300 बैड का शेखावाटी का सबसे बड़ा आयुष अस्पताल भी खोला जाएगा। अस्पताल में प्रतिदिन विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे जो आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से परामर्श देंगे। पंचकर्म, शिरोधारा, रक्तमोक्षण, कपिंग थेरेपी, वमन, विरेचन, बस्ती, नस्य, अग्निकर्म आदि उपचार पद्धतियां भी उपलब्ध होंगी। साथ ही फिजियोथैरेपी और शास्त्रोक्त विधि से निर्मित दवाओं द्वारा संपूर्ण इलाज की सुविधा मिलेगी। बरसी के अवसर पर तीन दिवसीय निशुल्क मेडिकल कैंप की शुरुआत भी की गई, जिसमें पहले दिन ही सैकड़ों मरीजों ने जांच और उपचार का लाभ उठाया। सभी जांच, परामर्श और दवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई गईं। शिविर में जनरल चेकअप, नेत्र परीक्षण, रक्त जांच, बीपी और शुगर जांच सहित विभिन्न विशेषज्ञों की टीम सेवाएं दे रही है। यह कैंप सोमवार तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के गणमान्यजन, चिकित्सक और समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मास्टर खुर्शीद हुसैन गौहर ने किया और सभी का आभार व्यक्त किया।

## शराब ठेके पर डकैती का प्रकरण, 05 माह से फरार चल रहे चार अभियुक्त गिरफ्तार

### वारदात में प्रयुक्त दो बाईक जप्त

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस.)** निकटवर्ती भाबरू थाना पुलिस ने एक शराब ठेके पर हुई डकैती के प्रकरण में 05 माह से फरार चल रहे चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की हैं। एसएचओ अंकित सामरिया ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत 14 अप्रैल को कोटपूतली के ग्राम करवास निवासी परिवादी दिलीप कुमार जाट ने दर्ज करवाया था कि ग्राम बागावास में उसकी देशी व अंग्रेजी शराब की दुकान जिसका लाईसेंस परिवादी की पत्नी खामोश देवी के नाम से हैं। उक्त दुकान पर सैल्समैन विकास जाट 14 अप्रैल की शाम करीब 04.20 बजे मौजूद था। तभी तेजू पुत्र बीरबल गुर्जर (सिंधु) व 08 लड़के अन्य दो बाईकों पर सवार होकर ठेके पर आये एवं लूट व जान से मारने की नीयत से सैल्समैन पर हमला कर उसका सिर फोड़ दिया एवं गल्ले से लगभग 01 लाख 50 हजार रूपयों की नकदी निकालते हुये दुकान में तोड़फोड़ कर फरार हो गये। जिसके सीसीटीवी रिकॉर्ड भी उपलब्ध थे। पुलिस ने अभियुक्तों की तलाश शुरू करते हुये विषेश टीमों का गठन किया। पूर्व में दो विधि से संघर्षरत बालकों को निरूद्ध किया गया था। वहीं




प्रकरण में वांछित भाबरू के बजरंगपुरा की ढ़ाणी मेहताला निवासी तेजपाल सिंधु (45) पुत्र बीरबल गुर्जर व अषोक कुमार सिंधु (20) पुत्र तेजपाल गुर्जर। इसी प्रकार प्रागपुरा थाना क्षेत्र के रूपपुरा निवासी सचिन (20) पुत्र षिवपाल गुर्जर व ग्राम चांदोली निवासी सुरेन्द्र (21) पुत्र ओमप्रकाष गुर्जर को गिरफ्तार करते हुये वारदात में प्रयुक्त दो बाईकों को भी जप्त किया हैं।

## बाढ़ आपदा में संघ के सेवाकार्य तेज, 41 स्थानों पर 1743 स्वयंसेवक जुटे राहत में



जयपुर टाइम्स

**जालंधर।** पंजाब में बाढ़ की भयावहता को देखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने सेवा कार्यों की रफ्तार और तेज कर दी है। प्रांत संघचालक स. इकबाल सिंह ने बताया कि संघ समाज के सहयोग से हर वर्ग तक पहुंच रहा है और विशेषकर उपेक्षित इलाकों में सेवाकार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सेवा भारती, भारत विकास परिषद्, विद्या भारती, किसान संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, माधवराव मूले सेवा समिति व सरहदी लोकसेवा समिति जैसे संगठनों के बैनर तले संघ के स्वयंसेवक लगातार आपदा प्रभावितों की मदद कर रहे हैं। वर्तमान में 41 स्थानों पर 1743 स्वयंसेवक राहत व बचाव कार्यों में सक्रिय हैं। पीड़ित परिवारों को पका हुआ भोजन, सूखा राशन, पीने का पानी, तिरपाल, कंबल, फोल्डिंग बेड, दवाइयां, आश्रय स्थल व अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है। साथ ही पशुओं के लिए हरे व सूखे चारे की भी व्यवस्था की जा रही है। कई इलाकों में मेडिकल कैम्प आयोजित कर जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। अब तक स्वयंसेवकों द्वारा लगभग 12,000 परिवारों तक सीधी सहायता पहुंचाई जा चुकी है। स. इकबाल सिंह ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में समाज की जागृत शक्ति का अद्भुत परिचय देखने को मिला है, क्योंकि समाज का हर वर्ग पीड़ितों की मदद के लिए आगे आ रहा है।

## प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 08 सितम्बर



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस.)** यहां के राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन 11 अगस्त से जारी हैं। प्राचार्य डॉ. आर के सिंह ने बताया कि स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध कक्षा में नियमित प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी अंतिम तिथि 08 सितम्बर तक ऑनलाईन आवेदन भर सकते हैं। इसके लिये स्नातक की तीनों कक्षाओं की अंकतालिका, जाति प्रमाण पत्र, बोनस अंक के लिये संबंधित प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज आवश्यक है। महाविद्यालय में कला, विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय के 14 विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं का संचालन हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास, गणित, रसायन शास्त्र, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, लेखा एवं व्यावसायिक सांख्यिकी, आर्थिक एवं वित्तीय प्रशासन, व्यावसायिक प्रशासन विषयों में नियमित किया जा रहा है। इन विषयों में नियमित प्रवेश लिया जा सकता है। नोडल प्रभारी डॉ. सीमा पंत ने बताया कि महाविद्यालय में स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध के लिये प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 11 सितम्बर हैं। वरीयता सूची का प्रकाशन 12 सितम्बर को किया जायेगा। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी अंतिम तिथि का इंतजार नहीं करें। ई मित्र के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

### स्वच्छता सेवा दल कार्यकर्ताओं ने यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा से की शिष्टाचार भेंट

**कोटपूतली(निस.)** स्वच्छता सेवा दल कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा से शिष्टाचार भेंट करते हुये संगठन की गतिविधियों से अवगत कराया। इस दौरान मंत्री ने सामाजिक संगठन स्वच्छता सेवा दल की उपलब्धि पत्रिका का विमोचन किया। टीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतू माली ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन पिछले 09 वर्षों से लगातार सेवा कार्यों में सक्रिय है। विशेष रूप से कोटपूतली टीम के सदस्यों ने कोरोना महामारी के दौरान भी निःस्वार्थ भाव से सेवा कार्य किये। इसके अतिरिक्त संगठन द्वारा खाटू श्याम जी में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण अभियान, परिंडा लगाओ पक्षी बचाओ अभियान, असहाय व्यक्तियों को आवश्यक सामग्री वितरण सहित अनेक सामाजिक गतिविधियाँ संचालित की जाती रही हैं। संयोजक प्रवीण कुमार बंसल ने स्वच्छता अभियान में आ रही समस्याओं से अवगत कराया और शीघ्र समाधान का आग्रह किया। इस पर मंत्री ने आवश्यक कदम उठाने और त्वरित समाधान का आष्वासन दिया।

## छोटे से गाँव से एशिया कप तक- सुशीला खोथ की संघर्ष और सफलता की कहानी

जयपुर टाइम्स

**रावतसर(निस.)** राजस्थान के बाड़मेर जिले के छोटे से गाँव भुरटिया की बेटी सुशीला खोथ ने यह साबित कर दिया है कि सपनों को सच करने के लिए हिम्मत और जुनून ही काफी है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भुरटिया की नियमित छात्रा सुशीला खोथ का चयन वर्तमान में भारत की अंडर-18 गर्ल्स रग्बी टीम में हुआ है। आने वाली 12 सितंबर को वह चीन में आयोजित होने वाले एशिया कप रग्बी टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

### संघर्षों से भरी कहानी

सुशीला का सफर आसान नहीं रहा। वह एक किसान परिवार से है। उसके माता-बाली देवी और पिता गणेश कुमार खोथ हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। घर की आय का स्रोत केवल खेती और पशुपालन है। कई बार तो सुशीला के परिवार ने अपनी बकरियाँ बेचकर उसके लिए रग्बी की किट, यात्रा और




प्रशिक्षण का खर्चा पूरा किया।
यह सुनकर हर किसी की आँखें नम हो जाती हैं। लेकिन कठिन परिस्थितियाँ भी सुशीला के हौसले को कभी डिगा नहीं पाईं।

### 5 बार राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन

वर्ष 2023-24 और 2024-25 में SGFI नेशनल गेम्स में भाग लिया SGFI की ओर से खेलते हुए राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त किया और राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया।
खेलो इंडिया वीमेंस टूर्नामेंट 2024 में कांस्य पदक जीतकर टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनी।राष्ट्रीय ओपन रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-15 और अंडर-17 कैटेगरी में राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व। हाल ही में कोलकाता में इंडिया टीम कैंप और ट्रेनिंग में हिस्सा लिया।वहाँ से थाईलैंड मैत्री मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व कर शानदार प्रदर्शन किया और एशिया कप टीम में चयनित हुई।

### सुशीला का सपना

सुशीला के सपने बड़े हैं - वह भारत के लिए एशियाई और विश्व स्तर पर गोल्ड मेडल जीतना चाहती है। पर कभी-कभी यह डर भी सताता है कि कहीं आर्थिक परिस्थितियाँ उसके सपनों के बीच दीवार न बन जाएँ।
साथ ही उनका सपना है कि यदि सरकार भुरटिया में रग्बी फुटबॉल हेतु राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम का निर्माण करावे तो मैं मेरे जैसे ओर राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार कर सकती हूं।

### गर्व की बात

आज गाँव भूरटिया ही नहीं, बल्कि पूरा बाड़मेर जिला और राजस्थान उसके साहस और लगन पर गर्व महसूस कर रहा है। सुशीला यह संदेश देती है कि प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती। अवसर और सहयोग मिलने पर गाँव की बेटियाँ भी देश और दुनिया का नाम रोशन कर सकती हैं।

### खुद कहती है

"जब घर में बकरी का बच्चा पैदा होता है, तो परिवार तय करता है कि उसे बेचकर मेरी ट्रेनिंग या रग्बी किट का इंतजाम करेंगे।"

### विधालय स्टाफ,ग्रामीणों व रिश्तेदारों ने दी बधाई

इस संघर्ष के सफर में योगदान माता -पिता के साथ दादा जी रूपाराम खोथ , कौशला राम विराट , सचिव बाड़मेर रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन, राणाराम विराट,मोहन लाल सारण, सवाई सैन गौड़ा , गिरीश कुमार थोरी, रवि चौधरी,फरसा राम सारण, शंकुतला चौधरी के साथ समस्त स्टाफ भुरटिया एवं ग्राम वासियों का रहा । प्रधानाचार्य महेश कुमार दवे ने इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।

### नेताओं ने दी बधाई

भुरटिया सरपंच प्रतिनिधि उत्तमचंद खोथ , मूलाराम पुनिया पूर्व जिलाध्यक्ष वीडीओ संघ बाड़मेर , अमरसिंह गोदारा सीबीईओ आडेल व हनुमान प्रसाद गोदारा वीडीओ ने घर पर जाकर सुशीला के दादाजी रूपाराम को बधाई दी , इसके अलावा हरीश चौधरी विधायक बायतु , डा प्रियंका चौधरी विधायक बाड़मेर व महेंद्र चौधरी जिला प्रमुख बाड़मेर ने फोन पर बात कर व सोशल मीडिया पर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की , ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की।

## गणपति प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाल कर किया विसर्जित



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** कस्बे समेत आसपास के क्षेत्रों में अनन्त चतुर्दशी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।करीब तीन दर्जन गणेश प्रतिमाओं को वाहनों में विराजित कर बैंड-बाजे,ढोल-ताशों के साथ 'गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारे लगाते और रंग-गुलाल उड़ाते हुए नाचते-गाते सैंकड़ों भक्तों के साथ छोटा दरवाजा से शुरू हुई शोभायात्रा सदर बाजार,बड़ा दरवाजा,सब्जीमंडी व बूंदी रोड होते हुए मन्डोल बांध पहुंची जहां विधि-विधान से भगवान गणेश की प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया।विधायक गोपाल खंडेलवाल ने भी शोभायात्रा में शिरकत की।बजरंग व्यायाम शाला बिजौलियां द्वारा शोभायात्रा के दौरान अखाड़ा प्रदर्शन कर हैरतअंगेज करतब दिखाए गए। इसी के साथ 10 दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन हो गया।वहीं घर, दुकान, प्रतिष्ठानों और ऑफिस में विराजमान भगवान गणपति की प्रतिमाओं का भी भक्तों द्वारा अलग-अलग जा कर जलाशयों में विसर्जन किया गया।साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी हर्षोल्लास के साथ गणेश प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाल कर नदी-तालाबों में विसर्जित किया।श्रद्धालुओं ने अनन्त चतुर्दशी के व्रत भी रखे।अनन्त भगवान की पूजा कर खीर-रोट का भोग लगाया और कथा सुनी।धागे को कुंकुम, केसर व हल्दी से रंग कर चौदह गांठ लगा कर बनाए अनन्त सूत्र को धारण किया।

## पर्युषण महापर्व के समापन पर निकाली शोभायात्रा



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** कस्बे के बड़े जैन मंदिर,छोटे जैन मंदिर, सीमंधर जिनालय व श्री दिगम्बर जैन पारसनाथ तीर्थ क्षेत्र के साथ ही चाँदजी की खेड़ी स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में पर्युषण महापर्व के अंतिम दिन उत्तम ब्रहमचर्य धर्म की आराधना की गई और शोभायात्रा निकाली गई।प्रात: अभिषेक ,शांतिधारा एवं पूजा की गई। चाँदजी की खेड़ी में शांतिधारा हीरालाल, सुरेशचन्द, मनोजकुमार व अयांश कुमार पाटनी की ओर से की गई। पूजा, सोलह कारण, दशलक्षण सहित अन्य पूजा हुई। समाज के वीरेन्द्र पहाडिया ने बताया कि अनंतचतुर्दशी पर श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई और वार्षिक कलशाभिषेक हुआ।सायंकाल 48 दीपों की भक्तामर महाआरती एवं शास्त्र वाचन के पश्चात क्षमावणी का आयोजन हुआ।जिसमें समाजजनों द्वारा वर्षभर की गलतियों के लिए एक दूसरे से क्षमा याचना की।

## फुलेरा में पानी की भयंकर किल्लत

### आला अधिकारी और जनप्रतिनिधि बने मूकदर्शक

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा निसं.)**कस्बे में फरवरी 2024 से पानी की भारी किल्लत आमजन के लिए अभिशाप बन चुकी है। बीसलपुर की लाइन आए दिन फूटने से लोगों को महीने भर में मुश्किल से चार-पाँच दिन ही पानी मिल पा रहा है। आमजन का आरोप है कि विभागीय लापरवाही और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता ने हालात और गंभीर कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि यह लाइन बार-बार फूट रही है तो नई लाइन डालना ही स्थायी समाधान है, लेकिन जिम्मेदारों ने इस दिशा में आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया।नागरिकों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि "आला अधिकारी और जनप्रतिनिधि केवल आश्वासन देकर किनारा कर लेते हैं, जबकि जनता रोजमर्रा की जिंदगी में पानी के लिए त्राहिमाम कर रही है।" "जब सबकुछ बीसलपुर पर ही निर्भर है तो सवाल यह उठता है कि आखिर स्थानीय जलदाय विभाग किसलिए है? जनता का कहना है कि विभाग केवल वेतन और दफ्तर चलाने तक सीमित रह गया है, आमजन को राहत देने में इसकी कोई भूमिका नजर नहीं आती।" लोगों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आने वाले समय में आंदोलन होना तय है। उनका कहना है कि अब जनता को ही आगे बढ़कर कुछ करना होगा, क्योंकि जिम्मेदारों से अब किसी उम्मीद की गुंजाइश नहीं बची है

# जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

### अतिवृष्टि तथा बाढ़ प्रभावितों को पहुंचाएं त्वरित राहत, पूरी पारदर्शिता के साथ समय पर करें फसल खराबे की गिरदावरी - जिला प्रभारी मंत्री



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर (निसं.)।** राज्य मंत्री गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग व जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने शनिवार को धौलपुर जिले में अतिवृष्टि से उपजे हालातों और प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे राहत कार्यों की गहन समीक्षा की। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावितों तक राहत पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में प्रभारी मंत्री बेढ़म ने जिले में अब तक हुई मानसूनी वर्षा के आंकड़ों, अतिवृष्टि के कारण हुए विभिन्न प्रकार के नुकसान, और आपदा के दौरान अपनी जान गंवाने वाले लोगों के आश्रितों को दी जाने वाली सहायता की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से आकाशीय बिजली गिरने तथा पानी में डूबने से हुई मौतों पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को तत्काल मुआवजा स्वीकृत करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिला प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि राहत का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे। प्रभारी मंत्री बेढम ने बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए सरकारी भवनों, विशेषकर स्कूलों, अस्पतालों और आंगनबाड़ी केन्द्रों की मरम्मत के प्रस्तावों पर भी चर्चा की। उन्होंने एसडीआरएफ के नियमों के तहत विभिन्न विभागों से प्राप्त मरम्मत प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन भवनों की मरम्मत का कार्य शीघ्रता से सुनिश्चित किया जाएं, ताकि आमजन से जुड़ी आवश्यक सेवाएं बाधित न हों। किसानों की पीड़ा को समझते हुए, प्रभारी मंत्री ने बैठक का मुख्य फोकस फसल खराबे पर रखा। उन्होंने कृषि विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार खराब हुई फसलों की गिरदावरी का कार्य अविलंब पूरा करवाया जाएं। उन्होंने कहा, किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इस आपदा की घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है। यह सुनिश्चित करें कि गिरदावरी पूरी पारदर्शिता के साथ और समय पर हों, ताकि किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा और फसल बीमा का लाभ दिलाया जा सकें।

बैठक में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने प्रभारी मंत्री को जिले की समग्र स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य युद्ध स्तर पर चलाए जा रहे हैं। प्रभावित लोगों के लिए अस्थायी आश्रय स्थल, भोजन, पेयजल और चिकित्सा सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गई हैं। उन्होंने एसडीआरएफ के तहत प्राप्त विभिन्न प्रस्तावों और उन पर की जा रही कार्यवाही का भी विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस पर प्रभारी मंत्री ने कहा के वर्षा से प्रभावित लोगों के लिए प्रशासन की व्यवस्था माकूल रही है। उन्होंने कहा कि चंबल किनारे बसे लोगों जो बाढ़ के पानी से प्रभावित होते हैं उन गांवों के प्रभावित लोगों के लिए ऊंचे स्थान पर रहवास के लिए शिविर लगाकर लगाकर आवासीय पट्टों का वितरण किया जाए। प्रभारी मंत्री बेढम ने शहर चलो व गांव चलो अभियान पर चर्चा करते हुए कहा कि अभियान के तहत शिविरों में नए नवाचार करें। शिविरों के सार्थकता तभी सिद्ध हो सकती है जब आमजन की समस्याओं का समाधान हो। इसके लिए पंचायतों में निरंतर प्रचार प्रसार करें। उन्होंने पांच गौरव अभियान पर चर्चा करते हुए कहा कि जिले के किसानों के लिए किसान सेवा केंद्र एवं अन्य स्थानों पर गोष्ठी आयोजित कर आलू की प्रोसेसिंग के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्रदान करें। बैठक में प्रभारी मंत्री ने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजाखेड़ा बाईपास से शहर में जो भी सर्विस रोड खराब है उनको तुरंत प्रभाव से सही कर आमजन को लाभ पहुंचाएं। इसी प्रकार पीडी दौसा को निर्देश देते हुए कहा कि गांव खानपुरा के पास उर्मिला सागर के पास सड़क को तुरंत प्रभाव से दुरुस्त कर यातायात को सुचारू किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान विधायक बाड़ी जसवंत सिंह गुर्जर, जिला प्रभारी सचिव पी रमेश, पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उपखंड अधिकारी साधना शर्मा सहित विभागीय अधिकारी और जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## विराटनगर में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ

### विधायक कुलदीप धनखड़ बोले– अब क्षेत्रवासियों को घर-आंगन पर मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधा





जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** कस्बेवासियों के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहा, जब क्षेत्र में लंबे समय से प्रतीक्षित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भव्य उद्घाटन किया गया। विधायक कुलदीप धनखड़ ने फीता काटकर एवं शिला पट्टिका से पर्दा हटाकर इस स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ किया।उद्घाटन अवसर पर विधायक धनखड़ ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के शुरू होने से अब क्षेत्रवासियों को घर-आंगन पर ही बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी और उन्हें दूरदराज नहीं भटकना पड़ेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विराटनगर के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने विधायक धनखड़ का माल्यार्पण व साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इसी दौरान विधायक ने आमजन के अभाव-अभियोग भी सुने और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।इस अवसर पर भाजपा उत्तर देहात जिला अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि फूलचंद सैनी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मामराज सोलंकी, भाजपा पूर्व जिला महामंत्री हेमंत निर्मल, पार्षद महेश सैनी, रोमेश मिश्रा, भाजपा मंडल महामंत्री सत्यनारायण सैनी, पूर्व पार्षद बद्री प्रसाद सैनी, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष हेमराज सैनी, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा सैनी, अमरनाथ यादव, जीवण यादव, जगदीश गुर्जर, रामकरण छावडी, शिवराम गुर्जर, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि भेरूलाल सैनी, रूपेंद्र शर्मा, नंदकिशोर छिपा, मातादीन सैनी, विजय सैनी, रामेश्वर मीणा, महेश सैनी, दीपेश चौबे, बंटी चौधरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नगर निगम ग्रेटर अलर्ट मोड पर

### जज्जर भवनो का पुनः सर्वे, कर लगाये चेतावनी बोर्ड अनाउंसमेंट /मुनादी के जरिए आमजन को भी दी चेतावनी


कार्यालय- उपायुक्त, जगतपुरा जोन, नगर निगम ग्रेटर-जयपुर
नोटिस

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारी बारिश की चेतावनी के मध्य नजर नगर निगम ग्रेटर की टीम शनिवार को अलर्ट मोड में रही आयुक्त डॉ गौरव सैनी के निर्देशानुसार जोन की टीम ने शनिवार को फील्ड में रहकर जोनवार जर्जर भवनो का पुनः सर्वे किया तथा चेतावनी बोर्ड/ बैनर लगाए .. जर्जर भवनों में रह रहे रहवासियों को नोटिस भी दिए गए साथ ही उन्हें किसी भी प्रकार की अनहोनी या दुर्घटना होने की चेतावनी भी दी गई। आयुक्त डॉ गौरव सैनी ने बताया कि शहर वासियों की सुरक्षा हमारे लिए प्राथमिकता है, शहर में हो रही बारिश के कारण कोई भी जनहानि ना हो जिन जर्जर भवनों में रहवासियों और राहगीरों की सुरक्षा के लिए खतरा माना जा रहा है उन पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है इसके साथ ही अनाउंसमेंट /मुनादी के जरिए आमजन को सतर्क रहने की भी अपील की जा रही है। इसके साथ ही यदि भारी बारिश में किसी भी प्रकार की जल भराव , सुरक्षा संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो नगर निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलों पर आश्रय लिया जा सकता है। 1गांधी घर बांगड़ अस्पताल परिसर जेएलएन रोड. 2 लाल कोठी महिला छात्रावास के पीछे पुलिस मुख्यालय के पास 3 स्टेडियम रोड सांगानेर स्थित नगर निगम का पुराना भवन 4 थड़ी मार्केट मानसरोवर हाजिरीगाह 5 झालाना बाईपास सुलभ कांप्लेक्स के पास 6 जगतपुरा रेलवे स्टेशन के सामने पुराना पंचायत भवन भांकरोटा इन सभी आश्रयस्थानों पर आश्रय लिया जा सकता है।

## सुभाष चौक में जर्जन मकान ध्वस्त, बाप बेटी की मौत, पांच घायल

### जयपुर नगर निगम हेरिटेज महापौर कुसुम यादव ने 7 दिन में जर्जर भवन को ध्वस्त करने कि कहीं बात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** जयपुर के सुभाष चौक थाना इलाके में शुक्रवार की देर रात करीब 2.00 जर्जर मकान गिर गया जिसकी वजह से इस हादसे में बाप बेटी की मलबे के नीचे दबने से मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए जिनका अस्पताल में उपचार जारी है जानकारी के अनुसार शनिवार को जयपुर नगर निगम हेरिटेज महापौर कुसुम यादव घटनास्थल पर पहुंची और हालातो का जायजा लिया इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान महापौर कुसुम यादव ने कहा कि जो भवन गिरा है उसके मालिक को दो बार जर्जर भवन को गिराने के लिए निगम प्रशासन की और से नोटिस दिए गए थे अगर नोटिस मिलने के बाद भी मकान मालिक ने नोटिस पर ध्यान नहीं दिया तो यह उसकी लापरवाही है और अगर उसने नोटिस का जवाब दिया और नोटिस के जवाब के बाद निगम के संबंधित अधिकारी ने कार्रवाई नहीं की है तो यह निगम के अधिकारी की गलती भी मानी जाएगी उन्होंने कहा कि फिलहाल इस पूरे मामले के बारे में आवश्यक जानकारी जुटाए जा रही है उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि नगर निगम प्रशासन की ओर से जर्जर भवन को ध्वस्त करने की कार्रवाई तो की जाती है लेकिन कई बार लोग इसका विरोध कर देते हैं और कई बार लोग कोर्ट से स्टे लेकर आ जाते हैं इसकी वजह से करवाई रुक जाती है महापौर कुसुम यादव ने माननीय कोर्ट से भी अपील की है कि जर्जर भवन के मामले में जो भी स्टे लेने की अर्जी लगाई उस पर स्ट ना दे तो अच्छा रहेगा उन्होंने कहा कि आगामी 7 दिनों में जितने भी जर्जर भवन हैं उन्हें ध्वस्त किया जाएगा जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात सुभाष चौक में जो मकान ध्वस्त हुआ है उसके मालिक ने पूरा मकान किराए पर दिया हुआ था और एक बंगाली परिवार किराए पर रहने के लिए आया था स्थानीय लोगों का भी कहना है कि मकान का एक हिस्सा पूरी तरह से जर्जर हो चुका था इसके बारे में कई बार मकान मालिक को चेताया गया लेकिन उसने गौर नहीं किया और मकान किराए पर दे दिया।

## विशेष रूप से सक्षम बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ भव्य शुभारम्भ

जयपुर टाइम्स



**जयपुर,(कासं.)** । रालसा द्वारा विशेष रूप से सक्षम बच्चों में विधिक जागृति पैदा करने के उद्देश्य से खेलकूद व अन्य गतिविधियों के जरिए विधिक चेतना अभियान उड़ान 2.0 का शनिवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम के इन्डोर स्टेडियम में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधिपति श्री जे. के. माहेश्वरी मुख्य आतिथ्य में उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ न्यायाधिपति के आगमन पर पुलिस बैण्ड की स्वागत धुन व नालसा के थीम सॉन्ग के साथ हुआ। इस दौरान अतिथियों द्वारा आकाश में गुब्बारे उड़ाए गए। वाल ऑफ इंशपिरेशन पर हस्ताक्षर किए, सभी खिलाड़ियों के पास जाकर उनका खेल देखा और उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधिपति ने कहा कि विशेष रूप से सक्षम बच्चों को खेल के साथ-साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए हिम्मत उत्साह व लगन से प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायाधिपति संजीव प्रकाश शर्मा ने बताया कि उड़ान 2.0 से विशेष योग्यजन बच्चों को उनके सपनों को साकार करने के लिए नई प्रेरणा मिलेगी। स्वागत भाषण व्यायाधिपति डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह भाटी ने दिया वहीं न्यायाधिपति इन्द्रजीत सिंह भाटी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। राजसा के सदस्य सचिव हरिओम अत्री ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि सम्पूर्ण राजस्थान के हर जिले में रालसा उड़ान 2.0 कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया हैं। इसके अन्तर्गत कबड्डी, शतरंज, केरम, बॉसीबाल, बैंडमिंटन, टेबल टेनिस, चित्रकारी, लंबीकूद जैसी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इस दौरान सभी स्पेशल सरकारी गैर सरकारी शिक्षण सस्थानों में अध्ययनरत 8 से 18 वर्ष की आयु के विशेष योग्यजन बच्चें भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता संभाग स्तर पर, संभाग स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के चिजेता राज्य स्तर पर करीब दो महीनें चलने वाली इन खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इस दौरान न्यायाधिपति महेन्द्र कुमार गोयल, विनोद कुमार भारवानी, शुभा मेहता, अनिल कुमार उपमान, अशोक कुमार जैन, भुवन गोयल, प्रवीर भटनागर, आशुतोष कुमार, मनीष शर्मा, रवि चिराणिया आदि उपस्थित थे।

# प्रदेश की 15 प्रमुख मंडियों से भी ज्यादा सुमेरपुर की डीएलसी दरें

### केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सीएम को कराया अवगत

### मुख्यमंत्री ने डीएलसी दरें घटाने का दिया आश्वासन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** पाली जिले की सुमेरपुर कृषि उपज मंडी एकमात्र ऐसी मंडी है जिसके भूखंडों की डीएलसी की दरें राज्य की प्रमुख 15 मंडियों से कहीं ज्यादा है। हैरानीजनक बात ये है कि मंडी के गेट से बाहरी परिधी में डीएलसी की दरें मंडी से आधी भी नहीं है। इस बड़े अंतर के कारण मंडी के व्यापारी दुकानों की क्रय-विक्रय की रजिस्ट्री कराने की बजाय एग्रीमेंट करके ही व्यापार कर रहे हैं। इससे राज्य सरकार को राजस्व को कोई राजस्व नहीं प्राप्त हो रहा है। कृषि मंडी की डीएलसी दरें घटाने की मांग को लेकर स्थानीय विधायक व पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को अवगत कराया है। इस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जल्द ही इसमें संशोधन कर सुमेरपुर कृषि मंडी की डीएलसी दर कम करने का आश्वासन दिया। मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि सुमेरपुर की महाराजा उम्मेद सिंह कृषि उपज मंडी समिति की डीएलसी दरें 4776 रुपए प्रति वर्ग फीट है। वहीं, मुख्य मंडी बालोतरा की डीएलसी दर 621 रुपए प्रति वर्ग फीट, बाड़मेर मंडी की 1750 रुपए, भगत की कोठी की 3564 रुपए, बिलाड़ा की दर 3765, जैसलमेर मंडी की दर 1990, जैतारण की 2376, जालोर की 2459, जोधपुर फल-सब्जी व अनाज मंडी की दर 3618, पाली मंडी की 3464, फलोदी मंडी की 2247 रुपए, पीपाड़ शहर मंडी की दर 3564, रानी स्टेशन मंडी की दर 2710 रुपए, सांचोर मंडी की दर 2491 रुपए, मुख्य मंडी सोजत रोड की दर 825 रुपए वर्ग फीट है। उन्होंने बताया कि सुमेरपुर मंडी परिसर के बाहर जवाई बांध रोड जो कि व्यवसायिक मार्केट है, उसकी डीएलसी दरें 2393 रुपए प्रति वर्ग फीट मुख्य मंडी प्रांगण के बाहर आर्य समाज से भुवनेश्वरी मंदिर तक है। इस प्रकार मंडी परिसर के बाहर 20 फीट दूरी पर ही मंडी परिसर से आधी डीएलसी दरें हैं। इस कारण व्यापारी दुकानों के क्रय-विक्रय की रजिस्ट्री नहीं कराते हैं तथा एग्रीमेंट करके ही व्यापार कर रहे हैं। रजिस्ट्री नहीं होने से राज्य सरकार को पिछले 40 साल से राजस्व प्राप्त नहीं हुआ है। केबिनेट मंत्री कुमावत ने बताया कि कृषि मंडी से बाहर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सभी प्रतिष्ठानों में सभी तरह की जिन्सों का व्यापार करने की छूट रहती है, लेकिन कृषि उपज मंडी में फिर कृषि जिन्सों के व्यापार की ही अनुमति है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि व्यापारियों को प्रोत्साहन देने के लिए मंडी की दुकानों में भी अन्य व्यापारिक गतिविधियां शुरू करने की अनुमति दी जाए। कुमावत ने मंडियों में रियायती दरों पर दुकानों का आवंटन करने की मांग भी की है। आपको बता दें कृषि उपज मंडी व्यापार संघ लंबे समय से मंडी परिसर के अंदर की डीएलसी दरें घटाने की मांग कर रहा है। कृषि उपज मंडी समिति ने भी जिला कलेक्टर पाली को कई बार प्रस्ताव बनाकर भेजे हैं। यही नहीं इस मांग को लेकर जोराराम कुमावत ने भी अपने पिछले विधायक कार्यकाल में कई बार विधानसभा में भी यह मुददा उठाया था।

## सिवरेज के दोषियों पर करेंगे कार्यवाहीः राजेंद्र राठौड़



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़ सुजानगढ़ पहुंचे और एफसीआई में जलभराव और निकासी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने एफसीआई में हुए अनाज के नुकसान के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि बदबू काफी ज्यादा है इसलिए दवाईयों का छिड़काव यहां पर किया जावे, ताकि जनता को बिमारियों से ग्रसित नहीं होना पड़े। पंचायत समिति में मीडिया से बातचीत के दौरान मंत्री ने कहा कि 42 पम्पसैट के जरिये मोहल्लों से पानी निकासी की जा रही है और जनता को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि करीब 18 हजार बोरियों के पानी में डूबने की जानकारी अधिकारियों से मिली है, इसका आंकलन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री गंभीर हैं और आपदा को देखते हुए प्रभारी मंत्रियों को अपने क्षेत्रों में भेजा गया है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता वाले स्थानों पर फूड पैकेट्स का विरतण भी किया गया है। उन्होंने कहा कि मुआवजे के लिए जिला कलक्टर ने सर्वे के आदेश दिए हैं और नियमानुसार सबको मुआवजा दिया जायेगा। इसी प्रकार अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों को लेकर भी मुआवजा दिया जायेगा। राठौड़ ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की अमृत योजना सुजानगढ़ में विष योजना बन गई, इसलिए आज सुजानगढ़ की दुर्दशा हो रही है। उन्होंने कहा कि हम लोग सिवरेज की जांच करवाईयेंगे और दोषियों को कटहरे में खड़ा करके टांगने का काम करेंगे। इस अवसर पर चूरू विधायक हरलाल सारण, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, उप नेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजारणिया, पार्षद हरीओम खोड़, महेश ओझा, भाजपा नेता कमल दाधीच, पार्षद पंकज घासोलिया, बाबूलाल कुलदीप, मदनलाल भारी, गणेश मंडावरिया, बाबूलाल माली, शिवभगवान चौहान, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक आदि मौजूद रहे।

## गहलोत का हमलाः राहुल गांधी की भविष्यवाणियां सच साबित, जीएसटी से व्यापारी सहित हर वर्ग परेशान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी ने कोविड, नोटबंदी और जीएसटी पर जो भविष्यवाणियां की थीं, वे आज सच साबित हो चुकी हैं। गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी ने पहले ही आगाह कर दिया था कि जीएसटी से व्यापारी, उपभोक्ता और हर वर्ग प्रभावित होगा, लेकिन सरकार ने उस पर ध्यान नहीं दिया। जयपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान गहलोत ने कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी थी कि जब विपक्ष का नेता इतना गंभीर मुद्दा उठाए, तो उस पर गौर करे। अगर समय रहते जीएसटी की समीक्षा कर ली जाती, तो आज लोगों को इतनी परेशानियां नहीं झेलनी पड़तीं। उन्होंने कहा कि महंगाई के दौर में जनता पहले से ही त्रस्त थी, ऐसे में टैक्स सुधारों को टालने से तकलीफ और बढ़ गई। गहलोत ने आरोप लगाया कि जीएसटी लागू करने में सरकार ने जल्दबाजी की। यूपीए शासनकाल में जब यह प्रस्ताव आया था, तब भाजपा शासित राज्य, जिनमें मोदी की अगुवाई वाली गुजरात सरकार भी शामिल थी, इसका विरोध कर रहे थे। लेकिन सत्ता में आने के बाद उसी जीएसटी को लागू कर दिया गया। अलग-अलग 5, 18 और 28 प्रतिशत के स्लैब बनाकर जनता पर बोझ डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि जीएसटी की जटिल प्रक्रिया के कारण कई लोग जेल में बंद हैं और उन्हें सजा मिल चुकी है। व्यापारी वर्ग को इसे समझने का पर्याप्त समय नहीं दिया गया। जबकि प्रणब मुखर्जी के समय पर यह सुझाव था कि एक ही स्लैब रखा जाए, जिससे लोग आसानी से कर प्रणाली को समझकर लागू कर सकें। गहलोत ने कहा कि अब भी सुधार की गुंजाइश है। यदि कोई कमी है तो तुरंत ठीक किया जाए, ताकि व्यापारियों और आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि देरी से किए गए फैसले का प्रचार करना समस्या का हल नहीं है, बल्कि वास्तविक सुधार जरूरी है।



# अतिवृष्टि प्रभावित लोगों को राहत के लिए सरकार कर रही सतत प्रयासः अविनाश गहलोत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की मीटिंग ली। मीटिंग में बरसाती जल भराव से प्रभावित लोगों को पूरी राहत दिए जाने, बीमारियों के प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने बरसाती पानी के निकासी के लिए अब तक किए गए प्रयासों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों के लिए अत्यंत संवदेनशील है तथा प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए सतत प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की प्रदेश सरकार प्रत्येक प्रभावित क्षेत्र में आमजन को त्वरित राहत प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार बेहतर आपदा प्रबंधन के साथ प्रभावितों को समुचित सहायता सुनिश्चित करने का काम कर रही है। सरकार के मंत्रीगण एवं अधिकारीगण अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर बेहतरीन प्रयास करें। आपदा में आमजन को राहत देने के लिए अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं जनता का समुचित





समन्वय हो और प्रभावितों को त्वरित राहत मिले। हम अतिवृष्टि से उत्पन्न हुई स्थितियों से निपटते हुए प्रभावी व स्थाई समाधान के प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कोई भी बस्ती के लिए समस्या समाधान सुनिश्चित करने से पहले वहां के पार्षदों को जरूर साथ लिया जावे तथा अधिकारी सम्बंधित विधायक की बातों को तवज्जो दें। मंत्री ने कहा कि एफसीआई में सड़े गेहूं का जल्द निस्तारण किया जावे और किसी भी हालत में दूषित गेहूं जनता तक नहीं पहुंचना चाहिए और नियमानुसार उसका डिस्पोजल किया जाए। बैठक में सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि राजस्थान का सबसे शानदार सिंथेटिक ट्रेक चूरू में दुर्दशा का शिकार हो रहा है, जिला कलक्टर महोदय कार्यवाही क्यों नहीं करते, जिस पर अधिकारियों ने कहा कि जल्द मेंटिनेंस की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि जिस प्रकार से चिकित्सा टीमों के मोहल्ले में जाने की बात कही गई है, वह धरातल पर उतनी सच नहीं है। रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि चापटिया तलाई से 9 ईंच मोटी एक लाईन और डाली जावे। जिला प्रमुख वंदना आर्य, पर्यटन आयुक्त एवं प्रभारी सचिव रूक्मणि रियार, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, सभापति नीलोफर गौरी, जयश्री दाधीच, एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, एएसपी दिनेश कुमार, पार्षद हरीओम खोड़, अमित सोनी, वैद्य भंवरलाल शर्मा, दीपक काछवाल, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, उपखंड अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आमजन बैठक में मौजूद रहे।

### सिवरेज को लेकर हुआ विवाद, मंत्री ने कहा - जस्ट स्टॉप इट

बैठक के दौरान भाजपा नेता तनसुख प्रजापत, कमल दाधीच, उप नेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजारणियां, नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच आदि ने सिवरेज में अनियमितता का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस की 10 साल से नगरपरिषद है और 150 करोड़ का दुरूपयोग हुआ है। जिस पर मंत्री व कलक्टर ने उन्हें बैठाने का प्रयास किया। लेकिन आरोप लगाना जब जारी रहा, तो सांसद राहुल कस्वां और विधायक मनोज मेघवाल भी बचाव में उतरे और कहा कि नगरपरिषद कोई कार्यकारी एजेंसी नहीं है। आप कार्यकारी एजेंसी की जांच करवााओ, जिस पर भाजपा नेताओं ने कहा कि मोनिटरिंग तो कांग्रेस की नगरपरिषद की ही है। करीब 3 मिनट तक हल्ला होने पर मंत्री गहलोत ने भाजपा नेताओं की ओर उंगली दिखाकर जहां च्च्जस्ट स्टॉप इट, ये कोई कांग्रेस भाजपा की मीटिंग नहीं है। यहां केवल बारिश से प्रभावित लोगों को राहत देने की बात होगी।'' मंत्री की फटकार के बाद बैठक का माहौल शांत हुआ। इसके 10 मिनट बाद ही मीटिंग समाप्त हो गई, क्योंकि आरोप प्रत्यारोप के बीच बैठक की दिशा बदलने लगी थी।

## यूडीएच मंत्री ने किया 2 करोड़ 20 लाख की लागत से बनने वाले चार सड़क मार्गों का शिलान्यास

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सिहोडी ग्राम पंचायत क्षेत्र में 2 करोड़ 20 लाख की लागत से बनने वाले चार सड़क मार्गों का शिलान्यास शनिवार को किया। खर्रा ने शनिवार को अजीतगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत सिहोडी क्षेत्र के सिहोडी से नीमली की ढाणी, सिहोडी से डिगावाली ढाणी, गोमा वाली से ढाणी बनड़ा, गिदावाली से ढाबावाली ढाणी तक बनने वाले चार सड़क मार्गों का अलग-अलग विधिवत शिलान्यास की करते हुए कहा कि श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र में किसी प्रकार की समस्या नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता पेयजल, चिकित्सा, शिक्षा, सडके है जिनको वे प्राथमिकता के आधार पर बिना भेदभाव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन सड़क मार्गो का वे शिलान्यास कर रहे हैं वे सडके अच्छी गुणवत्ता के आधार पर बनाई जाएगी अगर ठेकेदार उनमें किसी प्रकार की कौताई बरतता है तो तुरंत इसकी शिकायत मेरे को करें वे कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्यों में कोई भेदभाव नहीं होगा सभी ग्राम पंचायत को विकास के लिए धन दिया जाएगा। इस अवसर पर अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान शंकर लाल यादव एवं युवा भाजपा नेता अजय सिंह खर्रा ने भी संबोधन किया। शिलान्यास के पहले इन सभी जगह अलग-अलग मंत्री, प्रधान समेत अतिथियों का ग्रामीण ने साफा माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने मंत्री के सामने कई प्रकार की समस्याओं के ज्ञापन सौंपे जिस पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि जो समस्याओं के ज्ञापन आपने सौपे हैं उन समस्याओं का समाधान जल्दी ही कर दिया जाएगा। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी अनिल कुमार, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मंगलचंद, सहायक अभियंता विशाल चौधरी,अजीतगढ़ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल, महिला बाल विकास अधिकारी मंजू भामु, जिला भाजपा के महामंत्री पूर्ण गुर्जर, अजीतगढ़ दिवराला भाजपा मंडल अध्यक्ष रामगोपाल मंगावा, युवा भाजपा नेता जीएल टेलर, भाजपा ओबीसी मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष रतनलाल जांगिड़, भागीरथमल, हनुमान प्रसाद, धर्मपाल समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।



## अधिवक्ताओं ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निसं.)** कस्बे के एक अधिवक्ता के कार्यालय में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर वकील व पक्षकारों की बातों का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रुपये हड़पने की नीयत से सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाले व्यक्ति के खिलाफ अधिवक्ताओं ने पुलिस थाने में पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की। अधिवक्ता किसनलाल भादू ने बताया कि 05 सितंबर शुक्रवार को सायं करीब 4 बजे के लगभग मेरे कार्यालय में कुछ पक्षकारान आपस में समझौता करवाने के लिए कानूनी राय लेने के लिए मेरे कार्यालय में आए थे तब मैंने उनको उचित सलाह देकर लिखा-पढ़ी करके फीस के बारे में दोनों पक्षकार अपने-अपने हिस्से की फीस राशि देने के बारे में आपस में बातचीत कर रहे थे। तब मैने स्टाम्प की लागत के बारे में उनको बता रहा था। इसी दौरान रमाकान्त उर्फ रामावतार नामक एक व्यक्ति मेरी ऑफीस में बिना मेरी अनुमति के अनाधिकृत तरीके से प्रवेश कर आया और चोरी छीपे अपने मोबाईल में मेरी व पक्षकारान की बातचीत का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। जब पक्षकारान के मेरे कार्यालय से बाहर चले जाने के बाद रमाकान्त उर्फ रामावतार ने मुझे ब्लेकमेल कर रूपये हड़पने की नियत से अपने आपको "फैक्ट तंत्र न्यूज चैनल" का रिपोर्टर बताते हुए दो हजार रुपये खर्चा पानी देने को कहा। जिस पर मैनें कोई रुपये नहीं देने का कहा तो उसने कहा कि आपका वीडियो गलत तरीके से वायरल कर छवि धूमिल कर दूंगा। जब मैने उससे उसके चैनल का रजिस्ट्रेशन व पत्रकार आईडी कार्ड दिखाने को कहा तो वो वहां से भाग गया और रात्रि में लगभग 01 बजे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिससे मुझे और अन्य वकीलों को लूटेरों' शब्द से सम्बोधित कर पूरे वकील समुदाय को बदनाम कर पूरे वकील समुदाय की छवि को धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया है। उक्त व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की। इस दौरान बार संघ अध्यक्ष अरविंद चौधरी, पूर्व अध्यक्ष रघुवीर भामू, दीनदयाल प्रजापत, शाहिद सोलंकी, गोवर्द्धन सिंह, गौतम सैनी, लालचंद जाट, सज्जन चोटिया, आमीन शेख, राजकुमार ढाका, राधाकिशन देदु, प्रेम सैनी, गोविंद जाखड़, अख्तर, इरफान सोलंकी आदि उपस्थित थे।



## भजन लाल सरकार ग्राम स्वराज के लक्ष्य के साथ कर रही कार्यः पटेल

**विधायक हंसराज पटेल रहे ग्राम पंचायत बुचारा के दौरे पर**

**विभिन्न विकास कार्यो का किया षिलान्यास**

**नवनिर्मित पीएचसी, पशु उपस्वास्थ्य केन्द्र व विधुत स्टेशन का हुआ उद्घाटन**

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** विधायक हंसराज पटेल शनिवार को क्षेत्र की ग्राम पंचायत बुचारा के दौरे पर रहे। पटेल ने बुचारा में नवनिर्मित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, राजकीय पशु उप स्वास्थ्य केन्द्र सहित 33/11 केवी के विधुत सब ग्रिड स्टेशन का शुभारम्भ किया। वहीं विधायक कोष द्वारा क्रमषः हनुमान बलाई के मकान से पानी की टंकी की ओर 15 लाख रूपयों की लागत से, बजरंग सिंह के मकान से एससी श्मशान की ओर 10 लाख रूपयों की लागत से व सीकर सीमा की ओर 10 लाख रूपयों की लागत से नवनिर्मित इन्टरलॉकिंग सड़क का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर बुचारा स्थित भोमियां बाबा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पटेल ने कहा कि भजन लाल सरकार ग्राम स्वराज के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, बिजली, पेयजल व सड़क जैसी मुलभूत सुविधायें हो, ताकि ग्रामीण पलायन पर मजबुर ना हो एवं शहर की जनता के साथ कदमताल कर सकें। पटेल ने कहा कि आदर्ष ग्राम योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत को सभी प्रकार की मुलभूत सुविधाओं से जोड़ा जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि शहर के वार्डो से लेकर गांव की ढ़ाणियों तक विकास में एकरूपता रहेगी, जिसका लाभ सभी को मिलेगा। ग्रामीणों ने विधायक पटेल का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सरपंच विमला देवी गुर्जर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाष स्वामी, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह समेत बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।



# जर्जर भवनो से हादसा होने की हो रही है पूरी संभावना नहीं ध्यान दे रही है नगर पालिका व गांवो में ग्राम पंचायते

### बीती रात्रि अजीतगढ़ के अडेसरी मोहल्ले में गिरा जर्जर मकान हादसा होने से बचा

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** कस्बे समेत क्षेत्र के गांवो में इस समय लगातार बरसात होने के कारण जर्जर पड़े मकानो के कारण हादसा होने की पूरी संभावना हो रही है जिस कारण शुक्रवार की रात्रि कस्बे के अडेसरी मोहल्ले में एक जर्जर मकान अचानक गिर गया लेकिन उसमें सोए लगभग एक दर्जन से ज्यादा लोग बचकर बाहर निकल गए जिस कारण बड़ा हादसा होने से टल गया लेकिन कस्बे में नगर पालिका एवं गांवो में ग्राम पंचायत कोई ध्यान नहीं दे रही है जिस कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा होने की संभावना बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार इस समय लगातार बरसात का दौर चल रहा है जिस कारण कस्बे समेत क्षेत्र के गांवो में कई मकान जर्जर हालत में चल रहे हैं। जानकारी के अनुसार इन जर्जर भवनो के कई मालिक तो अपनी रोजी-रोटी कमाने के लिए बाहर चले गए जिस कारण कई भवनों के तो ताले लगे हुए हैं साथ ही कई भवनों को किराए पर दे रखा है लेकिन उनके मालिक इनकी कोई मरम्मत नहीं कराते हैं जिस कारण इन मकानों की हालत भारी रूप से क्षतिग्रस्त हो रही है जिस कारण ये मकान इस समय कभी भी गिर सकते हैं एवं कोई बड़ा हादसा कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात कस्बे के अडेसरी मोहल्ले में एक दो मंजिला मकान जो काफी दिनों से क्षतिग्रस्त एवं जर्जर हालत में पड़ा हुआ था उसके मालिकों ने इस मकान को बिहार के मजदूरों को किराया पर दे रखा था जिस कारण शुक्रवार की रात ये मजदूर उस मकान में सो रहे थे तो अचानक मकान का एक कोना गिरने लग गया जिस कारण सोए हुए मजदूर मकान से भाग कर बाहर आ गए एवं देखते-देखते पूरा मकान धराशाई हो गया जैसे ही आसपास के मकान वालों को तेज धमाके की आवाज सुनाई दी तो देखते-देखते ही वहां लोगों की भीड़ जुट गई, जिस कारण अगर ये मजदूर नींदों में होते तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था जिसकी जिम्मेदारी मकान मालिक एवं नगर पालिका की होती जिस कारण लोगों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से मांग की है कि कस्बे में जर्जर हालत में पड़े मकान के मालिकों को नोटिस देकर उनको गिराने की कार्रवाई की जाए ताकि समस्या का समाधान हो सके। इस संबंध में अजीतगढ़ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी जुबेर खान का कहना है कि नगर पालिका ने पहले ही ऐसे मकान का सर्वे करवा लिया था एवं 7 से ज्यादा जर्जर मकान के मालिकों को नोटिस भी दिया था साथ ही नगर पालिका ने एक जर्जर दीवार एवं एक मकान को गिराने की कार्रवाई भी की गई थी। खान ने बताया कि शुक्रवार की रात जो मकान गिरा है उसके मालिक को भी नोटिस दिया जा चुका था लेकिन अब नगर पालिका जर्जर पड़े मकान को गिरवाने की कार्रवाई करेगी। अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान शंकर लाल यादव का कहना है कि पंचायत समिति क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया जाएगा कि उनके क्षेत्र में ऐसे भवनों का सर्वे कार्य उनके खिलाफ नोटिस देने की कार्रवाई करें अगर नोटिस का जवाब नहीं दिया जाता है तो इस संबंध में पंचायत समिति को अवगत कराये।





स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
7 सितम्बर, 2025

## शहर की सड़कें जर्जर, गड्ढों में फंस रहे वाहन और जाम की बढ़ी समस्या

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** शहर की अधिकतर सड़कें इतनी जर्जर हो चुकी कि कोई भी मार्ग गड्ढों से अछूता नहीं। शहर की मुख्य सड़क का ये हाल तो आप सोच सकते की गली मोहल्लो का क्या हाल हर तरफ से हर तरह से खराब हो चुकी है और हर वक्त जाम लगा रहता हर मार्ग की बेहद खराब स्थिति में हैं। इन गड्ढों में वाहन फंसने से यातायात सुचारू नहीं हो पा रहा है और जाम की समस्या बढ़ रही है। परीक्षा देने के लिए अभ्यर्थी भी इन मार्गों से आएंगे, जिससे जाम और गंभीर होने की संभावना है।

## राजलदेसर में पैदल जा रहे श्रद्धालु को बाइक ने मारी टक्कर

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)** राष्ट्रीय राजमार्ग-11 के पास, राजलदेसर से तोलियासर जा रहे एक पैदल यात्री को एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद 108 एंबुलेंस और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल ले जाया गया।हादसे में श्रद्धालु पुखराज भार्गव के पैर में गंभीर चोट आई है, जिसके बाद उन्हें आगे के इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, बाइक पर दो लड़के सवार थे, जिनकी बाइक से पैदल यात्री को टक्कर लगी। पुखराज भार्गव अपने ननिहाल राजलदेसर में रह रहे थे।

## मन की बात के जिला सहसंयोजक नियुक्त

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माह के अंतिम रविवार को होने वाली मन की बात के लिए जिले में सहसंयोजक नियुक्त किए गए हैं। मन की बात के जिला संयोजक गजेंद्र सिंह चारण ने बताया कि जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ की सहमति यह नियुक्ति की गई है। मन की बात के जिला सहसंयोजक अशोक ढ़ाका, नंदलाल गोयल व कैलाश कुमावत (नौसाल) को नियुक्त किया गया है।

## एडवोकेट राजेंद्र सोनी पर बलात्कार का आरोप

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ निवासी एडवोकेट राजेंद्र सोनी पर बलात्कार का आरोप लगा है। कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि विवाहित महिला की रिपोर्ट पर आरोपी राजेंद्र सोनी पुत्र माणकचंद, निवासी सुजानगढ़ के खिलाफ मुदकमा दर्ज किया गया है और पीड़िता का मेडिकल करवाया गया है। पीड़िता ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया है कि मेरे घर में बरसाती पानी भरा हुआ है, जिसके कारण मैं धर्मशाला में रहती हूं। आपदा सहायता हेतु फार्म पर लगाने के लिए फोटो खिंचवाने के लिए आरोपी की दुकान पर गई थी। जहां से आरोपी फोटो देने के बहाने अपनी दूसरी दुकान पर मुझे ले गया और वहां मेरे साथ बलात्कर किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जलभराव बनता है परेशानी का सबब

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती गांव टाडां में जलभराव की समस्या के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बारिश में करीब-करीब गांव का काफी हिस्सा डूब जाता है और ट्रेक्टर और टेंकर्स के माध्यम से पानी की निकासी करनी पड़ती है। विडीओ मुकेश कुमार ने बताया कि भूमिगत नाला बनने पर ही इस समस्या का स्थायी समाधान हो सकता है। क्योंकि ट्रेक्टर्स और टेंकर्स के कारण सीमित मात्रा में ही पानी उठाया जा सकता है। बरसात के समय में अत्यधिक जलभराव होता है, जो जनता के लिए परेशानी का सबब बनता है।

## खेत में मवेशी घुसने पर किसान से मारपीट, मुकदमा दर्ज

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** खेत में मवेशी घुसने से नाराज होकर उलाहना देने पर किसान से मारपीट का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लधासर निवासी 39 वर्षीय नाहरसिंह ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि उसका खेत गांव की अगुणा रोही में स्थित है, जिसमें उसने फसलों की बुवाई कर रखी है। पास ही किशनसिंह का खेत है, जहां गोमसिंह व करणीसिंह अपने मवेशी चराते हैं। चार सितंबर को दोनों ने अपने मवेशी उसके खेत में चरा दिए। नाहरसिंह के विरोध जताने पर आरोपी कथित रूप से उस पर हमला करने दौड़े और उसके साथ मारपीट की। किसान ने यह भी आरोप लगाया कि अब आरोपी लगातार उसे धमकियां दे रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपों की सत्यता की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## विश्वकर्मा जयंती पर जागरण व पूजा-अर्चना के कार्यक्रम तय

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** विश्वकर्मा जयंती को लेकर जांगिड़ नवनयुवक मंडल की बैठक शनिवार को होलीधोरा स्थित विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 16 सितंबर की रात भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा, जबकि 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पूजा-अर्चना संपन्न होगी। बैठक में संजय जांगिड़, तेजपाल जांगिड़, विश्वास माकड़, अर्जुन माकड़, सुखाराम जांगिड़, लालचंद जांगिड़, लिखमीचंद जांगिड़, विनोद जांगिड़ सहित समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। मंडल पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए समाजजन उत्साहपूर्वक तैयारियों में जुट गए हैं।

# बरसाती पानी में उतरकर मंत्री गहलोत ने जानी जनता की पीड़ा

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के तीन मोहल्लों में बरसाती जल भराव का ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने अवलोकन किया। मंत्री गहलोत ने शिवबाड़ी पहुंचकर लोगों से समस्या जानी, जहां पार्षद प्रतिनिधि राकेश प्रजापत ने कहा कि जनता काफी दिनों से परेशान है, इसलिए जल्द से जल्द निकासी का काम पूरा होना आवश्यक है। इसी प्रकार दुलिया तलाई में पहुंचने पर मंत्री गहलोत ने खुद ही पानी में उतरकर जल निकासी की व्यवस्था का जायजा लिया। लोगों की समस्याएं जानने के बाद मंत्री ने कहा कि किसी भी सूरत में जनता को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने साथ में चल रहे जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा व अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि जनता को जल्द से जल्द राहत पहुंचाए। उन्होंने भोजलाई बास में भी समस्या का अवलोकन किया। इस दौरान पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, बिदासर प्रधान संतोष, नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, जिला प्रमुख मेघवाल वंदना आर्य, रवि आर्य, पार्षद पुरुषोत्तम शर्मा, पार्षद हरीओम खोड़, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, प्रहलाद जाखड़ नरेंद्र गुर्जर, हिमांशु भाटी, कमल दाधीच, नूर मोहम्मद खान, मजीद धोलिया, नजमू खान, एडवोकेट निर्मल सिंगोदिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे। नूर मोहम्मद खान ने स्थायी समाधान के लिए निकासी हेतु मोटी पाईप लाईनें डालने की मांग की। पार्षद पुरूषोतम शर्मा ने मंत्री को ज्ञापन देकर दुलिया बास, मेघवाल बस्ती, होली धोरा आदि क्षेत्रों में लोगों को हुए नुकसान का मुआवजा दिलवाये जाने की मांग की। इसी प्रकार गांधी आश्रम के अध्यक्ष सुभाष बैदी ने भी अमृत योजना के तहत हुए कार्यों की जांच करवाये जाने की मांग की। भाजपा के मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने भी मंत्री को ज्ञापन सौंपकर घरों में परम्परागत जल स्त्रोतों, भवनों, व्यापारियों को हुए नुकसान व अन्य नुकसान का मुआवजा दिलवाये जाने के लिए जल्द सर्वे करवाने की मांग की। पार्षद रेंवतमल पंवार ने ज्ञापन देकर मंत्री को बताया कि वाल्मिकी समाज के श्मसान में काफी पानी भर गया है, इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए नई पाईप लाईन और बड़ी मोटर स्वीकृत की जावे। इसी प्रकार गंगाधर लाखन ने वाल्मिकी बस्ती में हुए घरों के नुकसान का मुआवजा दिलवाने की मांग की है।

## सदभावना क्रिकेट प्रतियोगिता लीग तृतीया के दूसरे दिन हुए रोचक मुकाबले

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के राजीव गांधी स्टेडियम में स्थानीय पुलिस द्वारा आयोजित सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता लीग तृतीया के दूसरे दिन शनिवार को पांच रोचक मुकाबले हुए और दर्शकों की भीड़ लगी। शनिवार को प्रातः 8 बजे पहला मैच स्टांप वेण्डर और पुलिस बी के बीच खेला गया। जिसमें पुलिस बी विजेता रही। दुसरा मैच मंत्रालयिक कर्मचारी और ई-मित्र संघ के बीच खेला गया। जिसमें मंत्रालयिक कर्मचारी विजेता रहे। तीसरा मैच राजस्व कर्मचारी और डाक विभाग के बीच खेला गया। जिसमें डाक विभाग विजेता रहा। चौथा मैच पुलिस बी और जीवीएम के बीच खेला गया जो सर्वाधिक रोचक रहा। जिसमें पुलिस बी विजेता रहा। पांचवा मैच मंत्रालयिक कर्मचारी और पत्रकार संघ टीम के बीच खेला गया। जिसमें मंत्रालयिक कर्मचारी टीम ने टोस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 112 रन बनाये। पत्रकारों की टीम ने लक्ष्य के साथ बल्लेबाजी शुरू कर 8 ओवर ही खेल पायी थी की बीच में ही बरसात शुरू होने से मैच पूर्ण नहीं हो सका। मैदान में पानी भरने के कारण मंत्रालयिक कर्मचारी टीम को विजयी घोषित किया गया तथा अन्य टीमों के होने वाले मैच रविवार को करवाये जाने की घोषणा की गयी। इस दौरान विजेता टीमो में मैन आफ दा मैच रहने वाले खिलाड़ियों को थानाधिकारी मदनलाल विश्नोई और पूर्व प्रधान सत्यनारायण सारण ने पुरस्कार प्रदान किये।

## अनंत चतुर्दशी महापर्व पर दांता में श्रीजी की निकाली शोभायात्रा

### पर्युषण महापर्व के दसवें दिन दिगम्बर जैन मंदिर में उत्तम ब्रह्मचर्य तप धर्म मनाया गया

जयपुर टाइम्स





**दांता रामगढ़(निसं.)।** दिगंबर जैन समाज द्वारा 06 सितंबर तक दसलक्षण महापर्व मनाया गया । आत्म शुद्धि के इस पर्युषण महापर्व के दसवें दिन उत्तम ब्रह्मचर्य तप धर्म मनाया गया तथा अनंत चतुर्दशी महापर्व पर दांता में श्री जी की शोभायात्रा धुम धाम से निकाली गई । शोभायात्रा दिगम्बर जैन मंदिर से पूजा-अर्चना करते हुए रथ पर सवार होकर गाजे बाजे के साथ रवाना हुए जो दांता चौपड़ बाजार होते हुए नशियां मन्दिर मे भगवान के अभिषेक एवं पुजा अर्चना की गई तथा वापस उसी मार्ग से होते हुए दिगम्बर जैन मंदिर पहुंची, इस दौरान जगह-जगह श्री जी की पुजा अर्चना करते हुए स्वागत किया गया, जिसमे जैन समाज की महिलाओं द्वारा पूजापाठ की गई । दिगम्बर जैन मंदिर में सुबह 108 कलश के द्वारा अभिषेक किया गया तथा पूजा की गई । श्री जी की शोभायात्रा में जैन समाज की महिला एवं पुरुषों सहित काफी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

## रणथम्भौर के जंगल से निकल गांव में आया भालू

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर** सवाई माधोपुर के रणथम्भौर टाइगर रिजर्व से निकल एक भालू गांव में आ गया। यहां आधे घंटे तक बाजार मे घूमा। मामला जिले के बहरावंडा खुर्द में रात करीब डेढ़ बजे का है। इसके बाद एक दुकान का शटर तोड़ने की कोशिश की। इसके बाद एक दूसरी दुकान के बाहर रखे फ्रिज से कोल्डड्रिंक निकाल पी गया। कस्बे के दुकानदार बंटी जाट ने बताया कि इलाका जंगलों से सटा हुआ है। पहले भी यहां पर भालू आ चुके है। ये घटना गुरुवार रात करीब डेढ़ बजे की है। भालू जंगल से निकलकर आबादी क्षेत्र में आ गया और यहां कई देर तक घूमता रहा। बंटी ने बताया कि भालू टहलता हुआ, मेरे दुकान के पास बनी दो और दुकानों पर गया। यहां एक दुकान पर चढ़ा और शटर तोड़ने की कोशिश की। करीब 2 मिनट तक भालू शटर तोड़ने का प्रयास करता रहा। बंटी ने बताया कि इसके बाद भालू उसकी दुकान पर आया। यहां बाहर कोल्डड्रिंक का फ्रिज पड़ा था। जिसे खोल भालू ने कोल्डड्रिंक की बोतलों को तोड़ा और कोल्डड्रिंक पी गया। गांव के लोगों ने बताया कि रणथम्भौर से सटे गांवों में अक्सर जंगली जानवरों का मूवमेंट रहता है। इससे सटे बहरावंडा खुर्द, छाण, अल्लापुर, जैतपुर सहित कई गांवों में अक्सर रात के समय भालू की चहलकदमी देखने को मिलती है। इससे पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि एक बार भालू खिड़की तोड़ घर में घुस गया था और यहां रखा खाने का सामान खा गया था।

## संचियालाल बैद आदर्श विद्या मंदिर में जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न





जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** संचियालाल बैद माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में विद्या भारती की ओर से जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को हुआ। प्रतियोगिता में आठ संकुलों के कुल 53 खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। निर्णायक कन्हैयालाल चौमाल, नारायणप्रसाद गुर्जर और खेल प्रभारी मनोज सैनी के निर्देशन में मुकाबले संपन्न हुए। कार्यक्रम में जिला संस्कार केंद्र प्रमुख ओमप्रकाश मील मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान शरद शर्मा ने अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल प्रभारी नंदकिशोर ताम्रायत, कृपाशंकर स्वामी, अश्विनीकुमार, योगेश, दीपक शर्मा, प्रियंका शर्मा, अनिता सैन, राधा शर्मा, बबीता शर्मा, संजयसिंह चारण, संगीता, ओम कंवर व लतिका सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन व शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। प्रतियोगिता को लेकर छात्रों और समाजजनों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## जाजोद थाना पुलिस ने फरार अवैध गांजा तस्करी के मुख्य सरगना को किया गिरफ्तार

### एक आरोपी सप्लायर को 5.107 किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ पूर्व में किया जा चुका है गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**जाजोद(निसं.)** जाजोद थाना पुलिस ने फरार अवैध गांजा तस्करी के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया। जाजोद थानाधिकारी गिरधारी लाल ने बताया कि एक आरोपी सप्लायर को 5.107 किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। जाजोद थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही को अंजाम देते हुए वांछित अपराधियों की तलाश कर आरोपीगणों को श्रीमाधोपुर, रींगस, अजीतगढ़, सीकर, रानोली व आसपास के थाना क्षेत्र में दबिश देकर फरार आरोपी सुवालाल उर्फ सुरेश मारवाडी पुत्र रूडाराम जाति जाट उम्र 43 साल निवासी ढाणी काकड़ वाली तन जुराठडा को पलसाना से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया। गठित टीम में कार्यवाही के दौरान एएसआई भागीरथ मल, महेश कुमार, राकेश कुमार की अहम भूमिका रही।

## केशवानंद ने जीता अंडर 17 छात्र वर्ग फुटबॉल फाइनल का खिताब





जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** एन.एच. 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान भढ़ाडर सीकर ने 69वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में दुसरे दिन खेले गए मैचों की जानकारी देते हुए खेल प्रभारी महेंद्र सहारण ने बताया की अंडर 17 फुटबॉल छात्र वर्ग में केशवानंद कॉन्वेंट स्कूल ने राजस्थान पब्लिक स्कूल खिरवा को पेनल्टी शूट आउट से हराकर फाइनल किताब जीता व कबड्डी अंडर 14 मे स्वामी केशवानंद कॉन्वेंट स्कूल ने शिसु विहार स्कूल लोसल को क्वाटर फाइनल मे 25-15 से हराकर सेमीफाइनल फाइनल मे प्रवेश , हैंडबॉल अंडर 19 में तीसरा स्थान प्राप्त किया, अंडर 19 बास्केटबॉल में 2ड्ड्स रनर अप का खिताब अपने नाम किया , अंडर 19 वॉलीबॉल में प्रिंस रिजेडिंसील को 2-0 से हराकर क्वाटर फाइनल में , बॉक्सिंग में भी अलग-अलग बार वर्ग में अच्छा प्रदर्शन रहा, कुश्ती में केशवानन्द स्कूल ने कुल अलग-अलग भार वर्ग में कुल 10 स्वर्ण पदक, 5 रजत पदक प्राप्त किये। टीमों के शानदार प्रदर्शन के लिए संस्थान के निदेशक रामनिवास ढ़ाका, सह निदेशक गोपाल सिंह, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह, कैंपस हैड राहुल ढाका,प्रधानाचार्य डॉ. विजेन्द्र सिंह ने सभी टीमों व खेल परिक्षकों को बधाई दी तथा अगले चरण के लिए हौसला अफजायी किया।

# भगवान वासुपूज्य निर्वाणोत्सव पर चढ़ाए निर्वाण लाडू

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** दस दिनों से चल रहे दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों के दशलक्षण महापर्व का अनंत चतुर्दशी के दिन अत्यंत भक्तिभाव से समापन हुआ। अनंत चतुर्दशी महापर्व पर शहर के समस्त जैन मंदिरों में दिनभर विशेष धार्मिक आयोजन हुए । शनिवार को पांच पर्वों का षोडस कारण पर्वदशलक्षण धर्म पर्व रत्नत्रय धर्म पर्व भगवान् वासुपूज्य मोक्ष कल्याणक पर्व अनंत चतुर्दशी पर्व का महासंगम होने के कारण श्रद्धालु मंदिरों में भक्ति में झूमते हुए जिनेन्द्र प्रभु की पूजा अर्चना करते हैं।इससे पूर्व प्रातःकाल जिनेन्द्र प्रभु के सामूहिक कलशाभिषेक एवं शांतिधारा हुई ।





### अंतिम उत्तम उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की हुई पालना

दीवान जी की नसियां में धार्मिक कार्यक्रमों में विदुषी आयुषी दीदी ने बताया कि आत्मा में रमण करना ब्रह्मचर्य है। रागोत्पादक साधनों के होने पर भी उन सबसे विरक्त होकर आत्मोन्मुखी बने रहना, उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म है।

### भगवान वासुपूज्य के मोक्ष कल्याणक दिवस पर चढ़ाया निर्वाण लाडू

शहर के समस्त जैन मंदिरों में भगवान वासुपूज्य के निर्वाणोत्सव पर निर्वाण लाडू भक्तिभाव से समर्पित किया गया। अनंत चतुर्दशी के हुए कलशाभिषेक प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दशलक्षण महापर्व के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी के शुभ अवसर पर शहर के समस्त जैन मंदिरों में विशेष कलशाभिषेक हुए । विवेक पाटोदी ने बताया कि दशलक्षण महापर्व के समापन पर रविवार को प्रातः व्रतियों का पारणा उनके निवास स्थान पर होगा। व्रतियों के अनुमोदना और सम्मान में शनिवार को सांय णमोकार महामंत्र के पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया । प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षमावाणी का महापर्व भक्तिभाव से मनाया जाएगा। सोमवार को सायंकाल मुख्य मंदिरों में क्षमावाणी के कलशाभिषेक होंगे जिसके पश्चात समस्त जैन समाज जानी अनजानी गलतियों के लिए एक दूसरे से क्षमा की कामना करेगा।

### पूज्य भगवान का निर्वाण लाडू चढ़ाया

जिले के फतेहपुर में सिकरिया चौराहा स्थित जैन मंदिर वी बड़ा जैन मंदिर में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर सुबह शांति धारा पूजन अभिषेक किया गया उसके पश्चात लाडू चढ़ाया गया इस अवसर पर जैन समाज के सभी लोग उपस्थित थे रवि जैन अजय जैन फूलचंद सराओगी सुरेश गोदद्य मोनू गोदद्य सुशील पहाड़िया राहुल पहाड़िया संदीप बढ़ जाता सभी ने भक्ति भाव से पूजन किया रात्रि में आरती का कार्यक्रम हुआ।

## आज लगेगा रक्तदान शिविर



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निसं.)।** सेवार्थ विद्यार्थी इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा 7 सितंबर रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इकाई के कार्यकर्ता जयसिंह ने बताया कि सुबह 10 बजे दुलीचंद सेठिया स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। जिसका पोस्टर विमोचन डीएसपी प्रहलाद राय द्वारा किया गया। तिलोक सुथार, दीपेंद्र सिंह, चिराग तेजस्वी, पुनीत सेन, रामरत्न, धर्मा चौहान आदि उपस्थित रहे।

## राजस्थान गौरव मिलने पर सविता राठी का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी को जयपुर में महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के करकमलों से राजस्थान गौरव अवॉर्ड से सम्मानित होने पर स्थानीय गार्गी ग्रुप, महिला जागृति ग्रुप की महिलाओं ने राठी का उत्साह के साथ स्वागत किया। महिला जागृति की सुषमा मूंधड़ा एवं सज्जन बोकड़िया ने कहा कि राठी ने केवल राजस्थान में ही नहीं, बल्कि भारत में नाम हमारे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर गार्गी ग्रुप की मधु सोमानी, रीतम मूंधड़ा, प्रमिला राठी, सुनीता रावतानी, शकुंतला सोमानी, सुधा, रजनी, सरिता, राजकुमारी, सुनीता, सरोज आदि ने माला एवं गुलदस्ता भेंट कर राठी का सम्मान किया। इससे पहले ग्राम पंचायत मुख्यालय पहुंचने पर सविता राठी का उप सरपंच गणपत दास स्वामी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने स्वागत किया। कन्हैया लाल शर्मा, ओमप्रकाश, भींवाराम, श्यामाराम, रूपसिंह, दीपचंद लाहोटी, प्रकाश स्वामी, बाबूलाल, भंवर लाल, राहुल, तिलोकाराम आदि ने साफा पहना कर व माला पहना कर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

## रींगस में धूम धाम से मनाया शिक्षक दिवस, गणपति बप्पा का हुआ विसर्जन



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** कस्बे के आर्यन मॉडल स्कूल मे शनिवार को शिक्षक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। बच्चों ने अपने प्रिय शिक्षक-शिक्षिकाओ का फूलों से भव्य स्वागत किया और उनका तिलकार्चन कर उपहार भेंट किये और अपने शिक्षको के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इसके बाद अनंत चतुर्दशी के अवसर पर श्री गणेश को छप्पन भोग लगाने के बाद कस्बे के मुख्य मार्गो से जुलूस निकाल कर भैरू जी की पवित्र जोहड़ी मे विसर्जन किया गया। संस्था प्रमुख मल्लीका खत्री ने बताया कि विद्यालय अपने स्थापना वर्ष से ही गणपति स्थापना कर रहा है। विसर्जन के दौरान बच्चे पारंपरिक गणवेश मे नृत्य करते नज़र आए। इस अवसर पर बंशीधर खेदड, सुभाष पावंडा, अर्जुन कुमावत, मुकेश शेषमा, चंद्र प्रकाश शर्मा, केशर मल कुमावत, राहुल नाथावत, शशिकांत शर्मा, बल्ला राम, सुरेश गढ़वाल, विजयपाल, पवन कुमावत, खेम सिंह, किशन यादव, ममता शर्मा आदि मौजूद थे।

## विप्र समाज की महिलाओ ने दिखाई सहभागिता



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ, सीकर जोन-1 द्वारा जयपुर के मानसरोवर स्थित "श्री परशुराम ज्ञानपीठ सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च" का लोकार्पण भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विप्र समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंजु लाटा, श्रीमती लक्ष्मी शर्मा, जिला अध्यक्ष डॉ. लीलावती शर्मा एवं नीलम मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकारिणी सदस्यों का दल जयपुर के लिए रवाना हुआ। दल को हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान करवाया गया। इस विशेष यात्रा में कार्यकारिणी सदस्य सुशीला शर्मा, माया झिकनारिया सहित अनेक पदाधिकारी एवं समाज की महिलाएं सम्मिलित हुईं। नवनिर्मित श्री परशुराम ज्ञानपीठ शिक्षा, मानवीय मूल्यों एवं सामाजिक अनुसंधान के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करेगा तथा समाज के सर्वांगीण उत्थान में मील का पत्थर साबित होगा।

# नेत्रदान कर दो नेत्रहीनों की जिंदगी में रौशनी भरें - स्वामी

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव बरड़ासर में शनिवार को 40 वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अन्तर्गत नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रूपाराम मेव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान नेत्र संग्रह केन्द्र सरदारशहर के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने कहा नेत्रदान कर जरूरतमंद को रोशनी दें। उन्होंने बताया कि 2 वर्ष से 85 वर्ष तक का कोई भी व्यक्ति की मृत्यु के उपरांत नेत्रदान कर सकता है। मृत्यु के बाद 8 घन्टे तक नेत्रदान किया जा सकता है। नेत्रदान में केवल 20 मिनट का समय लगता है। मात्र एक टेलीफोन करने से नेत्रदाता के घर नेत्र संग्रह करने के लिए टीम पहुंच जाती है। विद्यालय में नेत्रदान महादान पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता नेत्र संग्रह केन्द्र द्वारा आयोजित की गई। जिसमें



लक्षिता चारण, ममता, जितेन्द्र ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं दिपा चारण को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान जयपुर एवं जिला प्रशासन व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग चूरू द्वारा प्रकाशित नेत्रदान जागरूकता प्रचार सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक महेश कुमार, गोगराज सामरिया, सुनीता स्वामी, सुमन शर्मा, मनीषा चारण, कमला सारण, मुकेश? शर्मा, राकेश सारण, विजय भोजक आदि उपस्थित थे। इस मौके पर जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया।

## स्पोर्ट्स फॉर अवेयरनेस उड़ान-2.0 का हुआ उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशों की पालना में विशेष रूप से सक्षम विशेष रूप से सक्षम इसमक बच्चों में एवं समाज में उनके प्रति विधिक जागृति के क्रम में आरएसएलएसए स्पोर्ट्स फॉर अवेयरनेस 2025-"उड़ान-2.0" का उद्घाटन आज न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग साहब, अध्यक्ष किशोर न्याय समिति राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा दशरथ मनोविकास संस्थान, हर्ष रोड, सीकर में किया गया। उक्त प्रतियोगिता का जिला स्तरीय आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर द्वारा 19.09.2025 को दशरथ मनोविकास संस्थान, हर्ष रोड, सीकर में किया जायेगा, जिसमें सीकर न्यायक्षेत्र के राजकीय एवं निजि विद्यालयों/संस्थानों में अध्ययनरत विशेष रूप से सक्षम बच्चे विभिन्न खेलों में भाग लेंगें।

## जिला कांग्रेस सेवादल कार्यालय में कार्यकर्ताओं की मजबूती के लिए मंथन, चूरू में संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर में पहुंचने का आह्वान



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के जिला कांग्रेस सेवादल कार्यालय में नगर कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष संजय दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष दीक्षित ने आगामी 16 से 18 सितंबर को चूरू में आयोजित संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर को लेकर कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कार्यकर्ताओं में नया जोश व नई उमंग के साथ अपनी ज़िम्मेदारियों के साथ कार्यकर्ता कांग्रेस को मजबूत करने के लिए कार्य करने को लेकर प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को आगामी प्रशिक्षण शिविर में ज्यादा से ज्यादा पहुंचने की अपील करते हुए जिले में कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में जिलाध्यक्ष संजय दीक्षित ने बताया कि कांग्रेस सेवादल की नई कार्यकारिणी जिले में कांग्रेस को मजबूत करने में प्रशिक्षण शिविर में शामिल होकर और मजबूत होगी। जिले में कांग्रेस सेवादल की जिला कार्यकारणी दृढ़ शक्ति के साथ कांग्रेस को मजबूत करने व आगामी चुनावों को लेकर तैयार होगी। बैठक में जिला महामंत्री ओमप्रकाश नाई, कांग्रेस कमेटी नगर महामंत्री परमेश्वर लाल दुबे, जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर राकेश पारीक, शहर अध्यक्ष शांतिलाल नाहटा, उपाध्यक्ष प्रभु दयाल भोजक,? भवानी शंकर सैनी, आनंद महर्षि, महामंत्री दीपक सेठिया, जाहिद हुसैन, नगर सचिव शमसुद्दीन, अख्तर किलानियां, सत्यनारायण सैनी, पवन पारीक, साबिर खान, मातादीन सोनी, इमरान खान, मोहम्मद अयूब आगीवान सहित अनेक कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिलई जमीयत अहले हदीस चूरू के चुनाव सम्पन्न



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जिलई जमीयत अहले हदीस जिला चूरू के चुनाव सुजानगढ़ की मर्कजी मोहम्मदी मस्जिद में चुनाव कमेटी के 5 सदस्यों शेख सोयब मदनी, नासीर खान, सादीक राठौड़ और अब्दुल वाहिद भाटी की देखरेख में आईन के अनुसार शनिवार को संपन्न हुए। जिसमें सुजानगढ़ निवासी हाफिज इसहाक सनाबिली को जमीयत का अमीर, रतनगढ़ निवासी मो.नासीर खान को नायब अमीर, सुजानगढ़ निवासी अब्दुल वाहिद भाटी को नाजिम, चूरू के मो.अकरम भाटी को नायब नाजिम, शराफत अली को खजांची व बीदासर निवासी रिजवान बागोट को मिडिया प्रभारी के पद पर शूरा सदस्यों ने सर्व सहमति से चुना। चुनाव के बाद नव नियुक्त कार्यकारिणी और सदस्यों की बैठक में सुजानगढ़ शहर को जिलें का मर्कज मुख्यालय चुना गया। इसके अलावा नव नियुक्त जिला कार्यकारिणी का आईन के मुताबिक कार्यकाल 5 वर्षों तक रखने का निर्णय लिया गया व जिलेभर में कमजोर जमातों को मजबूत करने, दीनी शिक्षा पर जोर देने आदि का निर्णय बैठक में सर्व सहमति से लिया गया। जिसके बाद नव नियुक्त पदाधिकारियों को जमीयत से जुडें लोगों ने मुबारकबाद दी। इस मौके पर शेख शाबीर सल्फी, शेख अब्दुल सलाम मदनी, शेख असलम मदनी, मौलाना नजरूल हक असरी, हाफिज जावेद उसमानी, उमेद अली, असलम खान, सलीम खान, मुस्ताक किलानियां, अब्दुल हमीद भुट्टा, असलम भाटी, आजम कूरैशी, कासम अली, शाबीर, अब्दुल मजीद भाटी, मो.सादीक, असलम गौड़, अब्दुल सतार मुगल, वसीम कानूनीया, नोमान, रफीक अहमद, बिलाल, सहित चूरू, सीकर, झुंझुनूं, रतनगढ़, सरदारशहर, तारानगर, सुजानगढ़, बीदासर सहित आसपास के क्षेत्र से जमीयत से जुडें अनेक लोग मौजूद रहे।

## नरोदडा गांव के स्थापना स्थल पर हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** उपखंड क्षेत्र के नरोदडा गांव के उदगम स्थल शिल का भाटा (बाबा लक्ष्मणदास जी मंदिर) में पगल्या पूजन समारोह पर धार्मिक अनुष्ठान किए गए।प्रमोद पुजारी ने बताया कि शुक्रवार को रात्रि में पंडित प्यारेलाल शर्मा एवं विद्वान पंडितों के सानिध्य में हवन एवं रशीदपुरा के चौधरी दिलसुखराय के नेतृत्व में जागरण किया गया। सेवानिवृत्त थानेदार रामकुमार सिंह ने बताया कि इस स्थान पर बैसाख सुदी दूज विक्रम संवत 1421 को नागौर जिले के खिंयाला गांव के चौधरी लुणा राम जी बीडासरा जाट बंधु यहाँ पर विश्राम के लिए रुके थे और यह जगह उन्हें इतनी रास आई कि वे यहीं बस्सीवान हो गए। यही कालांतर में ख्यालिया बंधु कहलाए। इनके बाद रताऊ गाँव से रतावा दाधीच ब्राह्मण एवं कोटवाल परिवार को लाया गया जो पीढ़ियों से गोगामेड़ी के पुजारी हैं। इन्होंने ढोलास गाँव से पानी लाकर गांवाई कुआं बनवाया, जिसका पानी अब सूख गया है। ग्रामीणों की भावनाओं के अनुरूप सभी लोकदेवताओं के थान एवं श्री रघुनाथ जी के मंदिर का जीर्णोद्धार हो गया है। गांव के युवाओं द्वारा यहाँ निशान चढ़ाए जाते हैं एवं बूंद बूंद से सागर योजना के तहत हर आवश्यक सामान जुटाया जाता है। दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में उत्तकृष्ठ प्रदर्शन करने वाले नौनिहालों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर वयोवृद्ध भगवाना राम, नेमीचंद ख्यालिया,



महावीर लाइनमैन,राकेश भूकर,महेश नायक,मोतीलाल, बिजली विभाग के नेमीचंद ख्यालिया, गणपत स्वामी,भागीरथ नाई, प्रमोद बिरड़ा,शिक्षाविद रामेश्वर सिंह ख्यालिया,बनवारीलाल बिरड़ा, सांवरमल, बनवारीलाल, नौरंगलाल, राजेंद्र भूकर, रणजीत ख्यालिया, मंगलाराम कुमावत, अर्जुन बिरड़ा, रामकुमार सेठ,महेन्द्रपाल शर्मा, कैप्टेन शिवराम ख्यालिया, कुमावत,जगदीश ख्यालिया, भागीरथ ठेकेदार,अरविंद ख्यालिया, किसनलाल सैन, रोशन अली,प्रमोद कुमार ख्यालिया, बिनोद कुमार, विक्रम सैन, गुड्ड, नंदलाल जांगिड़, महावीर प्रसाद ख्यालिया, किरोड़ी भूकर, भंवरलाल जारी वाल, जगदीश शर्मा, महावीर प्रसाद ख्यालिया,मखनलाल शर्मा, सेठु नाई सहित ग्रामीण उपस्थित थे। संचालन अरविंद ख्यालिया ने किया।

## नर्सिंग कॉलेज की फेयरवेल पार्टी, नृत्य पर बजीं तालियां

### सीनियर की विदाई को लेकर उनके मन में दिखी उदासी



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** फतेहपुर रोड केजीएन नर्सिंग कॉलेज में बीएससी नर्सिंग एएनएम व जीएनएम की छात्राओं-छात्रों ने फेयरवेल पार्टी पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें छात्राओं ने हरियाणवी व पंजाबी गीतों पर डांस कर कार्यक्रम का समा बांधा व खूब मनोरंजन किया। छात्राओं-छात्रों की गजब की प्रतिभा देखकर खूब तालियां बजी। एक से बढ़कर एक प्रस्तुति छात्राओं ने पेश की। कार्यक्रम से पहले छात्राओं-छात्रों ने डायरेक्टर के अलावा तमाम जो मौजूद व्यक्ति उनका स्वागत किया। डायरेक्टर खदीम हुसेन ने कहा कि केजीएन नर्सिंग कॉलेज से कोर्स कर सैंकड़ों छात्राएं सरकारी तथा प्राइवेट नौकरी कर रही हैं, यहां तक कि कई छात्राएं तो विदेशों में भी सेटल हैं। नर्सिंग में करियर की अपार संभावनाएं हैं। छात्राओं-छात्रों में एक ओर जहां कार्यक्रम को लेकर जोश व उत्साह नजर आ रहा था, वहीं सीनियर की विदाई को लेकर उनके मन में थोड़ी उदासी थी। इस मौके पर कॉलेज की सभी छात्राओं-छात्रों मौजूद रही। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन अब्दुल रहमान, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. खालिद हुसैन, प्रिंसिपल डॉ. अब्दुल लतीफ व एमपी नेहारा,प्रिंसिपल फार्मेसी फैकल्टी खालिक रहमान, नफीसुर रहमान विकाश कुमार, रविकांत, मुहम्मद इकराम फारूकी,नफीस अहमद सभी फैकल्टी पार्टी संगठन अब्दुल कादिर और बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष के सभी छात्रों ने मोजूद रहे।

# दादा-दादी दिवस का समारोह का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** जिले के फतेहपुर में श्री रामरिखदास पोद्दार उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्या डॉ. शिल्पी सिंह के सानिध्य में भव्य दादा-दादी दिवस का समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य हमारे दादा-दादी, नाना-नानी के अमूल्य योगदान का सम्मान करना था। यह दिन दादा-दादी को परिवार और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित करने का एक अवसर है। यह पीढ़ीगत संबंधों को मजबूत करने और प्रेम, ज्ञान तथा अनुभव साझा करना है । समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि विद्यालय सचिव रामावतार जैन द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की। छात्र-



छात्राओं ने मधुर समूह संगीत प्रस्तुत किया और दादा-दादी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम कहानी वाचन, कविता वाचन, स्किट आदि की प्रस्तुति दी ।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इंटरैक्टिव खेल थे। जिसका उद्देश्य हमारे दादा-दादी, नाना-नानी के अमूल्य योगदान को समझना है। यह पीढ़ीगत संबंध उनके अमूल्य योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। छात्र-छात्राओं ने मधुर समूह संगीत प्रस्तुत किया और दादा-दादी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इंटरैक्टिव खेल थे। जिसमें दादा-दादी, नाना-नानी, पोते पोतियो ने मिलकर भाग लिया। 'बॉल आ?न द पेपर' और 'बैंलेस टीम वर्क'जैसे खेलों ने खुशी और हंसी मजाक का माहौल बनाया।दादा-दादी ने अपने बच्चों के बच्चों के साथ खेलों में उत्साह पूर्वक भाग लिया। आए हुए अतिथियों को विद्यालय परिवार की ओर से भेट प्रदान की गई।समारोह के दौरान दादा-दादी को विशेष महसूस कराया गया ,जिससे व सम्मानित और स्नेह का अनुभव करने लगे।इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या डॉ. शिल्पी सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिवार के निर्माण और परंपराओं को बनाए रखने में दादा-दादी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पीढ़ियों के बीच प्यार सम्मान और समझ को बढ़ावा मिलता है।अंत में अभिभावकों ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकगणों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कार्यक्रम को विराम दिया । डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयंती के उपलक्ष में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और शिक्षकों के प्रति उनके अमूल्य योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
7 सितम्बर, 2025

## लुमास में गोगाजी महाराज का हुआ रात्रि जागरण



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** गोगामेडी लुमास में शुक्रवार रात्रि को एक शाम गोगा जी महाराज भव्य जागरण का आयोजन किया गया भक्त सुमेर सिंह शेखावत ने बताया कि एक शाम गोगा जी के नाम शुक्रवार को विशाल जागरण गायक जगदीश मारवाड़ी एवं उम्मेद सेन चुरू की पार्टी के द्वारा रात्रि जागरण दिया गया।कलाकारों ने गोगाजी महाराज का बयावलो,गोगाजी महाराज की जन्म कथा, गोगाजी महाराज की उमावा, गोगाजी महाराज छवली,इत्यादि भजनों की सुंदर प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया।दर्शक भी कलाकारों के साथ नाचने लग गए। सुबह गोगाजी महाराज की आरती के बाद भक्त के द्वारा गोगाजी महाराज के निशान की खोली उतारी गई । सभी ग्राम की महिलाओं पुरुषों ने प्रसाद ग्रहण किया । इस रात्रि जागरण में महिलाओं,पुरुषों ,युवाओं ने भजनों का आनंद लिया इस रात्रि कालीन जागरण को सफल बनाने में समस्त ग्राम वाशी का सहयोग रहा।

## नीरज बाबल ने जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया मान

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** ढाणी पन्ने सिंह के प्रतिभाशाली छात्र नीरज बाबल ने गणित विषय में जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। नीरज की इस उपलब्धि से गाँव और आसपास के क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। नीरज बाबल के पिता सतवीर बाबल और माता कमला गोदारा ने बताया कि नीरज ने निरंतर मेहनत और लगन के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। परिवारजनों ने कहा कि नीरज बचपन से ही पढ़ाई में होनहार रहा हैं और गणित विषय में उनकी विशेष रुचि रही है। गाँव के लोगों, रिश्तेदारों और शिक्षकों ने नीरज की इस सफलता पर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता के सभी भारवर्गों के मुकाबले सम्पन्न

### राउमावि, बलाल ने किया ट्रॉफियों पर कब्जा



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** 69 वीं जिलास्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता के सभी भारवर्गों के मुकाबले आज राउमावि,बलाल में सम्पन्न हुए।समापन का कार्यक्रम कल रविवार को होगा। 17 वर्ष बालक वर्ग में विजेता राउमावि, बलाल रही,उपविजेता प्रेरणा पब्लिक स्कूल राजगढ़ रही। 17 वर्ष बालिका वर्ग में विजेता राउमावि लम्बोर बड़ी तथा उपविजेता राउमावि, बलाल रही। 19 वर्ष बालक वर्ग में विजेता राउमावि बलाल तथा उपविजेता राउमावि, कंवलासर रही। 19 वर्ष बालिका वर्ग में विजेता राउमावि, बलाल तथा उपविजेता राउमावि, लम्बोर बड़ी रही। जिले में Best लिफ्टर Boyas में प्रेरणा पब्लिक स्कूल का विनीत रहा तथा बालिका वर्ग में best लिफ्टर राउमावि, चांदगोठी की खुशी रही। शाशि राधेश्याम पूनियां ने बताया कि सभी निर्णायकों ने कर्तव्यनिष्ठा के साथ खिलाड़ियों को खिलाते हुए अपने निर्णय देकर प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए। प्रतियोगिता के संयोजक रामकुमार खीचड़ ने प्रतियोगिता की सफलता पर सभी निर्णायकों,प्रतिनियुक्त स्टाफ व स्कूल के स्टाफ के कार्य पर संतोष व्यक्त झरते हुए सभी का आभार जताया।

## आर.डी. मेमोरियल में शिक्षक दिवस मनाया गया



जयपुर टाइम्स

**गुढ़ा(निसं.)** आर डी मेमोरियल नाटास में शिक्षक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नाट्य प्रस्तुति, निकिता हिमांशी केडिया पूनम मानसी अशिक दीक्षा रितिका टीना बिट्टू दिवांशु दीपांशु प्रियांशु केडिया पूजा पंकज प्रिंस कविता जीविका आस्था दिव्यांशी आदि विद्यार्थियों नेभाषण एवं गीत के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। स्कूल निदेशक ने कहा कि शिक्षक ही छात्रों के भविष्य का निर्माण करते हैं और यह दिवस हमें गुरुजनों के प्रति आदर प्रकट करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने सभी छात्रों से अपील की कि वे पूरे जोश और उत्साह के साथ आगे बढ़ें और अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर अपने गुरुजनों का नाम रोशन करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य , मनोज नेहरा ने की । इस अवसर महेश कुमार वीरेंद्र कुमार पराग नेहरा अंकित कुमार लोकेश कुमार बनवारी लाल पूनम रावत सोमिका पिंकी शेखावत पूनम कुमारी सारिका बब्लेश कुमारी सीता रोशनी अन्नु रामनिवास कमलेश झाझडिया रमेश जांगिड़ व आदि मौजूद रहे ।

# छः न्याति ब्राह्मण महासंघ की महिला इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** स्थानीय दादू भवन में श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ का वार्षिकोत्सव व महिला इकाई का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार शाम को हर्षोल्लास से मनाया गया। छः न्याति महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष पारासर नारायण शर्मा के मुख्य आतिथ्य व पंडित महेश बावलिया की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश महामंत्री पल्लवी शर्मा, आनंद बाला, दिपिका शर्मा व राजीव शर्मा विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान विजय लक्ष्मी शर्मा ने मंगलाचरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष पारासर नारायण शर्मा ने कहा कि छः न्याति महासंघ का मूल उदेश्य समाज में समता मुलक समाज बनाना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण होगी और ब्राहम्ण समाज ने हमेशा सर्व समाज को शिक्षित व संस्कारवान बनाया है। उन्होंने



कहा कि प्रत्येक जिले में शिक्षा का बड़ा संगठन खड़ा किया जायेगा, जिसमें भविष्य में मेडीकल कॉलेज, इंजिनियर कॉलेज जैसी संस्थाओं का निर्माण कर समाज के प्रतिभाषाली छात्र- छात्राओं को षिक्षित किया जा सके। उन्होंने विप्र समाज की महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपनी संतानो को संस्कार दे जिससे समाज में एकरूपता हो सके। नकारात्मक भाव रखने वाले लोगों के बारे में समाज को चिंतन करना होगा। इस अवसर पर संरक्षक मण्डल की आनन्द बाला शर्मा ने कहा कि महिलाओं का स्थान समाज में सर्वोपरि होना चाहिए। इस अवसर पर नव निर्वाचित महिला इकाई की जिलाध्यक्ष दीपिका शर्मा ने विश्वास दिलाया कि वे सभी को साथ लेकर समाज हित में कार्य करें। इस अवसर पर ओम सारस्वत, पूर्व सभापति विजय शर्मा, पूर्व प्रदेश महामंत्री पल्लवी शर्मा, तहसील अध्यक्ष राजीव शर्मा व जिला महामंत्री गुरुदास भारती ने भी विचार व्यक्त किये। जिलाध्यक्ष पं. महेश बावलिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि महिला ईकाई का गठन महिलाओं की समस्याओं के समाधान व उनके विकास के लिए किया गया है। इस अवसर पर विमला जोशी, विजय लक्ष्मी त्रिवेदी, यशोदा सारस्वत, सरिता इन्दोरिया, विमला शर्मा, ममता जोशी, अंजू गौड़, निर्मला जोशी, चंदा बंसिया, इशिता शर्मा, रेखा दाधीच, लिलावती दाधीच, सोनू शर्मा, निशा लक्ष्मी, नेहा दाधीच, अंजू दाधीच, सपना सारस्वत व शंकुन्तला शर्मा को प्रदेशाध्यक्ष पारासर नारायण शर्मा ने पद व गोपनियता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर फतेहचन्द सोती, डॉ. सुरेन्द्र शर्मा, योगेश गौड़, शंभु पारीक, रमेश पारीक, अभिषेक शर्मा, सुरेन्द्र चुलेट, भास्कर शर्मा, नरेन्द्र काछवाल, सुरेन्द्र बावलिया, कैलाश नवहाल, सुरेश सारस्वत, राजीव बहड़, अजय दाधीच, रमाकांत शर्मा, रामस्वरूप शर्मा, राजेन्द्र शर्मा मुसाफिर, बाबू पाटिल, श्रीराम पीपलवा, सुभाष महर्षि सहित अनेक विप्र समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रवि दाधीच ने किया।

## लोक देवताओं के आदर्शो का अनुशरण करें: रीटा चौधरी

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)।** मण्डावा विधायक रीटा चौधरी ने कहा है की लोक देवताओं और धर्म गुरुओं के आदर्शों का अनुसरण करने के लिए उनकी शिक्षाओं के प्रति निष्ठावान रहना, उनके मूल्यों को अपने जीवन में उतारना, सेवा और परमार्थ के कार्यों में सक्रिय होना, और गुरुजनों का सम्मान करना ही सबसे महत्वपूर्ण है। ये आदर्श समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं और व्यक्तिगत आध्यात्मिक विकास में सहायक होते हैं। वे शुक्रवार शाम को गावं हेतमसर स्थित गोगामेडी के स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थी । उन्होंने खिलाड़ियों का आव्हान किया की खेल में हार जीत मायना नहीं रखा जाता है अनुशासन सर्वोपरि होना चाहिए । इस अवसर पर विधायक ने खेल मैदान की चार दिवारी व खुला जीम बनाने की भी घोषणा की । तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में दर्जनभर गावों की टीमों ने हिस्सा लिया । कब्बड़ी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नूआं व हंसासर की टीम के बीच खेला गया जिसमें हंसासर की टीम को विजयी घोषित किया गया । कार्यक्रम में सरपंच खुशबू चौधरी, एसपी जांगिड़ बीरबल राम भूरिया, मगनलाल स्वामी, ताराचन्द डोटासरा, महेन्द्रसिंह शेखावत व मदनलाल जांगिड़आदि मंचासीन अतिथि थे इस मौके पर अतिथियों ने विजेता व उप विजेता टीम को ट्रॉफी व नगद राशि प्रदान कर सम्मानीत किया । इस मौके पर अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी ने करवाया नवलगढ थाने में मामला दर्ज

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ(निसं.)।** नवलगढ़ में रामदेवजी मेले को लेकर बेसहारा पशु के लिए की व्यवस्था को लेकर आम-जन व पालिका प्रशासन के मध्य लम्बी वार्ता हुई,वार्ता के बाद में लोगों ने पालिका द्वारा की गई व्यवस्था को भंग कर दिया और जहां बेसहारा पशुओं के लिए व्यवस्था की गई थी वहां से पशुओं को बाहर निकाल दिया। नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी कंवर पाल सिंह ने बताया कि रामदेवजी मेले को लेकर नगरपालिका द्वारा बेसहारा पशुओं के लिए एक निश्चित स्थान तय होकर टेंडर जारी किया गया था उक्त ठेकेदार के द्वारा कार्य भी किया जा रहा था ठेकेदार के द्वारा पालिका को शिकायत दी गई उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि नगरपालिका नवलगढ द्वारा रामदेवजी महाराज मेला वर्ष 2025 में मेला परिसर में बेसहारा पशुओं की रोकथाम एवं बेरीकेटिंग कार्य के लिए जारी निविदा सूचना के क्रम में रखे गये टेण्डर दिनांक 21.08.2025 में मेरी फर्म की दर सबसे कम होने से मेरा टेण्डर स्वीकृत कर मुझे पालिका द्वारा कार्यादेश क्रमांक 2282 दिनांक 22.08.2025 जारी कर मेला अवधि दिनांक 31.08.2025 से 11.09.2025 तक कुल 12 दिवस तक मेला परिसर के रास्तो में बेरिकटिंग एवं बेसहारा पशुओ की रोकथाम की व्यवस्था हेतु आदेश दिया गया है। जिसके अनुसार मेरे द्वारा मेला क्षेत्र से निश्चित दूरी पर काशी विश्वनाथ मंदिर के पास, गणेशपुरा नवलगढ़ स्थित बाबूलाल जी वकील के नोहरे में उक्त आवारा पशुओं को रखकर चारे पानी की व्यवस्था की जा रही है परन्तु आज दिनांक 06.09.2025 को स्थानीय निवासियों / असामाजिक तत्वों 1. रविन्द्र पारीक 2. बसेसर चेजारा 3. राजकुमार पुत्र श्यामलाल सैनी 4. संदीप जांगीड़, नोहरे के सामने इत्यादि एवं इनके 10-12 सहयोगीयो द्वारा उक्त नोहरे का गेट खोलकर पशुओं को बाहर निकाल दिया गया जिससे उक्त पशु बाहर की तरफ विचरण करने लगे है तथा वहां मौजूद महिलाओं एवं बच्चों में अफरा-तफरी मच गयी तथा गम्भीर दुर्घटना हो सकती थी उक्त कृत्य के लिए उपरोक्त नामजद व्यक्तियों ने लोगो का उकसाकर इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया है जो राजकार्य में बाधा की श्रेणी में आते है। किसी भी प्रकार की जन हानि या माल हानि होती है तो उसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी इसलिए इन व्यक्तियो के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाये। उक्त मामला नगरपालिका स्द्ध ललित शर्मा के सामने हुआ था और नगरपालिका स्द्ध ने उनको समझाइस करके रोकने की कोशिश की लेकिन कुछ उपद्रव लोगों ने जनहित को हानि पहुंचाने व राजकार्य में बाधा के उद्देश्य से उपद्रव मचाया गया। आमजन ने ठेकेदार के द्वारा कि गई व्यवस्था में कमी बताई, पशुओं के खान-पान को लेकर ठेकेदार की कमी बताई गई। नवलगढ थानाधिकारी सुगन सिंह ने बताया कि नगरपालिका द्वारा FIR दर्ज करवाया गया है जिसमें चार नामजद जिसमें रविन्द्र पारिक,बछेसर चेजारा, राजकुमार पुत्र श्याम लाल,संदिप जांगिड़ व 12 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है धारा 125,324 BNS में हमने मामला दर्ज किया है जिसकी जांच कर कार्यवाही की जावेगी।

## चूरू संभाग से नीतू शर्मा व टीम की प्रस्तुति ने बिड़ला ऑडिटोरियम में जीता दर्शकों का दिल जीता

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षा विभाग की ओर से जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में चूरू संभाग के शिक्षक कलाकारों ने राजस्थानी फाल्गुनी प्रस्तुतियों से समां बाँध दिया। चंग एवं ढप्प पर पेश की गई शेखावाटी की चंग-बांसुरी धमाल ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया और दर्शकों को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। टीम की सदस्य एवं राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय), सीकर की जिला महिला मंत्री नीतू शर्मा ने बताया कि यह सांस्कृतिक कार्यक्रम शिक्षा मंत्री मदनलाल दिलावर एवं शिक्षा निदेशक सीताराम जाट की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुआ। राज्य के सभी संभागों से आए शिक्षक कलाकारों ने लोकनृत्य व वाद्य प्रस्तुतियों के माध्यम से राजस्थान की लुप्त होती संस्कृति को जीवंत करने का प्रयास किया। चूरू संभाग की टीम में कुल 21 शिक्षक-कलाकारों ने भाग लिया। इसमें राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय वार्ड नंबर 5 की शिक्षिका नीतू शर्मा, सांवरमल चिरानिया, सज्जन पूनिया, माया खीचड़, महेश कुमार, लक्ष्मी कंवर एवं रेखा शर्मा व झुंझुनूं टीम से मलसीसर एसीबीईओ सुनीता यादव,संजू नेहरा,मीनाक्षी तवर,आशा टांक,करुणा शर्मा,सुनीता बेनीवाल,ज्योति शर्मा, सत्या, नम्रता, मनीषा,अनीता शर्मा, संतोष वर्मा, रेणु श्याम सुंदर शर्मा सहित कई अन्य शिक्षकों ने मंच पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री स्वयं प्रस्तुति से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने चंग बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। नीतू शर्मा एवं उनकी टीम को इस यादगार प्रस्तुति के लिए संगठन के सदस्यों ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।

## डॉ भीमराव अंबेडकर मानव कल्याण संस्था की मीटिंग आयोजित

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़.** कस्बे में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मानव कल्याण संस्था की एक अहम मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें रविवार को शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा एवं सचिव ओमप्रकाश बावलिया ने बताया कि संस्था की बैठक में सभी कार्यकारिणी के सदस्यों ने फैसला किया कि 7 सितंबर को कस्बे के गणेश गार्डन में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में अजीतगढ़ ब्लॉक के उत्कृष्ट परिणाम देने वाले शिक्षकों, कमजोर वर्गों को प्रोत्साहन देने वाले शिक्षकों व भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा।

## झुंझुनू केंद्रीय सहकारी बैंक की 35वीं साधारण सभा 24 सितंबर को

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की 35वीं साधारण सभा 24 सितंबर को अपराह्न 1 बजे आयोजित की जाएगी। यह सभा बैंक प्रधान कार्यालय भवन, स्टेशन रोड स्थित सभाकक्ष में होगी। सभा की अध्यक्षता बैंक के प्रशासक एवं जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग करेंगे। केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड झुंझुनूं के प्रबंध निदेशक संदीप शर्मा ने बताया कि बैठक में सदस्य सहकारी संस्थाओं के अध्यक्ष व उनकी अनुपस्थिति में प्रस्ताव द्वारा अधिकृत उपाध्यक्ष की उपस्थिति अपेक्षित है। साधारण सभा में बैंक की कार्यप्रणाली, वित्तीय स्थिति एवं भावी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

## रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं को बताए आत्मरक्षा के गूर



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में चल रहे आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं को मजबूत करने के उद्देश्य से आत्मरक्षा के गूर सिखाएं जा रहे हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेश चाहर ने छात्राओं को स्वंय की रक्षा स्वंय करने के लिए प्रेरित किया। जिसमें किसी भी हमले या खतरे से खुद को बचाया जा सके। नोडल प्रभारी नवीन कुमार पारीक ने रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण केंद्र के तहत छात्राओं को बताया कि हमें किसी अन्य पर आश्रित न रहते हुए अपनी रक्षा स्वंय करनी चाहिए। उन्होंने आत्मरक्षा का अर्थ बताते हुए संदेश दिया गया कि किसी भी व्यक्ति को अपनी सुरक्षा करने का अधिकार है। कानून भी उसे अपनी रक्षा के लिए उचित बल का उपयोग करने की अनुमति प्रदान करता है। इस अवसर पर कृष्णा कुमारी महिला पुलिस चूरू प्रशिक्षक द्वारा छात्राओं को पंच, ब्लॉक लगाना, किक, थ्रो हेण्ड टेक्निक आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। इसमें उन्होंने छात्राओं को रोड़ फाइटिंग की ट्रेनिंग दी। जिसमें छात्राओं के साथ सड़क पर अभद्र व्यवहार को किस प्रकार रोका जाए यह बताया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समिति सदस्य उपस्थित थे।

## इस्लाम के आखरी पैगम्बर के जन्मदिन पर जरुरतमंद लोगों में फलों का वितरण



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** दावते इस्लामी इंडिया के वेलफेयर डिपार्टमेंट जीएनआरएफ की और से शनिवार को राजकीय उप जिला अस्पताल में इस्लाम के आखरी पैग़म्बर के 1500 साला जन्मदिन के मौके पर अस्पताल में भर्ती मरीजों और कर्मचारियों, अनाथ आश्रम के बच्चों व फुटपाथ पर झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले जरुरतमंद लोगों को फल वितरण कर सराहनीय कार्य किया है। इस कार्य मे संस्था के मेंम्बर नाइब शहर क़ाजी मुहम्मद रमज़ान अत्तारी, सद्दाम अत्तारी, मुहम्मद आमीन, एजाज़, अब्दुस्सलाम, अनवर व मुस्लिम समाज के अनेक लोगों ने भी हिस्सा लिया। संस्था के मेंबर मुहम्मद रमज़ान अत्तारी ने बताया के जीएनआरएफ फैजाने गरीब नवाज़ रिलिफ फाउंडेशन डिपार्टमेंट फलाही कामों में लोगों की मदद करने के लिए तैयार रहता है। इस मौके पर फ्रूट बांटने से ईद-ए- मिलादुन्नबी की खुशी का इज़हार हुवा।

## चूरू के शुभम वर्मा इंग्लैंड में स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवॉर्ड से हुए सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** मरुधरा के प्रवेश द्वार चूरू से सात समंदर पार जाकर न केवल अपनी बल्कि अपने अंचल, प्रदेश और देश को पहचान दिलाने की जब कोई युवा प्रयास करता है और वह उसमें कामयाब होता है तो हर किसी को गर्व की अनुभूति होती है। ऐसे ही प्रयास किए चूरू के छात्र शुभम वर्मा जिसने थोड़े से समय में ही इंग्लैंड में अपनी मेहनत से न केवल अपनी बल्कि अपनी मायड़ भूमि को विदेश की धरती पर गौरवान्वित किया। चूरू शहर के छात्र शुभम वर्मा ने यूनाइटेड किंगडम के स्टोक-ऑन-ट्रेंट शहर की कील यूनिवर्सिटी के सचिव पद पर रहते हुए शुक्रवार को एक और उपलब्धि हासिल की है। उन्हें विश्वविद्यालय के बिजनेस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की ओर से प्रोफेसर कोलिन ने वर्ष 2025 का स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध कार्य तथा प्रबंधन क्षेत्र में नवाचार पूर्ण योगदान के लिए दिया गया। शुभम ने पढ़ाई के साथ ही अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स और लीडरशिप गतिविधियों में भी भारत की प्रतिभा का लोहा मनवाया। विश्वविद्यालय प्रोफेसर कोलिन ने शुभम की उपलब्धि को प्रेरणादायक बताया और कहा कि छात्र शुभम न केवल विश्वविद्यालय बल्कि भारतीय छात्रों को गौरवान्वित किया है। शुभम ने अपनी सफलता का श्रेय प्रोफेसरों और सहपाठियों से मिले मार्गदर्शन को दिया है।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
7 सितम्बर, 2025


## शिक्षक राज्य स्तर पर "शिक्षा गौरव 2025" पुरस्कार से हुए सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** निकटवर्ती जगदीशपुरी (मानगढ़ ) की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक महेन्द्र प्रसाद सैनी को शिक्षण व शैक्षणिक विकास एवं समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए शिक्षक दिवस पर "मानव जन जागृति संस्थान" चौमू दोबारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सैनी को प्रशस्ति पत्र ,शॉल, अभिनंदन पत्र ,लेखनी,एवं "जागृति स्मारिका,पुस्तक देकर राज्य स्तरीय "शिक्षा गौरव 2025" पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय की शिक्षिका अनिता कुमारी मीणा एवं बाबा श्याम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राकेश नंदूडी को भी इंडियन रेडक्रास सोसायटी अजीतगढ़ द्वारा ब्लॉक स्तरीय "श्रेष्ठ शिक्षक गौरव सम्मान2025 "द्वारा नवाजा गया इस पर विद्यालय एवं ग्रामवासियों द्वार अभिनन्दन ,स्वागत किया गया।

## हरिपुरा के लाल ने जीता जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल, गांव में खुशी की लहर

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़(निसं.)** कस्बे की एक निजी स्कूलों में कक्षा 10 के छात्र एवं हरिपुरा निवासी ऋषिराज सिंह ने जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर गांव में स्कूल व खुशी की लहर है। हरिपुरा निवासी बबलू सिंह हरिपुरा समेत कई लोगों ने बताया कि सीकर की प्रिंस एकेडमी स्कूल में जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है जिसमें हरिपुरा निवासी ऋषिराज सिंह ने अंडर 17 आयु वर्ग एफएस 51 किलोग्राम भार वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन किया जिस कारण ऋषिराज सिंह का राज्य स्तर पर चयन किया गया। जानकारी के अनुसार ऋषिराज सिंह पूर्व में भी कई बार गोल्ड मेडल हासिल कर चुके हैं। इस अवसर पर ऋषिराज सिंह ने पत्रिका को बताया कि वह कुश्ती प्रतियोगिता में एक दिन देश का प्रतिनिधित्व कर देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि सबसे पहले राज्य स्तर पर होने वाली कुश्ती प्रतियोगिता में भी वह गोल्ड मेडल हासिल कर स्कूल समेत गांव व परिवार का नाम रोशन करेंगे।

## झाड़ी वाले बालाजी धाम दांता में धार्मिक कार्यक्रम के तहत निकाली विशाल निशान पद यात्रा

### निम्बार्क आश्रम दांता से प्रारंभ होकर श्री झाड़ी वाले बालाजी धाम तक निकाली दशवी निशान पद यात्रा



जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निसं.)।** श्री झाड़ी वाले बालाजी धाम वार्ड नं 04 दांता में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के तहत शनिवार को दशवी विशाल निशान पद यात्रा निम्बार्क आश्रम दांता से रवाना हुई, सर्वप्रथम पंडित गिरधारी लाल शर्मा तथा दीपक शर्मा रुलाना सहित गणमान्यजनों तथा समिति सदस्यों द्वारा निंबार्क आश्रम में पुजा अर्चना करवाते हुए निशान पद यात्रा को रवाना किया, जो मुख्य बाजार से निकलते हुए खेड़ापति बालाजी होते हुए बालाजी मंदिर पहुंची जहां मंदिर में जयकारों के साथ निशान अर्पित किए। इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा तथा खेड़ापति बालाजी के पास फल वितरित किए। आयोजक समिति ने बताया कि यह धार्मिक कार्यक्रम 4 सितंबर से प्रारंभ हुआ जिसमें सुंदरकांड पाठ, बालाजी का अभिषेक व हवन यज्ञ हुआ तथा 6 सितंबर शनिवार को सुबह 8.15 से निंबार्क आश्रम से विशाल निशान पद यात्रा निकाली गई, दोपहर को महाआरती, तथा दोपहर बाद भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। झाड़ी वाले बालाजी सेवा समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने हिसार घग्गर ड्रेन कटाव को रोका, पांच सौ से अधिक सेवादारों ने की मानवसेवा

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निसं.)** सिरसा जिले में शनिवार सुबह हिसार घग्गर ड्रेन सेमनाला के क्षेत्र में मोडिया खेड़ा के निकट करीब सौ फीट लंबा कटाव हो गया जिसके कारण मोडिया खेड़ा और गुड़िया खेड़ा के सैकड़ों एकड़ नरमा व कपास की फसलें जलमग्न हो गईं जबकि किसानों की ढाणियां और मोटरें भी पानी की चपेट में आने लगीं। प्रशासन के आह्वान पर डेरा सच्चा सौदा के पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की प्रेरणाओं से प्रेरित होकर ब्लॉक सिरसा, कल्याण नगर, ऐलनाबाद, माधोसिंघाना सहित अन्य क्षेत्रों से शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के लागभग पांच सौ से अधिक सेवादार तत्काल मौके पर पहुंचे। सेवादारों ने मिट्टी के गट्ठे भरकर, मानव श्रृंखला बनाकर और लकड़ी की जालियों का सहारा लेकर कटाव को बंद करने का कार्य शुरू कर दिया। इसी बीच तेज बारिश होने लगी, लेकिन सेवादारों का उत्साह कम नहीं हुआ। वे दोगुने जोश के साथ सेवा में जुटे रहे। समाचार लिखे जाने तक सेवादार कटाव को पूरी तरह बंद करने में लगे हुए थे। उनकी अनुशासित सेवा भावना देखकर सभी प्रभावित नजर आए। इस अवसर पर ऐलनाबाद के विधायक भरत सिंह बैनीवाल के पुत्र सुमित बैनीवाल भी सेवादारों के बीच पहुंचे और उनकी सेवा की सराहना की। गुड़िया खेड़ा के सरपंच प्रतिनिधि आत्माराम भाटिया, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि भरतसिंह बिरड़ा तथा मोडिया खेड़ा के सरपंच भारत सिंह ने भी डेरा सेवादारों के प्रयासों की प्रशंसा की एवं कहा कि सेवादारों की निष्ठा से गांववासियों को बड़ी राहत मिली है। सच्चे नम्र सेवादार प्यारे लाल इन्सां और करनैल सिंह इन्सां ने बताया कि सुबह 5 बजे कटाव की सूचना मिलते ही पूज्य गुरु जी की प्रेरणाओं पर चलते हुए सेवादारों के साथ राहत कार्य आरंभ कर दिया। सेवादार लकड़ी की जालियां, बड़ी लकड़ियों के अवरोधक बनाकर कटाव को भरने में जुटे हुए है। उन्होंने बताया कि डेरा सच्चा सौदा के सेवादार पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय हैं। वे न केवल राहत सामग्री बांट रहे हैं, बल्कि पीड़ितों का हौसला भी बढ़ा रहे हैं।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गुड़ा गौड़जी नगर कार्यकारिणी की घोषणा हुई

### वीरू प्रताप बने गुढ़ा नगर मंत्री

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनू(निसं.)** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गुढ़ा गौड़जी की नगर बैठक संपन्न हुई। जिसमें नगर कार्यकारणी की घोषणा की गई जिला संयोजक अभय प्रताप सिंह ने बताया कि नगर बैठक में आगामी कार्यक्रमों की चर्चा की गई। प्रवासी कार्यकर्ता के रूप बैठक में आए प्रांत सोशल मीडिया संयोजक नितेश तिवाड़ी ने एबीवीपी के इतिहास विकास पर प्रकाश डाला और विद्यार्थी परिषद की संगठनात्मक रचनाओं के बारे में बताया। जिला संयोजक अभय प्रताप सिंह ने नगर कार्यकारणी की घोषणा करते हुए वीरू प्रताप सिंह को नगर मंत्री, विश्वास शर्मा और दीपेंद्र बना को नगर सहमंत्री, प्रिंस को नगर कोषाध्यक्ष, अंकित कुमावत को नगर कार्यालय मंत्री, ईशान को सोशल मीडिया संयोजक तथा सोनू बुगाला को सहसंयोजक, कुलदीप बजावा को एसएफएस संयोजक और अनमोल शर्मा को सहसंयोजक, अमित शर्मा को एसएफडी संयोजक और आदित्य योगी को सहसंयोजक, अभय प्रताप को राष्ट्रीय कला मंच संयोजक, सुमित को खेलो भारत संयोजक तथा लकी को सहसंयोजक, सचिन रोहिल्ला को छात्रावास संयोजक, प्रताप सिंह को विद्यालय संयोजक, जीतू बन्ना को महाविद्यालय संयोजक, रिया सेन को एनसीसी संयोजक और नितेश तिवाड़ी को गुढ़ा नगर विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर मुरारका कॉलेज झुंझुनू के इकाई अध्यक्ष वंशदीप कालीपहाड़ी,सचिन महला,झुंझुनू नगर मंत्री रोहित गुर्जर, झुंझुनू नगर सह मंत्री आर्यन चौधरी, भवानी सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पंचकर्म विषय को लेकर हुई चर्चा

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़(निसं.)।** कस्बे की शिव प्यारी देवी रूथला आयुर्वेद नर्सिंग कॉलेज एवं आयुर्वेद पंचकर्म हॉस्पिटल नवलगढ़ के सभा कक्ष में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई जिसमें आयुर्वेद विशेषज्ञों के बीच रायशुमारी हुई जिसमें आयुर्वेद की प्राचीन विद्या पंचकर्म के ज्ञान का कैसे इस धरा पर बढ़ाया जाए और शेखावाटी में पंचकर्म के परचम को कैसे फैलाए जाए इस विषय को लेकर मंथन हुआ।चर्चा के दौरान डॉ. राजेंद्र कुमावत,डॉ.राकेश माहिच, डॉ.अलका नारनौलिया,डॉ. शिखा,डॉ.योगेश चौमाल व यहां के प्रो.डॉ.रवि रूंथला ने भाग लेकर अपने विचारों से अभिभूत करवाया और क्षेत्र में नवनिर्मित हुए इस पंचकर्म हॉस्पिटल की गतिविधियों को तेज कर इस पंचकर्म थेरेपी को आगे कैसे बढ़ाया जाए इस पर भी गहरा मंथन किया और सभी ने इस बीच अपनी बात रखी और कहा कि हम इस आयुर्वेद की विद्या को अधिक विस्तार करने के लिए और आयुर्वेद का प्रचार प्रसार करते हुए जगह-जगह अस्पताल की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन करे, मीडिया,सोशल मीडिया व प्रिंट मीडिया में इसके बारे में बताने/ जानकारी देने और लोगों को इसकी उपयोगिता के बारे में बताए, और अधिक से अधिक आयुर्वेद के प्रति जागरूक करने सहित कई पुनीत कार्य कर आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे,तो बहुत जल्दी ही हम आयुर्वेद का एक नया अध्याय इस शेखावाटी की धरा पर शुरू कर पाएंगे और आयुर्वेद को आरोग्य की ओर ले जाने में सक्षम भी होंगे ।जन कल्याण और विकास की पुनीत सोच के साथ आज इस अहम बैठक की शुरुआत हुई और बहुत जल्दी ही अन्य विषय विशेषज्ञो की सेवाएं भी इस अस्पताल में मिलना शुरू हो जाएगी।जो जनता की अपेक्षाओ पर खरी उतरेगी।

## विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन, विधिक जागरूकता पर जोर

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झुंझुनूं और शिक्षा विभाग, झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को परमवीर पीरूसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए विधिक चेतना अभियान 2025 के तहत खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला एवं सेशन न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष दीपा गुर्जर ने किया। इस अवसर पर जिला सेशन न्यायाधीश दीपक गुर्जर ने बताया इस प्रतियोगिता में शारीरिक, दृश्य, श्रव्य, बौद्धिक और अन्य दिव्यांगताओं वाले बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने कबड्डी, बोसी बॉल, लंबी कूद, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस, पेंटिंग और चित्रकला जैसी प्रतियोगिताओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के साथ-साथ सभी प्रतिभागियों का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेलों में भाग लेना ही अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है, और हार-जीत से हताश होने की बजाय निरंतर प्रयास करना महत्वपूर्ण है। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ. महेंद्र के. सिंह सोलंकी ने अपने उद्बोधन में बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विशेष रूप से सक्षम बच्चों में विधिक जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास और सामाजिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) राजेश मील ने कहा कि वे इन बच्चों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य जमुना झाझडिया ने कहा कि विशेष बच्चों के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि सामान्य बच्चों के लिए समय-समय पर ऐसी गतिविधियां आयोजित होती रहती हैं। कार्यक्रम के समापन पर दीपा गुर्जर ने विजेता टीमों और विद्यार्थियों को मेडल, नगद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। साथ ही, सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह और भागीदारी के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अजीतगढ़ जीएसएस व्यवस्थापक का नियमितीकरण नियम विरुद्ध, कार्रवाई की जांच करने की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** अजीतगढ़ ग्राम सेवा सहकारी समिति के व्यवस्थापक मूलचंद सामोता का स्क्रीनिंग कमेटी अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव एवं व्यवस्थापक/ ऋणपर्यवक्षक द्वारा नियमितीकरण नियम विरुद्ध करने की शिकायत मुख्यमंत्री, जांच समिति को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में।लिखा है कि मूलचन्द सामोता द्वारा बैंक को प्रस्तुत आवेदन पत्र अजीतगढ़ ग्राम सेवा सहकारी समिति में सहायक व्यवस्थापक के पद पर कार्यरत दर्शाते हुए प्रस्तुत किया गया है, तथा अजीतगढ़ समिति के संचालक मण्डल की बैठक 30 जून 2022 का प्रस्ताव संख्या-2 सलंग्न किया गया है। मूलचन्द सामोता द्वारा आवेदन पत्र में स्वयं को नाथूसर समिति में सैल्समेन के पद पर 2 मार्च 2017 से नियुक्त एवं नाथूसर समिति संचालक मण्डल की बैठक 10 जून 2019 के द्वारा "सेल्समैन से सहायक व्यवस्थापक पद पर पदोन्नति दर्शायी गई है। पदोन्नति की कार्यवाही सेवा नियमों के विरूद्ध होने से विधि मान्य नहीं है, सेवा नियम 2008 के संलग्न परिशिष्ट । के अनुसार समिति में सहायक व्यवस्थापक के दो पद सर्जित होने पर प्रथम एक पद पर नियुक्ति सीधी भर्ती से एवं दूसरे पद पर पद्दोन्नति से किये जाने का प्रावधान है तथा पद्दोन्नति हेतु न्यूनतम सेया काल 10 वर्ष होना अनिवार्य है। जब कि सैल्समैन के पद पर सेवा काल 2 वर्ष 3 माह 8 दिवस का था। सेवा नियम-2008 खण्ड पच्चम-नियम-22 पदोन्नति की प्रक्रिया चयन समिति पदोन्नति समिति का कार्य करने व पात्र कर्मचारियों के नाम मय गत 5 वर्षों के वार्षिक कार्य मूल्याकंन प्रतिवेदन व सेवा अभिलेख पदोन्नति समिति समक्ष रखना व सेवाकाल अन्य शर्तों ब्यौरे के साथ समिति व्यवस्थापक द्वारा पदोन्नति समिति के समक्ष रखने किए एवं बिना प्रक्रिया अपनाये मात्र नाथूसर समिति संचालक मण्डल की बैठक दिनांक 10 जून 2019 में कूटरचित प्रस्ताव लिखकर तथा कथित रूप से सहायक व्यवस्थापक बना दिया गया, समस्त कार्यवाही नियम विरूद्ध होने के कारण निरस्त योग्य है। ज्ञापन में लिखा है कि योगेश शर्मा प्रबन्ध निदेशक (बैंक) एवं सदस्य सचिव स्क्रीनिंग कमेटी ने नियमों के विरूद्ध जाकर मूलचन्द सामोता को स्क्रीनिंग के लिए 'पात्र' मानना विधि विरूद्ध कार्यवाही पद का दुरूप्योग एवं भ्रष्टाचार में लिपताता का होना है। मूलचन्द सागोता तथा कथित व्यवस्थापक सेवा नियम 2008 के खण्ड (पच्चम) नियम 22 के अर्न्तगत सैल्समैन से सहायक व्यवस्थापक पद पर पदोन्नति योग्य नहीं था, क्योंकि निर्धारित सेवाकाल सैल्समैन पद पर 10 वर्षों का अनुभय नहीं था। एवं एक समिति से दूसरी समिति मे जाने का नाथूसर समिति का सहमति प्रस्ताव भी आवेदन पत्र के साथ सलंग्न नहीं था। मूलचन्द सामोता स्क्रीनिंग के लिए निर्योग्य/अपात्र होने के कारण नियमितिकरण की कार्यवाही निरस्त की जाकर, षडयन्त्र में शामिल अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध मामला पुलिस में दर्ज करवाया जावे एवं मूलचन्द सामोता द्वारा अजीतगढ़ समिति से वेतन के रूप में प्राप्त राशी की गणना करवाकर वसूली की कार्यवाही जाने की मांग की है।

## रानोली अटल प्रगति पथ से हटेंगे अतिक्रमण, 7 दिन में कार्रवाई के आदेश

**रानोली।** सार्वजनिक निर्माण विभाग उपखंड दांतारामगढ़ कार्यालय की ओर से रानोली में चल रहा अटल प्रगति पथ निर्माण कार्य के बाद अब अटल पथ के दोनों साइड हो रखे अतिक्रमणों को हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया है। सहायक अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग दांतारामगढ़ ने 4 सितंबर को क्रमांक संख्या 458 के तहत नोटिस जारी करते हुए संबंधित अतिक्रमणकारियों को 7 दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि ग्राम रानोली में अटल प्रगति पथ निर्माण कार्य प्रगति पर है और विभागीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को प्रशासन के सहयोग से पहले ही चिन्हित किया जा चुका है। अधिकारियों ने कहा कि यदि निर्धारित अवधि में चिन्हित अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई करते हुए जबरन अतिक्रमण हटाया जाएगा और निर्माण कार्य में कोई बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि अटल प्रगति पथ को लेकर क्षेत्रवासियों में लंबे समय से उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। विभाग का कहना है कि अतिक्रमण हटते ही कार्य की गति और तेज होगी, जिससे जल्द ही रानोली को सुगम सड़क मार्ग की सुविधा मिल सकेगी।

# विभिन्न मेलों का हुआ आयोजन, सुबह से लेकर शाम तक होते रहे भजनों का कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़(निसं.)** क्षेत्र के विभिन्न गांवो में शनिवार को विभिन्न धार्मिक स्थलों पर बड़े मेलो का आयोजन हुआ जिस कारण सुबह से लेकर देर शाम तक बाहरी भजन कलाकारों द्वारा भजनों का कार्यक्रम आयोजित होता रहा। जानकारी के अनुसार गढटकनेत गांव के मुख्य बस स्टैंड पर स्थित प्राचीन भोमिया जी महाराज के मंदिर में शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया गया था जिसमें शेरों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की थी इस अवसर पर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा एवं अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान शंकरलाल यादव भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे एवं उन्होंने भोमिया जी महाराज की पूजा अर्चना कर मन्नत मांगी थी इस अवसर पर मंदिर कमेटी ने उनका स्वागत किया था जिस कारण शनिवार को इस मंदिर में भोमिया जी महाराज का मेला आयोजित किया गया जिसमें आसपास के सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने मेले का आनंद लिया एवं जमकर खरीदारी की उसके बाद भोमिया जी महाराज के दर्शन कर पूजा अर्चना की इस अवसर पर बाहरी भजन कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों ने भोमिया जी महाराज की तरह-तरह के भजन प्रस्तुत कर उपस्थित सैकडो श्रोताओं को करीब 6 घंटे भजन सुनने को मजबूर कर दिया। इस अवसर पर ग्राम समेत भारतीयों के लोगों ने अपने-अपने घरों में चूरमा बनाकर भोमिया जी महाराज के भोग लगाया एवं जोत ली। तो दूसरी तरफ पिथलपुर ग्राम पंचायत के ग्राम सांवलपुरा शेखावतान मे चारों तरफ अरावली पहाड़ियों व गहरे नाले से घिरा हुआ प्राचीन गुडला वाले हनुमान मंदिर में शुक्रवार की रात बाहरी भजन कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें बरसती बरसात में पूरी रात सैकड़ो की संख्या में श्रोता भजनो का आनंद लेते रहे। मंदिर पुजारी हजारीलाल शर्मा ने बताया कि शनिवार की सुबह से ही मंदिर परिसर में विशाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण एवं महिलाओं ने मेले का आनंद लिया एवं हनुमान जी के दर्शन कार्य पूजा अर्चना की एवं भोग लगाया इस अवसर पर मंदिर परिसर में भजनों का कार्यक्रम आयोजित होता रहा साथ ही बालाजी सेवा समिति हरदासकाबास द्वारा मेले में नया विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पंगत प्रसादी ली इस अवसर पर विभिन्न लोगों ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं शरबत की निशुल्क व्यवस्था की। इस अवसर पर डाकोर धाम के संत राम रतन दास महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए कहा कि हर व्यक्ति भगवान में आस्था रखें साथ ही हर व्यक्ति में भगवान विराजमान रहता है लेकिन वह दिखाई नहीं देता है जिस कारण हर व्यक्ति सुबह में शाम भगवान की पूजा अर्चना कर मंदिरों में जाकर भगवान की आराधना करें ताकि पुण्य की प्राप्ति हो सके एवं शांति मिल सके। इस अवसर पर श्रद्धालु ने मेले में झूलो का आनंद लिया एवं खरीददारी की। जानकारी के अनुसार दोनों मेलों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अजीतगढ़ पुलिस का विशेष जाप्ता तैनात रहा साथ ही कार्यकर्ताओं एवं स्काउट के विद्यार्थियों ने भी मेले में व्यवस्थाओ मैं योगदान दिया।